# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 23, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 398 अंकों की उछाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख से सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 397.74 अंक बढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। } 14

## एआई में अहम भूमिका निभायेगा भारत : वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई बदलाव की यात्रा लंबी है और इसमें भारत अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने पिछले 11 वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक बदल दिया है। } 16



# एक करोड़ के इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी ढेर

❍ झारखंड के पश्चिम सिंहभूम में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ ❍ भारी मात्रा में हथियार बरामद

एजेंसी



चाईबासा। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली नेता अनल दा समेत 15 माओवादी मारे गए। अनल दा पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा इकाई के लगभग 1,500 जवान सारंडा जंगल के कुमडी में किरीबुरु थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में उलझे हैं। पुलिस मुख्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है, हमने माओवादियों के शीर्ष नेता पतिराम माझी उर्फ अनल दा समेत 15 माओवादियों के शव बरामद किए हैं। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। सुबह छह बजे शुरू हुई मुठभेड़ अभी भी जारी है।

उन्होंने बताया कि सारंडा के जंगल में मंगलवार से ही माओवाद विरोधी अभियान चल रहा है, लेकिन गोलीबारी बृहस्पतिवार सुबह शुरू हुई। पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन) माइकलराज एस ने बताया कि पुलिस को सारंडा जंगल में अनल दा और अन्य माओवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया। गिरिडीह जिले का पिरतांड निवासी अनल दा 1987 से सक्रिय था। पुलिस वर्षों से उसकी तलाश कर रही थी। सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सैनिकों को ले जा रहा वाहन खाई में गिरा, 10 की मौत

11 अन्य घायल, प्रधानमंत्री मोदी समेत वरिष्ठ नेताओं ने जताया दुख

एजेंसी




भद्रवाह/जम्मू। सैनिकों को आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए ले जा रहा सेना का एक बख्तरबंद वाहन बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसमें सवार 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर लगभग 9,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित खन्नी टॉप पर उस समय हुआ, जब सेना के बुलेटप्रूफ वाहन कैस्पर के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और यह 200 फुट गहरी खाई में जा गिरा। कैस्पर एक माइन-रेजिस्टेंट एंबुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन है, जिसे सैनिकों को उन संवेदनशील इलाकों से सुरक्षित रूप से गुजरने की सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जहां बारूदी सुरंगें बिछाए जाने या आईईडी (संवर्धित विस्फोटक उपकरण) लगाए जाने की आशंका अधिक होती है। सेना के जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि खराब मौसम में दुर्गम इलाके से गुजरते समय वाहन सड़क से फिसल गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद सेना और पुलिस ने तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया, हालांकि तब तक चार सैनिकों की जान जा चुकी थी और 17 अन्य घायल अवस्था में पाए गए। उन्होंने बताया कि बचाव दल को सेना का वाहन बुरी तरह से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### नीरज घायवान की होमबाउंड ऑस्कर की दौड़ से बाहर

नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता नीरज घायवान की फिल्म होमबाउंड बृहस्पतिवार को ऑस्कर 2026 की दौड़ से बाहर हो गई और इसे सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में नामांकन भी नहीं मिला। बृहस्पतिवार को लॉस एंजिल्स में 98वें ऑस्कर पुरस्कारों के लिए मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने नामांकन की घोषणा की। सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में शामिल 15 फिल्मों में होमबाउंड ने जगह बनायी लेकिन यह फिल्म अंतिम पांच की सूची में जगह नहीं बना सकी और ऑस्कर की दौड़ से बाहर हो गई। निर्माता करण जौहर और अदार पूनावाला की हिंदी भाषा की इस फिल्म को पिछले साल मई में कान फिल्म महोत्सव में खासी सराहना मिली थी। फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म पत्रकार बशारत पीर के न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित लेख टेकिंग अमृत होम से प्रेरित है।

### छत्तीसगढ़ : विस्फोट में छह मजदूरों की मौत

बलौदा बाजार (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक इस्पात संयंत्र में हुए विस्फोट में कम से कम छह मज़दूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी दीपक सोनी ने बताया कि यह घटना बकुलाही गांव में स्थित रियल इस्पात एंड पावर लिमिटेड में सुबह नौ बजकर 40 मिनट पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद फैक्टरी से दूर-दूर तक धुएं का गुबार उठता देखा गया। मजदूरों के शव जली हुई हालत में थे। ज्यादातर मजदूर बिहार व झारखंड के निवासी थे। जिलाधिकारी सोनी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भट्टी से जुड़े डस्ट सेटलिंग चैंबर में विस्फोट के बाद से रिसाव होने लगा।

# सनातन धर्म को कमजोर कर रहे कई कालनेमि

## एक योगी, संत या संन्यासी के लिए राष्ट्र व धर्म से बढ़कर कुछ नहीं होता : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता



सोनीपत/लखनऊ। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण तथा राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रों में लिप्त तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि हमारी बेटियों के साथ किसी तरह का खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों के प्रति समाज को जागरूक रहना होगा तथा इनका प्रतिकार करने के लिए पूज्य साधु-संतों को भी आगे आना होगा। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गुरुवार को हरियाणा के सोनीपत जिले में मुरथल स्थित बाबा नागे वाला धाम में आयोजित नाथ संप्रदाय के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं आठ मान के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने यह भी कहा कि कई कालनेमि धर्म की आड़ में सनातन धर्म को हानि पहुंचा रहे हैं, इनसे भी सतर्क रहना होगा। एक योगी के लिए, एक संत के लिए, एक सन्यासी के लिए, धर्म व राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। यही उसके जीवन का ध्येय होना चाहिए। उसकी व्यक्तिगत प्रॉपर्टी कुछ नही होती। धर्म ही उसकी प्रॉपर्टी है, राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है। अगर कोई राष्ट्रीय स्वाभिमान को चुनौती देता है तो हमें खुलकर उसके सामने आकर खड़े हो जाना चाहिए। ऐसे बहुत कालनेमि होंगे, जो धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिश रच रहे होंगे, हमें उनसे सतर्क रहना होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को पूरी तरह नियंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही डेमोग्राफी बदलने की जो साजिश हो रही है, लव जिहाद के नाम पर हमारी बेटियों के साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है। हम उसे रोकेंगे, पूरी शक्ति से रोकेंगे, जागरूकता से रोकेंगे। समाज के जागरूक लोगों और पूज्य संतों को भी इसके लिए आगे बढ़ना होगा। परिवारों को सुसंस्कृत किया जाएगा। सीएम ने कहा कि याद करिए, वर्ष 2009 में केरल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गांवों में मजबूत हो रहा खेल ढांचा

जिला संवाददाता

मेरठ (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मेरठ के सलवा क्षेत्र में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का दौरा किया और संबंधित संस्थाओं को 31 मई, 2026 तक हर स्थिति में यहां शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के बाद पत्रकारों से कहा कि बीते एक दशक में देश में खेलों को लेकर सोच और व्यवस्था दोनों में बड़ा बदलाव आया है तथा खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट एवं जनप्रतिनिधियों से जुड़ी खेल प्रतियोगिताओं ने युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा पैदा की है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार द्वारा गांव से लेकर जिले तक खेल ढांचे को मजबूत किये जाने का दावा करते हुए कहा कि ग्रामीण खेल लीग और विधायक खेल प्रतियोगिताओं के जरिए प्रतिभाओं को सामने लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ ऐतिहासिक और क्रांतिकारी परंपरा वाला क्षेत्र रहा है और एक जिला, एक उत्पाद जैसी पहल को भी यहां से बल मिला है। उन्होंने कहा कि इसी कारण खेल विश्वविद्यालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुधार कागज पर नहीं जमीन पर दिखने चाहिए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कम्प्लायंस रिडक्शन और डी-रेगुलेशन फेज-दो के तहत किए जा रहे सुधारों की गुरुवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का लक्ष्य नागरिकों और उद्यमियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं, अनुमतियों और निरीक्षणों से राहत देकर भरोसे पर आधारित, पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासन उपलब्ध कराना है।

उन्होंने निर्देश दिए कि हर सुधार का प्रभाव जमीन पर दिखना चाहिए और आम व्यक्ति को यह अनुभव होना चाहिए कि व्यवस्था उसके लिए आसान हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कम्प्लायंस रिफॉर्म्स के पहले फेज में देश में एक मजबूत पहचान बनाई है और अब फेज-दो के माध्यम से इन सुधारों को स्थायी और संस्थागत रूप दिया जाना है। उन्होंने कहा कि यह फेज केवल नियमों में बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली और सोच में परिवर्तन का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डी-रेगुलेशन का अर्थ नियंत्रण समाप्त करना नहीं, बल्कि अनावश्यक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बसंत पंचमी पर भोजशाला में पूजा व नमाज की अनुमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश के धार जिले में स्थित विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद स्थल पर बसंत पंचमी के दिन शुक्रवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने, जबकि मुसलमानों को अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी है।

न्यायालय ने बृहस्पतिवार को यह भी निर्देश दिया कि नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की सूची जिला प्रशासन को दी जाए। हिंदू और मुस्लिम समूहों ने 23 जनवरी शुक्रवार को भोजशाला परिसर में धार्मिक रस्मों के लिए अनुमति ...शेष पृष्ठ 14 पर



उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश में स्थित विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद स्थल पर बसंत पंचमी के दिन शुक्रवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने, जबकि मुसलमानों को अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी है।

## बांग्लादेश ने भारत में खेलने से किया इनकार

स्कॉटलैंड सात से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्डकप के लिए अगला विकल्प

एजेंसी




ढाका। बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था। इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया।

विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा। आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को बृहस्पतिवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है। हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा और स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा। उन्होंने कहा, हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मिर्जापुर में अवैध धर्मांतरण कराने वाला सिपाही गिरफ्तार

जिला संवाददाता



मिर्जापुर। यूपी स्थित मिर्जापुर के जिम में चल रहे धर्मांतरण के खेल में यूपी पुलिस के सिपाही की भी संलिप्पता सामने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आयरन फायर जिम का संचालन सिपाही इरशाद खां की ही निगरानी में होता था। जिसमें इरशाद का शागिर्द फरीद अहमद था। जिसे पुलिस ने सुबह मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ा है।

डीआईजी सोमेन बर्मा ने बताया कि सिपाही इरशाद इस समय माधोसिंह रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में तैनात है। मूल रूप से गाजीपुर के गहमर का निवासी इरशाद खां पिछले कई वर्ष से आयरन फायर जिम का संचालन करता आ रहा है, पर कागजों पर संचालन फरीद अहमद करता था। कागजों पर जिम का मालिक होने के साथ जिम में ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 11.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


❍ माघ मेले में भीड़ नियंत्रण की नयी व्यवस्था (पृष्ठ-02)
❍ उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक में भाजपा का परचम (पृष्ठ-02)
❍ रुपया तीन पैसे सुधरकर 91.62 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
❍ विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किलोमीटर (पृष्ठ-14)
❍ हमारी नीतियां दावोस में चर्चा का विषय (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — लोगों को जाड़े से निजात दिलाने की जतायी प्रतिबद्धता, कहा- सेवा भाव में नहीं आने देंगे कोई कमी

# विराज सागर दास ने राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह










लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गुरुवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे लोगों ने बड़ी सहूलियत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। गुरुवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते दिखे। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का मुक्त कंठ से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर सर्दी से राहत पाई।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने गुरुवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कर्तव्य पथ पर नजर आयेगी बुंदेलखंड की शान, झांकी में दिखेगी विकास की तस्वीर

## कालिंजर दुर्ग से ब्रह्मोस तक, परंपरा और प्रगति के अद्भुत संगम का दिखेगा नजारा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी इस वर्ष भी देश-विदेश के दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तीव्र विकास यात्रा को दर्शाने वाली इस झांकी में बुंदेलखंड की गौरवशाली संस्कृति को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है। झांकी के माध्यम से प्राचीन कालिंजर दुर्ग की ऐतिहासिक गरिमा के साथ-साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश की तेजी से आगे बढ़ती छवि को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है। यह प्रस्तुति योगी सरकार के उस विजन को दशार्ती है, जिसमें विरासत का संरक्षण और विकास का संतुलन समान रूप से महत्वपूर्ण है।

झांकी के अग्रभाग में कालिंजर दुर्ग की प्रसिद्ध शैल-कला कृतियों में से एक एकमुख लिंग को स्थापित किया गया है, जो बुंदेलखंड की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह क्षेत्र की

### आधुनिक उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का होगा प्रदर्शन



धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक पहचान को दशार्ता है। झांकी के मध्य भाग में बुंदेलखंड की जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं, मृद्भांड कला, मनका शिल्प और स्थानीय व्यापार को दशार्या गया है। ये सभी ह्यएक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत आते हैं, जो योगी सरकार द्वारा पारंपरिक कारीगरों को बाजार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में की गई ठोस पहल का प्रमाण हैं। यह हिस्सा बुंदेलखंड की आर्थिक आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान को रेखांकित करता है।

झांकी के पिछले भाग में कालिंजर दुर्ग के नक्काशीदार स्तंभों और भव्य द्वारों को दर्शाया गया है, जहां पर्यटक इसके ऐतिहासिक गलियारों का अनुभव करते हुए नजर आते हैं। साथ ही, नीलकंठ महादेव मंदिर का भव्य स्वरूप कालिंजर की आध्यात्मिक और स्थापत्य विरासत को सुदृढ़ करता है। यह प्रस्तुति बुंदेलखंड को एक प्रमुख सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करती है। बुंदेली कलाकार झांकी में पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत करते हुए क्षेत्र के लोकजीवन, उत्सवधर्मिता और सांस्कृतिक रंगों को जीवंत बनाते हैं। यह दृश्य बुंदेलखंड की जड़ों से जुड़ी जीवनशैली और लोकपरंपराओं को दशार्ता है।

झांकी का अंतिम भाग किले की स्थापत्य शैली से प्रेरित आधुनिक संरचना के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें ब्रह्मोस मिसाइल, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक प्रगति, आधारभूत ढांचा और नवयुगीन निर्माण की झलक दिखाई देती है। यह योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तेज विकास यात्रा, सशक्त रक्षा क्षमता और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर को दर्शाता है। यह झांकी स्पष्ट संदेश देती है कि उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक जड़ों को संजोते हुए आधुनिकता और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बुंदेलखंड की झांकी न केवल क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करेगी, बल्कि यह भी बताएगी कि परंपरा और प्रगति एक साथ चलकर प्रदेश को नए भारत की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं।

# हरिद्वार की धरती से आध्यात्मिक राष्ट्रोत्थान का आह्वान

## गायत्री परिवार के शताब्दी महोत्सव में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह और सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता



**हरिद्वार।** देवभूमि हरिद्वार में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी महोत्सव ने आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण के विचारों को एक नई दिशा दी। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संगठन द्वारा समाज, संस्कृति और राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए युगद्रष्टा आचार्य श्रीराम शर्मा के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सनातन जीवन पद्धति केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी वैश्विक चुनौतियों के समाधान का मार्ग भी प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा ने अध्यात्म को कर्म और समाज से जोड़कर चरित्र निर्माण को राष्ट्रोत्थान की नींव बनाया। व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और प्रेरक हैं। गृह मंत्री शाह ने हम सुधरेंगे, युग बदलेगा के संदेश को लोककल्याण का सूत्र बताते हुए इसे जनचेतना का स्वर बनाने का आग्रह किया।

गृह मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की सोच, कार्यसंस्कृति और आत्मविश्वास में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत, जीवन मूल्यों और आध्यात्मिक शक्ति के बल पर वैश्विक मंच पर नई पहचान गढ़ रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और श्री अरविंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का उत्कर्ष ही संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। हरिद्वार को आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र व्यक्ति के भीतर सद्भाव, राष्ट्रभक्ति और मानव सेवा की चेतना का संचार करता है। उन्होंने युवाओं से आत्मपरिष्कार को जीवन की सर्वोच्च साधना मानने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष के रूप में समाज को नैतिकता, शांति और सकारात्मक सोच की छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी प्राचीन संस्कृति, ज्ञान परंपरा और वैज्ञानिक दृष्टि को आधुनिक संदर्भों में पुनर्जीवित कर रहा है और सनातन मूल्यों का यह व्यापक संदेश विश्व पटल तक पहुंचे, इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गायत्री परिवार आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ सामाजिक समरसता और मानव कल्याण की दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से डॉ. चिन्मय पांड्या ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य समाज से विमुख होना नहीं, बल्कि समाज के बीच रहकर सेवा, सद्भाव और मानवीय उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार मानव जीवन को मूल्यवान बनाते हुए राष्ट्र और विश्व के हित में कार्य करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

# भाजपा अधर्म के रास्ते पर है : अखिलेश

## जनेश्वर मिश्र को सपा अध्यक्ष ने पुष्पांजलि की अर्पित

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अधर्म के रास्ते पर है। शंकराचार्य और साधु-संतों को गंगा स्नान से रोका जाना सबसे बड़ा अधर्म है। भाजपा शंकराचार्य और साधु संतों को अपमानित कर रही है। सनातन धर्म का अपमान कर रही है। इस पाप की भागीदार भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पूरा सम्मान होना चाहिए। शंकराचार्य के पक्ष में पूरे देश के साधु-संत और सनातन धर्म के लोग खड़े हैं। सरकार अधिकारियों पर दबाव डालकर शंकराचार्य को नोटिस भेजवा रही है। उन्हें गंगा स्नान से रोका गया। इससे बड़ा अधर्मी काम कोई नहीं हो सकता। शंकराचार्य को स्नान से रोकना। उन्हें नोटिस देना। शंकराचार्य और उसके सहयोगी साधु-संतो के साथ दुव्यर्वहार उनकी चोटी खीचना बहुत बड़ा अपमान हुआ।

सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क



में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अगर किसी साधु-संत और शंकराचार्य का अपमान करेगी तो सपा पार्टी उसके विरोध में खड़ी रहेगी। इस दौरान जनेश्वर मिश्र की पुत्री-दामाद मीना तिवारी एवं चंद्र शेखर तिवारी ने अखिलेश यादव को कैलेंडर-डायरी भेंट की। ट्रस्ट के सभी सदस्यों को भी यह भेंट दी गई। इस अवसर पर छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों तथा अन्य राज्यों में सपा द्वारा श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व एवं समाजवादी आंदोलन में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। श्रद्धांजलि सभा के बाद जब अखिलेश यादव वापस लौटने लगे तब उन्होंने पार्क के एक हिस्से में बड़ी संख्या में बच्चों की भीड़ देखकर गाड़ी रोक दी और पैदल ही उनके बीच पहुंच गये। बच्चे स्प्रिंग डेल स्कूल, कानपुर रोड ब्रांच के थे। उन्होंने बच्चों को बिस्कुट दिए। नन्हें-मुन्ने बच्चें और अध्यापिकाएं अपने बीच अखिलेश यादव को पाकर प्रसन्नता से फूले नहीं समा रहे थे। अखिलेश ने कहा पार्क में जब पिकनिक मनाते हंसते-गाते बच्चों से मिला, तो लगा हमने खुशियों के फूल खिलाने के लिए जनेश्वर मिश्र पार्क के रूप में जो कोशिश की थी, वो सफल रही। बच्चे परिवार की बगिया के फूल होते हैं अगर भाजपा सरकार बच्चों के झूलों का मन से रख-रखाव करती और बोटिंग बंद न करती तो बच्चे और प्रसन्न होते।

# उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड में भाजपा ने लहराया परचम

- 75 जिलों में स्थित 323 शाखाओं में से 309 में पार्टी अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष निर्वाचित
- 06 स्थानों पर चुनाव स्थगित हुआ जबकि 08 स्थानों पर अभी चुनाव होना शेष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के चुनाव में भाजपा ने पूरे प्रदेश में अपना परचम लहराते हुए निर्णायक विजय हासिल की है। प्रदेश के 75 जिलों में स्थित 323 शाखाओं में से 309 शाखाओं में भाजपा के द्वारा अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। यह प्रचंड जीत प्रदेश की सहकारी संस्थाओं में भाजपा की जनविश्वसनीयता, पारदर्शी कार्यसंस्कृति और सुशासन की स्पष्ट मुहर है। 06 स्थानों पर चुनाव स्थगित हो गया है जबकि 08 स्थानों पर अभी चुनाव होना है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सभी निर्वाचित अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि सहकारिता के क्षेत्र में सुधार, ईमानदारी और विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने, किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस और पारदर्शी कदम उठाये हैं। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय सहकारी संस्थाएं भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अनियमितताओं का अड्डा बन चुकी थीं। विपक्षी दलों ने सहकारिता को अपने निजी स्वार्थ और राजनीतिक संरक्षण का माध्यम बनाया, जिससे किसानों और लाभार्थियों का विश्वास टूटता गया। भाजपा ने सत्ता में आते ही इन संस्थाओं को भ्रष्टाचार से मुक्त कर, जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की, जिसका परिणाम आज इस ऐतिहासिक जनादेश के रूप में सामने है।

उन्होंने विश्वास जताया कि नव-निर्वाचित अध्यक्ष सहकारी ग्राम विकास बैंकों को किसानों, ग्रामीण युवाओं और जरूरतमंदों के लिए सशक्त माध्यम बनाएंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि के संकल्प को धरातल पर उतारेंगे।



# आरडब्ल्यूए के प्रबुद्ध मतदाता तय करते हैं देश की राजनीतिक दिशा : राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरुवार को वृंदावन योजना अंतर्गत इब्राहिमपुर द्वितीय एवं खरिका द्वितीय वार्ड के हाई-राइज अपार्टमेंट्स के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। एसकेडी अकेडमी ऑडिटोरियम में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान एसआईआर प्रक्रिया, नव मतदाता पंजीकरण, एवं मतदाता स्थानांतरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि, राष्ट्र को दिशा देने की जिम्मेदारी प्रबुद्ध मतदाताओं पर है। उन्होंने बताया जहां ग्रामीण मतदाता आज भी बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को ध्यान में रखकर मतदान करते हैं, वहीं आरडब्ल्यूए और हाई-राइज अपार्टमेंट्स के प्रबुद्ध मतदाता अपने मताधिकार से ग्रीन एनर्जी, एनवायरमेंट और विदेश नीति जैसे दूरगामी राष्ट्रीय व वैश्विक विषयों को प्रभावित करते हैं। वे मतदान करते समय ट्रेड वार, टैरिफ वार जैसे ग्लोबल विषयों से देश को पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय हितों से भटकाने वाली, जाति और भाषा की राजनीति करने वाले राजनीति को सत्ता से दूर रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी आरडब्लूए क्षेत्रों के जागरूक मतदाताओं पर है। विधायक ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे, ये राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

# आयुष्मान भारत योजना में डिजिटल नवाचार सराहा जा रहा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत योजना में डिजिटल नवाचार और सोशल मीडिया के जरिये जन-जन तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार की सराहना अन्य राज्यों में भी हो रही है। इसका ताजा उदाहरण ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयुष्मान भारत योजना पर आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में देखने को मिला। इस शिविर का मकसद आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा और देशभर के राज्यों के बीच सफल मॉडल व श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिस) को साझा करना रहा। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की ओर से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत ओडिशा सरकार के सहयोग से किया गया।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर विस्तार से चर्चा की गयी।

चिंतन शिविर में उत्तर प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत डिजिटल नवाचारों के प्रभावी उपयोग के लिए विशेष रूप से सराहा गया। लाभार्थियों में जागरूकता बढ़ाने, जानकारी तक आसान पहुंच बनाने और सेवाओं का लाभ सरल तरीके से दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए डिजिटल प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की गई।

पहले कई बार लाभार्थियों को अस्पताल खोजने, सही जानकारी पाने या सेवाओं तक पहुंच बनाने में कठिनाई होती थी। इसे दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश की स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) ने कई डिजिटल और सूचना-शिक्षा-संचार पहलें शुरू कीं, जिनका सीधा असर लाभार्थियों के अनुभवों से दिखाई देता है। एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि डिजिटल नवाचार में आयुष्मान सारथी मोबाइल एप्लिकेशन प्रमुख है, जो लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पताल खोजने की सुविधा देता है।

ऐप के माध्यम से लोग अपने आसपास के पैनल अस्पतालों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में लाभार्थियों के सवालों का त्वरित जवाब देने के लिए आयुष एआई चैटबॉट भी अहम भूमिका निभा रहा है। इस चैटबॉट ने 15,000 से अधिक लाभार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर हेल्पडेस्क या प्रत्यक्ष सहायता पर निर्भरता को काफी कम किया है। वहीं, ओपीडी सेवाओं को अधिक सहज बनाने के लिए आयुष्मान संपर्क प्लेटफॉर्म को ओपीडी अपॉइंटमेंट बुकिंग सिस्टम के रूप में शुरू किया गया, जिसके जरिए 600 से अधिक अपॉइंटमेंट्स बुक किए जा चुके हैं। इससे बाह्य रोगी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है और अनावश्यक दौड़-भाग भी कम हुई है। उत्तर प्रदेश ने नवाचारी आईईसी (इन्फार्मेशन, एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन) सामग्री भी विकसित की है। इनमें आयुषमैन सुपरहीरो कॉमिक्स विशेष रूप से चर्चा में रही, जिसके जरिए आम लोगों तक योजना की जानकारी सरल भाषा और रोचक अंदाज में पहुंचाई जा रही है। आयुष्मान संपर्क के माध्यम से बुक किए गए कुल ओपीडी अपॉइंटमेंट्स में से 42 प्रतिशत अपॉइंटमेंट्स 50 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की ओर से किए गए।

इस अवसर पर हेल्थ बेनिफिट पैकेज मैनुअल और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत श्रेष्ठ प्रयासों/कार्यों का संकलन भी लांच किया गया। साथ ही, साझेदार संस्थानों के साथ कई समझौता पत्रं (एमओयू) का आदान-प्रदान भी हुआ।

# गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता न हो

## धर्मपाल सिंह ने 14 जनपदों में 18 नवनिर्मित वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश के 14 जिलों के 18 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। इसके तहत मिजार्पुर में 03, बरेली एवं कानपुर देहात में 02-02 तथा आजमगढ़, कासगंज, उन्नाव, बुलंदशहर, श्रावस्ती, अम्बेकरनगर, बाराबंकी, सुलतानपुर, फिरोजाबाद, रायबरेली एवं बदायूं में 01-01 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इन 18 गो संरक्षण केन्द्रों की कुल निर्माण लागत रुपए 28 करोड़ 82 लाख है। प्रत्येक केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह ने सम्बंधित जिलों के ग्रामप्रधानों, मुख्य



पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। निराश्रित गोवंश के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश एवं दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था हो।

प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 630 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके सापेक्ष 421 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 410 वृहद गोसंरक्षण केंद्र क्रियाशील किए जा चुके है। प्रत्येक वृहद गोसंरक्षण केंद्र की गोवंश धारण क्षमता 400 गोवंश तथा इकाई निर्माण लागत 160.12 लाख है। प्रदेश में 0.5 हे. भूमि पर स्थायी गोआश्रय स्थल बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अभूतपूर्व तथा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। संरक्षित गोवंशो के भरण-पोषण के लिए शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान डीबीटी द्वारा दिसम्बर, 2025 तक किया जा चुका है। गो-संरक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आर्थिक उन्नति के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

वर्तमान में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में 6503 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 421 वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 259 कांजी हाऊस एवं शहरी क्षेत्र में 314 कान्हा गो आश्रय स्थल सहित कुल 7497 गो आश्रय स्थलों में 1238447 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत 113631 इच्छुक लाभार्थियों को 181418 निराश्रित गोवंश सुपुर्द किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्द गोवंशों तथा गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण पर प्रतिदिन लगभग 6.5 करोड़ रुपये व्यय किया जा रहा है।

# स्वयं सहायता समूहों से जोड़े जायेंगे राशन कार्डधारक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को विकास की धुरी बनाया जा रहा है। स्टार्ट-अप फंड, रिवॉल्विंग फंड और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के जरिए महिलाओं को आर्थिक संबल देकर प्रदेश को नए ग्रोथ इंजन की दिशा में आगे बढ़ाने की तैयारी है। इसी क्रम में पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारक एवं अंत्योदय कार्डधारकों के करीब दो लाख लाभार्थी परिवारों को समूहों से जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को समूह सखी, बैंक सखी, ड्रोन सखी और आजीविका सखी जैसी जिम्मेदार भूमिकाएं दी जाएंगी। इससे जहां महिलाओं की आय बढ़ेगी, वहीं सरकारी योजनाओं का लाभ भी गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा।

# प्रदेश में एमओयू से ग्राउंड ब्रेकिंग तक ऐतिहासिक प्रगति

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश में एमओयू से ग्राउंड ब्रेकिंग तक ऐतिहासिक प्रगति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने बीते पौने नौ वर्षों में विकास की वह यात्रा तय की है, जो वर्ष 2017 से पहले कल्पना से परे थी। एक समय निवेशकों के लिए अविश्वसनीय माना जाने वाला प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन चुका है। वर्ष 2018 की पहली इन्वेस्टर्स समिट से लेकर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक योगी सरकार ने निवेश को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ग्राउंड ब्रेकिंग और क्रियान्वयन के मजबूत मॉडल के जरिए उसे धरातल पर उतारा।

प्रदेश में अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली 16 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है, जिनमें से हजारों परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से संचालित होकर लाखों युवाओं को रोजगार दे रही हैं।

प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान, डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर नीति, आईटीझ्रआईटीईएस, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में किए गए सुनियोजित प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से निकालकर भारत के औद्योगिक विकास का अगुआ बना दिया है। कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णयों के साथ योगी सरकार ने यह साबित किया है कि उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का नहीं, बल्कि संभावनाओं को परिणाम में परिवर्तित करने वाला राज्य है।

वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान कमजोर कानून-व्यवस्था, निवेशकों की उदासीनता और अधूरी परियोजनाओं से जुड़ी थी। उद्योग लगाने में वर्षों लग जाते थे, फाइलें दफ्तरों में अटकी रहती थीं और रोजगार की तलाश में युवा प्रदेश से बाहर पलायन करने को मजबूर थे। इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक पार्क और आधुनिक लॉजिस्टिक्स की कमी ने राज्य की अर्थव्यवस्था को जकड़ रखा था। वर्ष 2017 में सत्ता संभालते ही योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और गुड गवर्नेंस को प्राथमिकता दी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, इन्वेस्ट यूपी और निवेश सारथी जैसे प्लेटफॉर्म्स ने निवेशकों का भरोसा लौटाया। वर्ष 2018 की इन्वेस्टर्स समिट से शुरू हुई यह यात्रा 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों तक पहुंची है और अब भी निरंतर जारी है। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि निवेश सिर्फ एमओयू तक सीमित नहीं रहे।

देश के 65% से अधिक मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बन रहे हैं और लखनऊ-नोएडा जैसे शहर उभरते टेक हब बन चुके हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ उत्तर प्रदेश ने योजना, भूमि उपयोग और परियोजना क्रियान्वयन को एकीकृत किया। एक्सप्रेसवे-आधारित औद्योगिक क्लस्टर, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब, ट्रांस-गंगा सिटी और ग्रेटर नोएडा निवेश क्षेत्र ने राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर-ड्रिवन इकोनॉमी की दिशा में अग्रसर किया। जिला स्तर तक डेटा-आधारित योजना आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी है। बुंदेलखंड, पूर्वांचल व तराई क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों की स्थापना साबित करती है कि सरकार का विकास मॉडल केवल पश्चिमी यूपी तक सीमित नहीं।

# माघ मेले में भीड़ नियंत्रण की नयी व्यवस्था

## श्रद्धालुओं का 24 घाटों पर होगा पुण्य स्नान

**प्रयागराज।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर आयोजित माघ मेले के चौथे स्नान पर्व बसंत पंचमी को सकुशल और सुरक्षित संपन्न कराने की मेला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी की जा चुकी है। बसंत पंचमी और अचला सप्तमी के आसपास पड़ने की वजह से संगम में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और रूट डाइवर्जन की व्यवस्था लागू की है। बसंत पंचमी, अचला सप्तमी और सप्ताहांत के चलते 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है।

संगम किनारे चल रहे माघ मेले का चौथा स्नानपर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी को है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि गुरुवार की रात 2.28 बजे से पंचमी तिथि लग जाएगी जो अगले दिन 23 जनवरी को रात 1.56 तक रहेगी। इस पुण्य काल में श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगाकर पीले अन्न, पीले वस्त्र का दान आदि कर सकते हैं। 25 जनवरी को अचला सप्तमी का पर्व है जिसे पुत्र सप्तमी या भानु सप्तमी भी कहा जाता है। इस दिन अन्न भंडारे की परम्परा है। इस दौरान 24 जनवरी को सप्ताहांत दिवस के चलते तीनों दिन माघ मेला क्षेत्र में भीड़ रहेगी। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि मौनी अमावस्या के बाद बसंत पंचमी में सबसे अधिक श्रद्धालुओं के संगम में पुण्य की डुबकी लगाने का प्रशासन का अनुमान है। बसंत पंचमी से लेकर अचला सप्तमी तक 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगा सकते हैं। मेला क्षेत्र में 3.5 किमी लंबाई में बनाए गए 24 घाट तैयार हैं। घाटों की सफाई व्यवस्था, नदियों में निर्मल जल की उपलब्धता से लेकर सभी बुनियादी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ने के साथ ही उन्हें सकुर्लेट करने के लिए पांटून पुलों में भी खास व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत परेड से झूसी जाने के लिए पांटून पुल संख्या- 3, 5 और 7 का उपयोग आगंतुक कर सकते हैं जबकि झूंसी से परेड आने के लिए पांटून पुल संख्या 4 और 6 रहेंगे। आपात स्थिति के लिए बनाए गए पांटून पुल संख्या 1 और 2 में भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। बसंत पंचमी पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय का कहना है कि भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, घाट सुरक्षा एवं निकासी व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। माघ मेला से संबंधित वाहनों को छोड़कर भारी और हल्के वाहनों को प्रयागराज जिले की सीमा में प्रवेश से पहले ही दूसरे मार्गों पर मोड़ दिया जाएगा। इसके लिए रूट डाइवर्जन व्यवस्था लागू की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बसंत पंचमी स्नान पर्व पर 23 जनवरी को नया यमुना पुल बंद रहेगा। पुराने पुल से ही आवागमन हो सकेगा।

# उत्तर प्रदेश ने एस्सार समूह के साथ किया 25,000 करोड़ का समझौता

## स्वच्छ ऊर्जा, जीसीसी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कई बड़े समझौतों पर मुहर

**लखनऊ।** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के चौथे दिन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में निवेश की संभावनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की। वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ रणनीतिक वार्ताओं के बाद, कई महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और भविष्य-उन्मुख औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करना है।



उत्तर प्रदेश और एस्सार समूह के साथ 25,000 करोड़ रुपये का एमओयू समझौता रहा, जो डब्ल्यूईएफ दावोस में उत्तर प्रदेश की ओर से प्राप्त सबसे बड़े निवेश प्रतिबद्धताओं में से एक है। प्रस्तावित निवेश पावर एवं ऊर्जा प्रणालियों, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग, तथा डेटा सेंटर जैसे उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों में किया जाएगा, जो कि मजबूत अवस्थापना और अगली पीढ़ी के डिजिटल इकोसिस्टम के भारत के विजन के अनुरूप है। इस साझेदारी से ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती, सप्लाई चेन की दक्षता में वृद्धि और बड़े स्तर पर औद्योगिक विस्तार के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। डिजिटल अर्थव्यवस्था को और मजबूती देते हुए एसए टेक्नोलॉजीज ने इन्वेस्ट यूपी के साथ 200 करोड़ रुपये के करार पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत राज्य में एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित किया जाएगा। यह जीसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उन्नत आईटी सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन समाधान और नवाचार-आधारित क्षमता निर्माण में सहयोग करेगा, साथ ही युवाओं के लिए उच्च-मूल्य रोजगार के अवसर तैयार करेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल के तहत एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ नवीकरणीय ऊर्जा एवं ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के विकास हेतु गैर-वित्तीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारत के ऊर्जा संक्रमण और सतत विकास एजेंडे के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में प्रदेश का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल दावोस के दौरे पर है। दिनभर चले विभिन्न सत्रों में प्रतिनिधिमंडल ने एआई और डिजिटल नवाचार, ग्रीन हाइड्रोजन, वैश्विक वित्त, उन्नत विनिर्माण, अवसंरचना विकास, क्लीन-टेक और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक संगठनों के साथ रणनीतिक साझेदारी पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ।

प्रमुख बैठकों में इलेवनलैब्स, एस्सार कैपिटल एडवाइजरी इंडिया, वेरडेगी, एचसीएल टेक, आरएमजेड इंफ्रास्ट्रक्चर, मार्श मैकलेनन, एजिलेंट, ब्लैकरॉक, इनविज़िबल टेक्नोलॉजीज, इंडियन ऑयल, गावीइड वैक्सीन अलायंस, गूगल, बीसीजी (बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप), टॉपसो और मार्लन स्पेस सहित अन्य संगठनों के साथ संवाद शामिल रहा।

# हुसैनाबाद फूड कोर्ट सील, 22 फरवरी से खुलेगा हुसैनाबाद म्यूजियम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित फूड कोर्ट को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरूवार को सील कर दिया। फूड कोर्ट को संचालित करने वाली निजी संस्था ने लीज की निर्धारित धनराशि जमा नहीं की थी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निरीक्षण में वित्तीय अनियमित्ता उजागर होने पर संस्था को नोटिस जारी करने के साथ ही फूड कोर्ट को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने हुसैनाबाद में फूड कोर्ट का निर्माण लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से कराया है। बिल्डिंग के भूतल पर 06 दुकानें व प्रथम तल पर 02 बड़े रेस्टोरेंट निर्मित हैं। प्राधिकरण ने फूड कोर्ट को आरएफपी के माध्यम से मेसर्स अमरावती इंटरप्राइजेज को संचालन व अनुरक्षण के लिए लीज पर दिया है। जिसके हैंडओवर की प्रक्रिया 07 दिसम्बर, 2024 को की गयी थी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि निर्धारित नियम व शर्तों के अनुसार संस्था को प्रतिवर्ष लगभग 75 लाख रुपये प्राधिकरण के कोष में जमा करने हैं। लेकिन, संस्था की ओर से वित्तीय अनियमित्ता करते हुए लीज की पूर्ण धनराशि जमा नहीं करायी गयी। गुरूवार को फूड कोर्ट के निरीक्षण के दौरान समीक्षा की गयी तो पता चला कि संस्था को लगभग 1 करोड़ 15 लाख 92 हजार रुपये जमा कराने थे। जिसके सापेक्ष मात्र 22 लाख 50 हजार रुपये ही जमा कराये गये और लगभग 93 लाख रुपये की धनराशि बकाया है। इस पर संस्था के खिलाफ नोटिस जारी की गयी है। साथ में बकाया धनराशि जमा होने तक फूड कोर्ट को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया है। सीलिंग के चलते सभी फूड कोर्ट में संचालित दुकानों और व्यावसायिक गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। लखनऊ के हुसैनाबाद में तैयार हो रहा म्यूजियम अगले महीने से लोगों के लिए खुल जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने म्यूजियम को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को निमार्णाधीन म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि 22 फरवरी तक समस्त अवशेष कार्य पूर्ण करा लिये जाएं, जिसके बाद म्यूजियम को लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। यह म्यूजियम लखनऊ में आने वाले पर्यटकों के लिए बेहद खास होगा और लोग यहां लखनऊ के अलावा प्रदेश के प्रमुख स्थानों व महत्वपूर्ण धरोहरों के बारे में जानकारी जुटा सकेंगे।

**डालीगंज चौराहे की री-मॉडलिंग में देरी पर फटकार :** उपाध्यक्ष ने डालीगंज चौराहे की री-मॉडलिंग के कार्य का भी मुआयना लिया। निरीक्षण में काम की प्रगति धीमी पायी गयी, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए एक महीने के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अवधि में काम पूरा न होने पर संस्था के खिलाफ जुमार्ना लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

**सूरजकुंड पार्क का होगा सुंदरीकरण, लगेगा म्यूजिकल फाउंटेन :** डालीगंज स्थित सूरजकुंड पार्क के सुंदरीकरण और म्यूजिकल फाउंटेन की स्थापना पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। योजना के तहत पार्क में आधुनिक म्यूजिकल फाउंटेन के साथ आकर्षक लाइटिंग और स्पार्गो (फव्वारा प्रणाली) को और खूबसूरत बनाया जाएगा। अवस्थापना के मद से यह कार्य कराए जाएंगे। रंग-बिरंगी लाइटों के बीच संगीत की धुनों पर थिरकते पानी के फव्वारे दर्शकों को एक अलग ही अनुभव देंगे। यह व्यवस्था बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए मनोरंजन का साधन बनेगी।

# गोसाईंगंज व काकोरी में 07 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, अलीगंज में 04 निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को गोसाईंगंज व काकोरी में अभियान चलाकर लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 07 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। वहीं, अलीगंज व मड़ियांव में मानकों के विपरीत किये जा रहे 04 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2, जोन-3 एवं जोन-4 की टीम ने यह कार्रवाई की।




प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि गोसाईंगंज के ग्राम-सोनई कजेहरा में विकास जायसवाल, रामेश्वरम, दानिश, अनुराग, अन्नू व अन्य द्वारा लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थीं। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि काकोरी के ग्राम-भदोई में अभियान चलाया गया। इस दौरान वीरेन्द्र, श्री प्रकाश, हीरालाल, सोहतम मौर्या, सुभाष, राम अवतार व अन्य की ओर से लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 05 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि एसएन सिंह की ओर से अलीगंज के बड़ा चांदगंज में 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह गोपाल जायसवाल, मोहम्मद मुनीर, राकेश अग्रवाल व अन्य द्वारा मड़ियांव के भगवती विहार में 380, 200 एवं 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्डों पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन चारों अवैध निमार्णों को सील कर दिया गया।

# पेयजल पाइपलाइनों की जांच करायें, शिकायतों का हो समाधान

## महापौर सुषमा खर्कवाल ने दिए निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में पेयजल और सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को ऐशबाग स्थित जलकल विभाग के मुख्यालय में समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने ने निर्देश दिए कि शहर में पेयजल और सीवर से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए उनका जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद अजय दीक्षित, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता, जूनियर इंजीनियर (जेई) सहित जलकल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



महापौर ने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें और टूटे हुए सीवर के ढक्कनों को चिन्हित करें।

ऐसे सभी ढक्कनों को तत्काल बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आमजन की सुरक्षा बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां सीवर लाइन में लीकेज की समस्या है, वहां तुरंत मरम्मत कराई जाए, ताकि गंदगी, जलभराव और संक्रमण की संभावनाओं को खत्म किया जा सके। पेयजल व्यवस्था को लेकर भी महापौर ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की सभी पेयजल पाइपलाइनों की जांच कराई जाए और यदि कहीं भी लीकेज पाया जाए तो उसे तत्काल प्रभाव से दुरुस्त कराया जाए। इसके अतिरिक्त, महापौर ने शहर में लगाए गए सबमर्सिबल पंपों को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इन स्थानों पर पानी की बबार्दी न हो। यदि कहीं नल खराब हैं या रिसाव हो रहा है, तो उन्हें तुरंत बदला जाए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके और अनावश्यक जल बबार्दी को रोका जा सके। बैठक के दौरान अधिकारियों ने महापौर को विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी।




# व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की इकाई पंडित केदारनाथ (पाधा जी) कोयला मंडी ऐशबाग के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। डॉ. शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा संभव है। उन्होंने व्यापारियों से एकजुट होकर ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ व्यापार करने का आह्वान किया। नवगठित इकाई के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र को पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र, माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारी समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। साकेत अध्यक्ष, मोहित गोयल वरिष्ठ मंत्री बने मुख्य अतिथि ने नवगठित इकाई के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसमें अध्यक्ष साकेत शर्मा, वरिष्ठ महामंत्री अखिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ब्रह्म द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ. गौरव प्रशांत अग्रवाल, सरवन वर्मा, गुलशेर आजाद, महामंत्री अतुल पाल, वरिष्ठ मंत्री मोहित गोयल, मंत्री शफीक अहमद, आकाश अग्रवाल, रामजी गुप्ता, वरिष्ठ प्रचार मंत्री हरीश कनौजिया एवं प्रचार मंत्री अनुज जायसवाल ने शपथ ली।

# प्रतिबंधित पॉलिथीन और अतिक्रमण के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई

**लखनऊ।** नगर निगम के अलग-अलग जोनों में गुरुवार को कई इलाकों में अतिक्रमण विरोध अभियान चलाया। इस दौरान विरोध के बीच करीब 100 कब्जे हटाए गए। प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई और जुर्माना वसूला गया। जोन एक के जोनल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि विधान सभा से चारबाग तक तथा नरही सब्जी मंडी से राणा प्रताप मार्ग पर यूपीटेक चौराहा और वहां से श्रीराम टावर तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान 20 से अधिक ठेले-गुमटी हटवाए गए। नगर निगम जोन तीन के जोनल अधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि अलीगंज में आंचलिक विज्ञान केंद्र से पुरनिया चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 15 अवैध दुकानें एवं एक पान की गुमटी हटाई गई। अभियान में 11 टेडीवियर, चार कंबल, एक ठेला, चार तराजू, 10 रजाई के खोल, पांच गुलदस्ते एवं आठ गमला स्टैंड जब्त किए गए। जोन तीन के जोनल सिनेटरी अधिकारी मनोज यादव ने बताया कि अलीगंज में केंद्रीय भवन से पुरनिया चौराहा, गौशाला रोड तथा जानकीपुरम थाना रोड तक प्रतिबंधित पॉलिथीन की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान गंदगी फैलाने वालों के 15 चालान काटे गए और 9,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर 19 चालान काटे गए और 26,900 रुपये जुर्माना वसूला गया। जोन आठ की टीम ने बंगला बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान गंदगी फैलाने वालों और प्रतिबंधित पॉलिथीन को लेकर 12900 रुपये जुर्माना वसूला गया।

# सीएम ग्रिड फेस-2 परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**लखनऊ।** शहर में सीएम ग्रिड फेस-2 परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का गुरुवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निरीक्षण किया। विभूति खंड थाना के निकट सीएम ग्रिड फेस-2 परियोजना का काम चल रहा है। परियोजना के तहत लगभग 3 किलोमीटर लंबा स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम, सीवर लाइन, इलेक्ट्रिकल डक्ट, वाटर सप्लाई लाइन तथा सुव्यवस्थित फुटपाथ का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने नगर आयुक्त को जानकारी दी कि परियोजना के शुरूआती चरण में 300 मीटर लंबा एक सैंपल स्ट्रेच सफलतापूर्वक तैयार किया जा चुका है, जिसमें स्ट्रॉम वाटर लाइन, सीवर लाइन, इलेक्ट्रिकल डक्ट और वाटर लाइन की स्थापना पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही उक्त क्षेत्र में फुटपाथ निर्माण कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है।



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फुटपाथ निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक पैदल आवागमन की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी सीवर लाइनों को ट्रंक लाइन से अनिवार्य रूप से जोड़ने के स्पष्ट निर्देश दिए, जिससे भविष्य में जलभराव, सीवर ओवरफ्लो और जल निकासी की समस्याओं से बचा जा सके। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि सीएम ग्रिड फेस-2 परियोजना शहर के स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि जल निकासी, स्वच्छता, विद्युत संरचना और नागरिक सुविधाओं का भी समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता से कोई समझौता न करने और सभी कार्यों को तकनीकी मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा, अधिशासी अभियंता जोन-4 अतुल मिश्रा सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गल्लामंडी से नई सड़क चौराहा विरोध के बीच हटा अतिक्रमण

**मलिहाबाद।** कस्बे में गुरुवार को गल्लामंडी से नई सड़क चौराहा तक नगर पंचायत की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बुल्डोजर की मदद से फुटपाथ पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया और दुकानों के बाहर रखा गया सामान जब्त किया गया।

कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। व्यापारियों का आरोप था कि उन्हें पूर्व में कोई नोटिस नहीं दिया गया और अचानक पहुंचकर उनके सामान को तोड़ा गया। कुछ व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि एक दुकानदार द्वारा किए गए अतिक्रमण को कार्रवाई से बचाया गया। इस पर अधिशासी अधिकारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि संबंधित दुकानदार ने स्वयं शुक्रवार तक अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाने को लेकर समय-समय पर मुनादी कराई जाती रही है, लेकिन दुकानदारों की ओर से निर्देशों का पालन नहीं किया गया, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जाम के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी होती थी और कई बार मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती थी, जिससे मरीजों की हालत बिगड़ने की आशंका बनी रहती थी। गुरुवार को नगर पंचायत की टीम बुल्डोजर और पुलिस बल के साथ कस्बे में पहुंची, जिससे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई।

डाकघर से गल्लामंडी चौराहा तक दुकानों के बाहर फैले अतिक्रमण को बुल्डोजर से हटाया गया और सामान जब्त किया गया।

# राजधानी में बदलेगा मौसम, आंधी और बारिश का अलर्ट

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में के 25 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, 23 जनवरी से 25 जनवरी के बीच बारिश होने की प्रबल संभावना है। पहाड़ों पर एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर मैदानी इलाकों में भी दिखाई देगा। इससे तापमान में गिरावट आएगी। राजधानी लखनऊ में हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी वाली हवाओं के कारण यह बारिश होगी। लखनऊ के अलावा पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में भी मौसम बदलेगा। शुक्रवार को पहाड़ों पर भारी बर्फबारी होगी, जिसका सीधा असर मैदानी इलाकों के तापमान पर पड़ेगा, जिससे ठंडक एक बार फिर बढ़ सकती है।

# एलडीए के जोनल अधिकारियों के जोन में फेरबदल

**लखनऊ।** शहर में अवैध निर्माणों पर लगातार मिल रही शिकायतों व अंकुश न लगने पर गुरुवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रवर्तन में नए सिरे से अफसरों के काम में बदलाव किए हैं। जोनल अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव करते हुए नए अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। नये आदेशो के तहत ओएसडी देवांश त्रिवेदी को जोन एक, ओएसडी रवि नंदन सिंह को जोन दो, ओएसडी संगीता राघव को जोन तीन, एसडीएम विराग करवरिया को जोन चार, ओएसडी वंदना पांडेय को जोन पांच, नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह को जोन छह व उपसचिव माधवेश कुमार को जोन सात के जोनल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# स्वच्छ वायु व कचरा प्रबंधन पर आधारित पर्यावरण कैलेंडर का विमोचन

**लखनऊ।** चिंतन पर्यावरण अनुसंधान एवं कार्य समूह ने लखनऊ नगर निगम के सहयोग से वर्ष 2026 के पर्यावरण कैलेंडर का विमोचन गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में किया। इस कैलेंडर का विमोचन महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। इस अवसर पर गौरव कुमार, नगर आयुक्त, लखनऊ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु, कचरा प्रबंधन तथा नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। इस कैलेंडर की विशेषता इसमें शामिल विद्यालयी विद्यार्थियों की ओर से बनाई गई सुंदर एवं रचनात्मक कलाकृतियां हैं, जो पर्यावरण के प्रति बच्चों की सोच और संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। इस अवसर पर महापौर ने इन विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

# गारमेंट इंडस्ट्री का नया केंद्र होगा यमुना एक्सप्रेस-वे

## अपैरल पार्क में सौ निर्यात आधारित इकाइयों का होगा ठिकाना




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र को निर्यात आधारित औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-29 में 175 एकड़ में अपैरल पार्क विकसित किया जा रहा है।

यह परियोजना प्रदेश को गारमेंट इंडस्ट्री के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। अपैरल पार्क के विकास से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उनके सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। यह परियोजना प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप है। राज्य सरकार के मेक इन यूपी और भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल अभियानों को भी मजबूती मिलेगी।

सेक्टर-29 का अपैरल पार्क विशेष रूप से रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी निर्यात इकाइयों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यहां लगभग 100 उत्पादन आधारित इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जो घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए भी परिधान तैयार करेंगी।

अपैरल पार्क को क्लस्टर मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जिससे कि उद्योगों को साझा सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। अपैरल पार्क की लोकेशन को रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह क्षेत्र यमुना एक्सप्रेस-वे से सीधे जुड़ा हुआ है और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास स्थित है। एयरपोर्ट के संचालन के बाद गारमेंट उत्पादों के निर्यात को नई गति मिलेगी।

दिल्ली-एनसीआर से निकटता के कारण लॉजिस्टिक्स से जुड़ी लागत कम होगी और निर्यातकों को समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलेगी, जो निर्यातकों के लिए बहुत जरुरी है। परियोजना के अंतर्गत अपैरल पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर विकसित किया जाएगा। इसमें डिजाइन सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, यूनिट टेस्टिंग लैब और क्वालिटी कंट्रोल से जुड़ी सुविधाएं शामिल होंगी। साथ ही रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर, मार्केटिंग सपोर्ट सिस्टम आदि की भी सुविधाएं निर्यातक इकाइयों को दी जाएंगी।

सरकार का यह उद्देश्य और प्रयास है कि छोटे और मध्यम उद्यमों को अलग-अलग महंगे इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश न करना पड़े और वे साझा संसाधनों का उपयोग कर इसका लाभ उठा सकें। इससे उत्पादन लागत घटेगी और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। अपैरल पार्क रोजगार सृजन के मामले में भी अपनी बड़ी भूमिका निभाएगा। इस परियोजना के माध्यम से बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सिलाई, डिजाइन पैटर्न मेकिंग, पैकेजिंग, क्वालिटी कंट्रोल और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार के मौके मिलेंगे।

यह परियोजना प्रदेश की नीति के अनुरूप है। योगी सरकार का फोकस कच्चे माल आधारित उत्पादन से आगे बढ़कर वैल्यू एडेड मैन्युफैक्चरिंग पर है। अपैरल पार्क के जरिए प्रदेश में टेक्सटाइल इंडस्ट्री की पूरी वैल्यू चेन विकसित करने की योजना है। इससे किसानों, हथकरघा कारीगरों और छोटे उद्यमियों को भी अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश अब निवेश और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण वाला प्रदेश बन गया है। यह परियोजना जब अपने पूर्ण रूप में आएगी तो यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्राप्त होगी।

# राष्ट्रीय विद्युत नीति का विरोध करेगी परिषद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 को लेकर विरोध शुरू हो गया है। हालांकि अभी केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने इस पर 30 दिन में आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। उपभोक्ता परिषद ने इसे उद्योगपतियों को बढ़ावा देने वाली नीति बताया है। परिषद के अध्यक्ष व सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि इसका विरोध किया जाएगा। राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 के अनुसार बिजली क्षेत्र के लिए 2032 तक 50 लाख करोड़ और 2047 तक 200 लाख करोड़ के निवेश की आवश्यकता अनुमानित की गई है। इस विशाल पूंजी को प्रभावी ढंग से जुटाने के लिए नीति में क्षेत्र विशिष्ट फंड स्थापित करने तथा क्लाइमेट फाइनेंस टेक्नोलॉजी विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके पहले विद्युत अधिनियम-2025 में सिस्टम शेयरिंग की बात की गई है। परिषद का कहना है कि नीति में कॉस्ट-रिफ्लेक्टिव टैरिफ, स्वचालित वार्षिक टैरिफ वृद्धि, क्रॉस-सब्सिडी में कटौती, प्रीपेड स्मार्ट मीटर और डिमांड चार्ज जैसे प्रावधान सीधे तौर पर घरेलू उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाएंगे। उन्होंने प्रस्तावित राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 घरेलू एवं छोटे उपभोक्ताओं के हितों के प्रतिकूल बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। परिषद शीघ्र ही इस संबंध में अपनी आपत्तियां भारत सरकार को भेजेगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# नशे में बेटों ने की थी पिता की हत्या, गिरफ्तार

## पिता की हत्या कर बेटों ने रचा सड़क हादसे का षड्यंत्र, पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद।** बीते मंगलवार को मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के खड़ता गांव निवासी ई-रिक्शा चालक अर्जुन पाल (50) की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि मृतक के अपने ही बेटों ने की थी। आरोपियों ने वारदात को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को खड़ताझनवीनगर नहर की पुलिया के पास फेंक दिया और ई-रिक्शे को शव के ऊपर पलट दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान स्थानीय सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर मृतक के बड़े भाई मुन्नूलाल पाल ने अपने भतीजों रूपलाल पाल (20) और एक बाल अपचारी (उम्र 17 वर्ष 11 माह) पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उनके पिता आए दिन शराब व गांजा का सेवन कर परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे। इसी से क्षुब्ध होकर उन्होंने बीते सोमवार देर रात करीब 3:30 बजे योजनाबद्ध तरीके से फावड़े से पिता की कनपटी पर प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को नहर के किनारे फेंककर घटना को दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा तथा खून से सनी टी-शर्ट बरामद कर ली है। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**लाठी डंडे से हुए हमले में युवक घायल** : थाना इटौंजा के मलूकपुर गांव निवासी रामविलास ने थाना पर लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि बेटे संदीप को मिथलेश ने लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे संदीप बुरी तरह घायल हो गया साथ सर में गंभीर चोट आई है मौके पर पहुची पुलिस ने घायल संदीप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया ' जानकारी के अनुसार पीड़ित और आरोपी दोनों ही मानपुर सब्जी मंडी में काम करते है वही कार्य के दौरान दोनों के मध्य बातचीत हो गई थी उसी क्रम में आज मिथलेश ने पीड़ित पर जानलेवा हमला किया।

## छेड़छाड़ का आरोप बना चालक की हत्या की वजह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** थाना बक्शी का तालाब क्षेत्र के इंदौराबाग अंडरपास सर्विस लेन पर कंटेनर चालक की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण कर दिया। हत्या के आरोप में मृतक के ही रिश्तेदार और ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल लोहे की रॉड और घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया है। ज्ञात हो बीती रात्रि को पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली कि इंदौराबाग अंडरपास सर्विस लेन के किनारे खड़े एक कंटेनर के केबिन में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल 100 शैय्या अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान राममूर्ति (पुत्र छोटेलाल), निवासी ननसोहा, थाना रामकोट, जनपद सीतापुर के रूप में हुई। मृतक के पिता की तहरीर पर बीकेटी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की गई। बीती रात मुखबिर की सुचना के आधार पर उक्त घटना का आरोपी को आउटर रिंग रोड किसान पथ की सर्विस लेन पर प्लाईवुड फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम सन्दीप कुमार पुत्र अमर पाल (25) बताया। वह मूल रूप से धनीपुर, थाना खैराबाद, जनपद सीतापुर का निवासी है और वर्तमान में जानकीपुरम, लखनऊ में झुग्गी-झोपडी में रहकर ई-रिक्शा चलाता है।

**छेड़छाड़ के आरोप ने लिया खूनखराबे का रूप:** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 19 जनवरी को मृतक ने उसे इंदौराबाग देशी शराब ठेके के पास बुलाया। दोनों ने शराब पी और बाद में भोजन किया। इसी दौरान आरोपी की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसकी गैरमौजूदगी में मृतक ने शराब के नशे में उसकी साली से छेड़छाड़ की थी इस बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपी मृतक को छोड़कर चला गया। कुछ समय बाद वह दोबारा कंटेनर के पास पहुंचा। पूछताछ के दौरान कहासुनी बढ़ गई और गुस्से में आकर आरोपी ने कंटेनर में रखी लोहे की रॉड से सिर पर कई वार किए, फिर गला दबाकर हत्या कर दी।

# बाइक-स्कूटी भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह स्कूटी और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में स्कूटी सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार युवक को भी गंभीर चोटें आईं। घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां स्कूटी चालक की मौत हो गई। इंस्पेक्टर कृ ?ष्णा नगर पीके सिंह ने बताया कि मूल रूप से बरखारिया, जनपद लखीमपुर निवासी सत्येंद्र (26) कृष्णा नगर के आशुतोष नगर निवासी गोविंद अग्रवाल के यहां काम करता था। गुरुवार सुबह वह अपने मालिक की स्कूटी से उनकी 19 वर्षीय बेटी महक को सैसावीर रोड से मेट्रो स्टेशन की ओर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान मोमेंट होटल के सामने विपरीत दिशा से आ रही बाइक से आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी चालक सत्येंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य दोनों को मामूल चोटें आई। तीनों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने सत्येंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फॉर्च्यूनर का पहिया चढ़ा, ट्रामा सेंटर रेफर

**लखनऊ।** गुरुवार को माल ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत गोडवा बरौकी पंचायत कार्यक्रम समारोह में सदस्य विधान परिषद लखनऊ/उन्नाव रामचंद्र सिंह प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि अपने कई गाड़ियों के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल से निकल रहे थे। तभी काफिले में शामिल फॉर्च्यूनर गाड़ी की झड़प से माल के ग्राम प्रधान पीरनगर अनवार अहमद गिर गए। गाड़ी का पिछला पहिया दाहिने पैर पर चढ़कर कर निकल गया। काफिला घटना स्थल से लगभग चार किलो मीटर दूर पहुंच गया। आस पास के लोगों ने तत्काल निजी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया। सूचना पर सदस्य विधान परिषद रामचंद्र सिंह प्रधान भी सीएचसी पहुंच गए। चिकित्सकों ने घायल प्रधान को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने अपने निजी वाहन से लखनऊ लेकर गए।


# पॉलिसी भुगतान के नाम पर महिला से ठगे एक लाख रुपये, मुकदमा दर्ज




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला को साइबर ठगों ने बीते मंगलवार को निशाना बना फोन काल पर अपने को पीएनबी मेटलाइफ कर्मचारी बता पॉलिसी भुगतान के नाम पर एक लाख रुपये ठगी कर हड़प लिया। आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित ओमनगर भिलावा निवासी ईशा त्रिपाठी के अनुसार बीते 20 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉलर ने खुद को पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस का कर्मचारी बताया और उन्हें एक सक्रिय बीमा पॉलिसी धारक बताते हुए पॉलिसी का विवरण एवं बैंक विवरण और अन्य व्यक्तिगत जानकारी दी जो पहले से ही उसके पास थी। वही पीड़िता का कहना था कालर ने उसकी पॉलिसी की प्रीमियम की देय तिथि बता पॉलिसी के बकाया शुल्क लंबित होने की बात कह उसे व्हाट्सएप के माध्यम से पीएनबी मेटलाइफ का पेमेंट गेटवे लिंक भेजा। जिसपर उसने कॉलर की बातों में आकर भेजे गए लिंक पर गूगल पे द्वारा एक लाख रुपये का भुगतान कर उसने कालर के मोबाइल फोन पर संपर्क किया लेकिन मोबाइल फोन नंबर बंद था। जिसके चलते उसे अपने साथ धोखाधड़ी का एहसास हुआ। जिसकी शिकायत उसने साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर करने के साथ अपने बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर से बात कर धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

# बेलगाम ट्रक की टक्कर से दो भाइयों की मौत, एक की हालत गंभीर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में किसान पथ पर पंचर डाला का टायर बदल रहे तीन भाइयों को बेलगाम ट्रक चालक ने मारी टक्कर दो की मौत हो गई तीसरे की हालत गंभीर बनी है, घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस के मुताबिक निगोहा स्थित नहर खेड़ा के रहने वाले सुखई रावत (25) अपने दो चचेरे भाइयो भुस्सन उर्फ कप्तान(20) व अखिलेश के साथ पिकप डाला करके भूसे को डाला में लाद कर बाराबंकी के रसूलपुर सप्लाई के लिए गुरुवार तड़के 6 बजे जा रहे थे रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी किसानपथ सर्विस लेन स्थित गांव बुद्धू खेड़ा बरौना गांव के पास अचानक पिकअप डाला का पिछला पहिया दग गया उसके बाद डाला चालक ने डाला को रोड के किनारे खड़ाकर तीनों भाइयों को टायर बदलने को कहकर किसी काम से चला गया। तीनों भाई जैक लगाकर गाड़ी का टायर बदल ही रहे थे इतने में एक बेलगाम ट्रक चालक ने पिकअप डाला में जोरदार टक्कर मार दी जिससे कि टायर बदल रहे तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए इसी बीच ट्रक चालक ने ट्रक को बैक कर मौके से ट्रक लेकर भाग निकला। घटना देखकर इलाके में हड़कंप मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस बुलवाकर सुखई एवं अखिलेश को पीजीआई ट्रामा 2 भेजा वही भुस्सन उर्फ कप्तान को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सुखई एवं भुस्सन की मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल अखिलेश का पीजीआई के ट्रामा 2 में इलाज चल रहा है। अखिलेश के भाई सर्वेश ने बताया कि सुखई रावत के परिवार में पिता राम प्रसाद मां शांति देवी है सात भाइयों में सुखई छोटा था अविवाहित था। वही भुस्सन तीन भाइयों में छोटा था दो बड़े भाई चौहान एवं बाबादीन पिता शिवरतन है मां का काफी समय पहले निधन हो चुका है। तीनों आपस में चचेरे भाई है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार छात्र की मौत

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में स्कूल से घर लौट रहे दस वर्षीय छत्र की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए छात्र ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। ईसापुर गांव निवासी नीरज राठौर का पुत्र उत्कर्ष राठौर (10) जेडएम कॉन्वेंट स्कूल, कहला में कक्षा दो का छात्र था। बुधवार को छुट्टी के बाद वह साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से उत्कर्ष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर उसी गांव के बाइक चालक सोनू के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गाजे-बाजे से साथ निकली शोभा यात्रा, भजन पर झूमे भक्त

**लखनऊ।** आलमबाग के तालकटोरा रोड स्थित सिद्धपीठ श्री दुर्गा शक्ति मंदिर के वार्षिकोत्सव पर गुरुवार को पालकी शोभा यात्रा व भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुबह गाजे-बाजे पर राम धुन के बीच शोभायात्रा निकली। पालकी में साईं नाथ जी महराज और रथ पर श्री गणेश जी के साथ भगवान शंकर व श्रीराम दरबार, माता दुर्गा के स्वरूपों के साथ यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई। आलमबाग सब्जी मंडी सिंगार नगर, रामनगर होते हुए तालकटोरा रोड मंदिर पर संपन्न हुई। वहीं मंदिर में आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरूआत मंगल ध्वनि शहनाई से हुई। अलका ठाकुर के बांसुरी वादन, सारंगी पर जीशान के साथ तबले पर सचिन ने लोगों का दिल जीत लिया। भजन गायक एकांक भारद्वाज ने ह्यराम जी की निकली सवारी.... और जग में सुन्दर है दो नाम ... जैसे भजनों को सुना कर श्रद्धांलुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गुप्ता ब्रदर्स ने अपने भजनों से उपस्थित लोगों को भक्ति रस से सराबोर किया। आयोजक ऋषभ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह को मंदिर के महंत अजय शास्त्री ने शाल भेंट कर सम्मानित किया।

## पशुओं पर संक्रामक बीमारी का कहर, विभाग ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद।** विकास खंड मलिहाबाद क्षेत्र के मीठे नगर गांव में पिछले लगभग एक माह से पशुओं में खुरपका-मुंहपका और तेज बुखार जैसी संक्रामक बीमारियों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। बीमारी की चपेट में आकर अब तक कई मवेशियों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों पशु गंभीर हालत में हैं। इससे गांव के पशुपालकों में भारी चिंता का माहौल है। गुरुवार को दैनिक समाचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ में मवेशियों पर संक्रामक बीमारी का कहर, एक माह में कई पशुओं की मौतह्व शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद पशुपालन विभाग ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया। इसके बाद विभागीय टीम ने मीठे नगर गांव पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पशुधन प्रसार अधिकारी अनुराग रावत, अतुल रावत तथा पैरावेट दिलीप रावत, ज्ञानेंद्र मौर्य, सर्वेश, रामबरन, आशीष द्विवेदी, दिलीप यादव और संजयजीत आदि की टीम ने गांव में पशुओं की जांच की। शिविर के दौरान 120 पशुओं को दवाएं वितरित की गईं, जबकि 421 पशुओं का खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, बीमारी से सबसे पहले करीब एक माह पूर्व राजकुमार मौर्य की एक गाय और उसके बछड़े की मौत हुई थी। इसके लगभग दस दिन बाद भैयालाल की एक भैंस और एक पड़वा भी बीमारी की भेंट चढ़ गए। भैयालाल के चार अन्य पशु अभी भी गंभीर स्थिति में हैं और चारा-पानी तक नहीं ले पा रहे हैं। तीन दिन पहले ओमप्रकाश की एक भैंस की मौत हो गई थी, जबकि बीते मंगलवार शाम संतराम की एक भैंस ने भी दम तोड़ दिया। इसके अलावा सत्यपाल मौर्य की एक गाय और एक बछड़ा, शेरू यादव का एक पड़वा और एक पाड़िया तथा अवधराम का एक पड़वा भी बीमारी से मर चुके हैं। बुधवार को कैलाश की गाय की भी मौत हो गई। वहीं, अवधराम के पांच अन्य पशु गंभीर रूप से बीमार बताए जा रहे हैं। प्रेमचंद, जयराम और सत्तीदीन के पशु भी बीमारी की चपेट में हैं। इस संबंध में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि गांव में कैंप लगाकर पशुओं की जांच की गई है, आवश्यक दवाएं दी गई हैं और टीकाकरण भी कराया गया है। साथ ही पशुपालकों को पशुओं में संक्रामक बीमारी के लक्षणों और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया है।

## गंगादीन खेड़ा में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी, एफआईआर दर्ज

लखनऊ। सरोजनी नगर के विद्युत उपकेंद्र गहरू का मजरा गंगा दिन खेड़ा मे लगा सौ के वी ए के ट्रांसफार्मर से बेखौफ चोरो ने तेल चोरी कस्त्र लिया हैं। इससे किसानो के ट्यूबेलो की विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही हैं। इसके लिए अवर अभियंता विनय कुमार 11 केवीए एंडएलटी भटगांव एवं प्रदीप कुमार संविदा कर्मी ने एक शिकायती पत्र थाना सरोजनी नगर को देकर तेल चोरी होने की दी हैं। पुलिस शिकायती पत्र लेकर जाँच पड़ताल मे लग गई हैं। अवर अभियंता ने पत्र मे लिखा हैं की 33/11 के वी विद्युत उपकेंद्र गहरू के गाँव शाहपुर, पोस्ट व थाना रुदौली, अयोध्या से हूं। मै आपकी संज्ञान मे लाना चाहता हूं की 11 के वी गहरू कृषि पोषक से पोषित मजरा गंगा दिन खेड़ा जनपद लखनऊ मे लगे सौ केवीए ट्रांसफार्मर के नीचे ब्लेंड से काटकर बीती 21 जनवरी की मध्य रात्रि मे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 240 लीटर तेल चोरी कर लिया गया। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 8 ट्यूबेलो की विद्युत आपूर्ति की जाती हैं। जिससे किसानो को गंभीर असुबिधा हो रही हैं। और उनकी फसलों को नुकसान होने की सम्भावना हैं। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने से लाखो कीमत के राजस्व की क्षति हुई हैं। अवर अभियंता ने थानाध्यक्ष से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्य करें ताकि विद्युत आपूर्ति चालू की जा सके।

## कुएं में गिरा बाइक सवार युवक पुलिस ने किया रेस्क्यू

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में देर रात बाइक सवार कुएं में जा गिरा, जिसे पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला। नगराम थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात बाइक सवार कुएं की दीवार से टकराने के बाद कुएं में जा गिरा। रात में गश्त पर निकली पुलिस फोर्स की नजर लावारिस बाइक पर पडी और किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी, जिसपर पुलिस ने टार्च की रौशनी से देखा तो युवक कुएं में पडा था, जिसका रेस्क्यू कर पुलिस ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां युवक को प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों के हवाले कर घर भेज दिया। बताते हैं कि रितेश जायसवाल पुत्र मोहनलाल जायसवाल निवासी ए वीएम कालोनी अर्जुनगंज गोसाईगंज देर रात मोटरसाइकिल से जा रहा था। रास्ता अपरिचित होने के कारण उसे अन्दाजा नहीं था और वह गूगल मैप के सहारे नगराम से खुजौली होकर जा रहा था। इसी बीच बाइक कुएं की दीवार से टकराई और वह गहरे कुएं में जा गिरा, जबकि उसकी बाइक छिंटक कर दूर जा गिरी। इसी बीच पुलिस वहां से गुजरी और बाइक पडी देख ठहर गयी। उसे किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी तो कुएं में टार्च से रौशनी डाली, जिसमें पुलिस को युवक कुएं में दिखाई दिया। पुलिस ने रस्सी डालकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। पीडित रितेश ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से चौक से अपने गांव भवानीगढ थाना शिवगढ जनपद रायबरेली जा रहा था।

## नृत्य व भावों से सजा नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम

लखनऊ। भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) की ओर से शीतकालीन कार्यशाला के तहत गुरुवार को नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का मंचन किया गया। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षगृह में महाकवि कालिदास जी द्वारा रचित इस नाटक का निर्देशन रोजी मिश्रा ने किया। संस्कृत में लिखे नाटक को हिंदी में रूपांतरित कर भरतनाट्यशास्त्र के सिद्धांतों के अनुसार नृत्य और भावों के साथ बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक में युवा कलाकारों ने अपने अभिनय से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। खास बात यह रही कि कलाकारों की वेशभूषा भी उसी युग के अनुरूप तैयार की गई थी।

## जंगली जानवर का शिकार करने की होगी जांच

लखनऊ। गुरुवार को कुछ लोगों ने एक जंगली जानवर का शिकार काकोरी में किया। पुलिस ने मौके से जानवर के अवशेष बरामद किए हैं। वन विभाग की टीम ने भी मौके पर जांच की। बरामद अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को अशदखेड़ा के कोटेदार संजय यादव ने पुलिस को सूचना दी कि शेरपुरमऊ गांव के कुछ लोगों ने जंगल में एक जानवर का शिकार किया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम अविनाश अग्रवाल अंकित है एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अविनाश चन्द्र अग्रवाल अंकित है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे अविनाश चन्द्र अग्रवाल नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**अविनाश चन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व. सुधीर कुमार अग्रवाल नि.- 544/2053, बरौरा हुसैन बडी, कैम्पवेल रोड, बालागंज, लखनऊ।**

# अवैध पार्किंग के विरुद्ध प्रदेश भर में 2,617 चालान हुए : दयाशंकर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने तेज किया प्रवर्तन अभियान, हजारों की संख्या में किए चालान किए गए है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद् की बैठक में दिए गए निदेर्शों मंत्री दयाशंकर सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा से 31 जनवरी 2026 का आयोजन किया जा रहा है ।

यह जानकारी परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा उक्त अवधि में सड़क सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मिशन मोड पर कड़ी प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। अभी तक (1 जनवरी 21 जनवरी 2026 तक) की गयी कार्यवाही में प्रदेश में कुल हेलमेट उल्लंघन मामले में 49,500 चालान, सीट बेल्ट मामले में 11,740 चालान, ओवरस्पीडिंग के 15,180 चालान, मोबाइल फोन का प्रयोग के मामले में 4,164 चालान, ड्रंक एंड ड्राइव के 304 चालान एवं रॉग साइड ड्राइविंग के अंतर्गत 5,546 चालान विभाग द्वारा किया गया है। किंजल ने बताया कि साप्ताहिक विशेष अभियान के तहत प्रथम सप्ताह यानी 1 जनवरी से 7 जनवरी के बीच पूरे प्रदेश में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया लोगों को सीट बेल्ट हेलमेट मोबाइल फोन का इस्तेमाल वाहन चलाते समय न करना रॉन्ग साइड ड्राइविंग ना करना इत्यादि के बारे में प्रमुख वाक्य अधिकारियों द्वारा जागरूक किया गया। अभियान के द्वितीय सप्ताह में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के साथ-साथ दो पहिया वाहनों पर हेलमेट, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और मोबाइल फोन के प्रयोग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अवधि में पूरे प्रदेश में हेलमेट के 34,200, सीट बेल्ट के 9,108 और मोबाइल फोन प्रयोग के 3,033 चालान किए गए। आगरा जोन में सर्वाधिक 5,411 हेलमेट चालान और कानपुर जोन में सर्वाधिक 1,752 सीट बेल्ट चालान किए गए। इसी प्रकार तृतीय सप्ताह (15 जनवरी से 21 जनवरी 2026) मुख्य रूप से अनफिट स्कूली वाहनों और अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्यवाही के लिए समर्पित रहा । इस दौरान कुल 18,379 स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिसमें से 351 को ओवरलोडिंग और 570 को मानकों की अनदेखी के लिए चालान किया गया। मानकों का पालन न करने पर 75 स्कूली वाहनों की फिटनेस निरस्त की गई। अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रदेश भर में 2,617 चालान किए गए। परिवहन आयुक्त ने बताया कि चतुर्थ सप्ताह में मुख्य मार्गों से हटाए गए वाहनों को खड़ा करने हेतु होल्डिंग एरिया चिन्हित करना शामिल है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अब तक 109 होल्डिंग एरिया चिन्हित कर लिए गए हैं। परिवहन विभाग द्वारा एक्सप्रेस-वे, नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे के किनारे अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध भी कार्यवाही निरंतर जारी है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके ।

## जीएसटी चोरी कर करोड़ों का नुकसान करने वाले गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फर्जी आईडी पर फर्म बनाकर जीएसटी चोरी कर सरकार को करोडों का नुकसान पहुंचाने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह के सदस्य को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली से गिरफ्त में आये जाहिद पुत्र नसीम उर्फ नसीमुद्दीन निवासी म.न. ३८६ गली नम्बर-५/३ ग्राम जगतपुर थाना वजीराबाद दिल्ली ने बताया कि चार साल पहले वह एक साथी के माध्यम से सुरेश उर्फ रमेश से मिला। उसके जरिये उसकी मुलाकात हनुमान राम, लाभूराम, सन्तोष बुद्धराम, ओमप्रकाश व रतनाराम से हुई। उन्होंने रुपयों का लालच देकर उसके नाम पर बैंक एकाउंट खुलवाया और मोबाइल सिम भी उसी के नाम से खरीदते थे। से लोग प्रत्येक ए काउं ट पर १० हजार रुपए देते थे और उसके बैंक एकाउंट की पासबुक, चेकबुक, मोबाइल सिम, आधार कार्ड, की कापी लेकर उसका इस्तेमाल करते थे। जाहिद ने अपने नाम से अब तक तीन बैंक एकाउंट कोटेक महेन्द्रा, पीएनबी व एयरटेल पेमेंट बैंक उन लोगों को दे रखे थे। उपरोक्त सभी लोग मिलकर फर्जी फर्म खोलकर जीएसटी चोरी करते हैं।

# बसंत पंचमी आज, बन रहा चतुर्ग्रही योग का अद्भुत संयोग

## घरों, शिक्षण संस्थानों व मंदिरों में मां सरस्वती की होगी विशेष पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। यह दिन बसंत ऋतु के शुरूआत का भी प्रतीक है। इस दिन ज्ञान, कला एवं संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा का विधान है। कहा जाता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से जीवन के अंधकार का नाश होता है। साथ ही सभी कामों में सफलता मिलती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 23 जनवरी 2026 को सुबह 02 बजकर 28 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 24 जनवरी को सुबह 01 बजकर 46 मिनट पर होगा। ऐसे में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। बसंत पंचमी के दिन इस साल मकर राशि में सूर्य, बुध, मंगल और शुक्र ग्रह विराजमान रहेंगे। ऐसे में 23 जनवरी को पंचमी तिथि और चतुर्ग्रही योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। जो अत्यंत शुभदायक माना जाता है।

**बसंत पंचमी का महत्व :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा जी के मुख से इसी दिन देवी सरस्वती प्रकट हुई थीं। उनके प्रकट होते ही संसार से अज्ञानता का अंधकार दूर हुआ था। इस दिन को 'अबूझ मुहूर्त' भी कहा जाता है, जिसका मतलब है कि इस दिन किसी भी शुभ काम जैसे - विवाह, मुंडन या गृह प्रवेश के लिए पंचांग देखने की जरूरत नहीं होती है।

**सरस्वती पूजा विधि :** मां सरस्वती को पीला रंग बेहद प्रिय है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करें और पूजा में पीली चीजें शामिल करें। पूजा की चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करें। साथ ही भगवान गणेश की प्रतिमा भी स्थापित करें। वेदी के दाईं ओर जल से भरा कलश स्थापित करें। बच्चे अपनी किताबें, पेन और अन्य कार्यक्षेत्र की चीजें मां के चरणों में रखें और उनका भी पूजन करें। मां सरस्वती को पीले चावल, बूंदी के लड्डू व केसरिया हलवे का भोग लगाएं। पूजा के दौरान ॐ ऐं सरस्वत्यै नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। अंत में मां सरस्वती की आरती कर प्रसाद बांटें।

**वसंत पंचमी का दिन शुभ कार्यों के लिए अति उत्तम :** वसंत पंचमी का दिन शुभ कार्यों के लिए अति उत्तम माना गया है। इस दिन शादी-विवाह, मुंडन, नामकरण, गृह-प्रवेश व खरीदारी की जाती है। कहते हैं कि इस दिन विवाह के बंधन वाले जातकों को सभी देवी-देवताओं का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है और जोड़े का बंधन सात जन्मों तक रहता है। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का तिलकोत्सव हुआ था। इसलिए यह दिन शादी के लिए काफी शुभ माना गया है।

## गोमती किनारे व केजीएमयू में मनेगा वसंतोत्सव

**लखनऊ।** वसंत पंचमी के अवसर पर गोमती किनारे व केजीएमयू परिसर में वसंतोत्सव का आयोजन किया जायेगा। वहीं सनातन महासभा भारत द्वारा 23 जनवरी को गोमती तट स्थित भारतरत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन पर बसंतोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर पाटी पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा अवध क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस बाबत रविवार को हनुमान सेतु के पास स्थित बाबा नीम करौली आश्रम में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बसंतोत्सव के तहत अखिल भारतीय ब्रह्म समाज पाटी पूजन कार्यक्रम आयोजित करेगा। मां सरस्वती का पूजन होगा। अखिल भारतीय संस्कृति महापरिषद की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही महासभा द्वारा बेहतरीन कार्य करने वाले 11 लोगों को सम्मानिक किया जाएगा।

**होंगे विविध आयोजन:** ब्राह्मण परिवार की ओर से कानपुर रोड के अवस्थी लॉन में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना होगी। परिवार के अध्यक्ष शिवशंकर अवस्थी ने बताया कि सुबह संगीत के बीच मां सरस्वती की वंदना होगी। बंगलाबाजार के चंद्रिका देवी धाम में विशेष पूजन होगी। महानगर रामलीला मैदान और आलमबाग के मुंडाबीर मंदिर परिसर में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार होंगे। निरालानगर के रामकृष्ण मठ में सरस्वती पूजा पर धामक आयोजन होंगे। न्यू हैदराबाद स्थित उप्र संस्कृत संस्थान, गोमतीनगर के राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान सहित कई स्थानों पर वसंत पर आयोजन होंगे। रेलवे इंटर कॉलेज आलमबाग में जहां मां सरस्वती की पूजा होगी तो टेक्निकल इंटर कॉलेज में बच्चों के लिए वसंत पर संगोष्ठी की जाएगी।

## बसंत पंचमी पर अर्पित करें मां सरस्वती के प्रिय भोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हर वर्ष वसंत पंचमी का पर्व पूरे देश में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह दिन ज्ञान, विद्या, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। वसंत पंचमी के अवसर पर घरों, मंदिरों, शिक्षण संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां सरस्वती का अवतरण हुआ था, इसलिए इस तिथि पर उनकी विधि-विधान से आराधना करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस वर्ष वसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी 2026 को मनाया जा रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह तिथि अत्यंत शुभ मानी जा रही है। यह शुभ दिन पूजा-पाठ और भोग अर्पण के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। ऐसे में यदि मां सरस्वती को उनके प्रिय भोग अर्पित किए जाएं तो वे शीघ्र प्रसन्न होती हैं और साधक के जीवन से शिक्षा, नौकरी और करियर से जुड़ी बाधाएं दूर करती हैं।

**सरस्वती पूजा में लगाए जाने वाले भोग: केसर भात:** वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा करने के बाद उन्हें केसर युक्त भात का भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इससे घर में सुख-शांति बनी रहती है और आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

**मीठे चावल:** इस शुभ दिन पर मां सरस्वती को मीठे चावल का भोग भी लगाया जाता है। चावल में गुड़ या मिश्री मिलाकर प्रसाद तैयार किया जा सकता है। ऐसा करने से देवी की कृपा प्राप्त होती है और पढ़ाई में आ रही परेशानियां दूर होती हैं।

**बेसन के लड्डू:** मां सरस्वती को बेसन के लड्डू अर्पित करना भी अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस भोग को लगाने से लंबे समय से अटके हुए कार्यों में गति आती है और सफलता के योग बनते हैं।

**पीली मिठाई:** वसंत पंचमी के अवसर पर पीले रंग की मिठाई का भोग लगाने का विशेष महत्व है। धार्मिक विश्वास है कि इससे व्यक्ति के भाग्य में वृद्धि होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## छात्राओं ने ऋतुराज बसंत का किया स्वागत

लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर छात्राओं द्वारा ज्ञान, संगीत, कला व विद्या की देवी माँ सरस्वती की वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ऋतुराज बसंत का स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए कॉलेज प्रबंधक स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री बग्गा जी ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं उन्होने कहा कि सभी धर्मों से संबंधित कार्यक्रम विद्यालय में समय समय पर होते रहने चाहिए। उन्होने बसंत पंचमी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन ज्ञान व विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना का दिन है क्योंकि इस दिन को इनके जन्म दिन के रूप मनाया जाता है। मौसम में भी परिवर्तन आता है। मौसम सुहावना हो जाता है छात्रों के अध्ययन के लिए यह मौसम सबसे अच्छा माना जाता है। सम्बोधन के अंत में उन्होने सभी को बसंत पंचमी की बधाई दी।



## ध्रुव की भक्ति और निष्ठा की कथा ने भक्तों को किया भावविभोर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से हाता रामदास सदर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास देवेश अवस्थी द्वारिकानाथ जी महाराज ने ध्रुव चरित्र, जड़भरत प्रसंग, अजमिलोपाख्यान और प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई। महाराज जी ने प्रवचन मे कहा कि ध्रुव की भक्ति और प्रहलाद की निष्ठा हमें सिखाती है कि भगवान की शरण में जाने से ही जीवन का वास्तविक सुख मिलता है। ध्रुव ने मात्र 5 साल की उम्र में भगवान को प्राप्त कर लिया, यह उनकी भक्ति और तपस्या का ही फल था। कथा के बीच भजन ध्रुव की भक्ति, प्रहलाद की निष्ठा... भगवान की शरण में, मिले हमें सच्ची दिशा... सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के संयोजक राजेंद्र कुमार पांडे 'गुरु जी' और मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल ने बताया कि कथा 26 जनवरी तक दोपहर 3:00 बजे से शाम 7 बजे तक होगी।

## कौवे की कहानी से बच्चों ने जाना खुशी का रहस्य

● स्टोरीमैन जीतेश ने सुनाई दादी-नानी की कहानी


**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार को दादीझनानी की कहानी कार्यक्रम का 77वां आयोजन दुबग्गा क्षेत्र स्थित लालाबाग के प्राथमिक विद्यालय, भूहरझद्वितीय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रेरक कहानी के माध्यम से यह सीख ली कि खुशी तुलना में नहीं बल्कि संतोष में है।

कार्यक्रम में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने रोचक कथा के माध्यम से बच्चों को जीवन का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहानी सुनाई कि एक कौवा अपने काले रंग से असंतुष्ट होकर सबसे खुश पक्षी की खोज में निकलता है। हंस, तोता और मोर से होते हुए उसकी यात्रा चिड़ियाघर तक पहुँचती है जहाँ मोर बताता है कि उसकी सुंदरता ही उसके बंधन का कारण बन गई है। अंततः यह स्पष्ट होता है कि वास्तव में सबसे खुश वही है जो स्वतंत्र है और वह कौवा स्वयं है। कहानी के माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि जो हमारे पास है उसमें संतोष करना ही सच्ची खुशी का मार्ग है। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोरंजक खेलों से हुआ। बच्चों को परिस्थितिजन्य संकेतों के आधार पर अभिनय और वाक्य उच्चारण का अभ्यास कराया गया। इस



अवसर पर चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने प्रेरक कविता सुनाई, जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक दोहराया। कार्यक्रम में संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष पंवार, सहायक अध्यापक ऊषा देवी वर्मा, स्थानीय निवासी एवं सोशल लाइफ लाइन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर राशि के अनुसार करें दान, मिलेगी सुख-समृद्धि



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी का त्योहार हर साल माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह हिंदू धर्म में कई कारणों से खास माना जाता है। ये ज्ञान, स्वर, कला की देवी के प्रकट होने का दिन होने के साथ ही बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन अबूझ मुहूर्त होता है और दिन कोई भी शुभ काम करने के लिए मुहूर्त देखना जरूरी नहीं होता है। इस साल बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी, 2026, शुक्रवार को मनाया जाएगा। माना जाता है कि इस दिन राशि अनुसार दान करने सुख-समृद्धि आती है।

**मेष राशि-** इस राशि के स्वामी मंगल हैं। इन्हें मां सरस्वती की कृपा पाने के लिए बसंत पंचमी के दिन लाल चीजों, लाल वस्त्र, गुड़ और लाल धातु का दान करना चाहिए।

**वृषभ राशि-** बसंत पंचमी के दिन इस राशि वालों को विद्या की देवी को प्रसन्न करने के लिए सफेद चीजों का दान करना चाहिए। ये सफेद अनाज, मिठाई या फिर कपड़ों का दान कर सकते हैं।

**मिथुन राशि-** इस राशि के जातकों को बसंत पंचमी के दिन हरे वस्त्र, हरी सब्जियां, हरे अनाज जैसे मूंग दाल का दान करने की सलाह दी जाती है।

**कर्क राशि-** बसंत पंचमी के दिन इस राशि के लोग सफेद वस्त्र, चांदी और खीर का दान करें। इससे कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होगी और मानसिक शांति मिलेगी।

**सिंह राशि-** बसंत पंचमी के दिन गुलाबी रंग की चीजों का दान करें। यह दान उनके रिश्तों में मधुरता और खुशी लाएगा।

**कन्या राशि-** इस राशि के जातकों को बसंत पंचमी के दिन गेहूं और फल का दान करना चाहिए। यह दान उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाएगा।

**तुला राशि-** इस राशि वालों को बसंत पंचमी के दिन शहद और चांदी का दान करना चाहिए। यह दान उनके जीवन में सौभाग्य और सफलता ला सकता है।

**वृश्चिक राशि-** मां की विशेष कृपा पाने के लिए इस राशि के जातकों को इस दिन नारियल और काली वस्त्र का दान करना चाहिए। यह दान उनके जीवन में बाधाओं को दूर करता है।

**धनु राशि-** इस राशि के जातको को बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र, हल्दी और केले का दान करने की सलाह दी जाती है।

**मकर राशि-** मां सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए इस राशि वाले जातकों को बसंत पंचमी के दिन गरीबों को पुस्तक का दान करना चाहिए।

**कुंभ राशि-** इस राशि वाले जातक को बसंत पंचमी के दिन कला से जुडी हुई चीजों का दान गरीबों को करना चाहिए।

**मीन राशि-** विद्या की देवी को प्रसन्न करने के लिए बसंत पंचमी के दिन पीला चावल, केसर और गाय के घी का दान करना चाहिए। इससे उनके जीवन में समृद्धि के द्वार खुलते हैं।

## दीप जलाओ मंगल गाओ राम आये हैं अयोध्या...

### खुशी के संग श्रीराम भक्ति के रंग में रंगा उत्तरायणी कौथिग






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कौथिग का नवां दिन, भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विशेष दिन के अवसर पर कार्यक्रम, नृत्य, गायन एवं प्रतियोगिताएं मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम भक्ति पर आधारित रहे।

उत्तराखण्ड से आयी मेहमान कलाकार खुशी जोशी दिगारी ने कोकिल स्वर से भक्ति गीत राम सिया राम सिया राम जय जय राम..., तू रूंछी मैया, तू रूंछी, ऊँचा ऊँचा पहाड़ों मा, गाड़ा धूरों गध्यारों मा..., दुर्गे मैया वे नौ दिन नौरात्र तेरी ज्योत जगी रे...,सुन लो मेरी पुकार पवनसुत बिनती बारम्बार..., गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया साथ ही लोकगायक राकेश पनेरू ने पतलोट की सुनीता ..., मेरी हिमूली मैत नहतो... इत्यादि गीत गाकर समा बांधा। प्रथम सत्र में श्रीराम चन्द्र जी के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर गीत संगीत प्रतियोगिता में शांता ग्रुप गोमती नगर से किरन चौबे, वीणा वरदायणी ग्रुप गोमती नगर से विकास गुप्ता, मंदाकिनी बहुगुणा ग्रुप से मंदाकिनी बहुगुणा, ब्रह्मकमल सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति इंदिरा नगर से दीपा पांडेय, एकम श्रीजन ग्रुप से वंदना सिंह, विकास नगर लखनऊ से त्रिलोचनी रावत, आलोक नगर कल्याणपुर से मंजु पांडेय, कुर्मांचल नगर से रेनू काण्डपाल, राज राजेश्वरी ग्रुप नीलमथा से पिंकी नौटियाल, गोमती नगर विस्तार से दमयंती नेगी, एल डी ए कानपुर रोड से बीना रावत, संगीत संस्कृति फाउंडेशन कुर्मांचल नगर से हरितिमा पंत एवं हुमा साहू ग्रुप से हुमा साहू के नेतृत्व में भगवान श्रीराम के गीत दीप जलाओ मंगल गाओ राम आए हैं अयोध्या...,मंगल भवन अमंगल हारी..., हम कथा सुनाते राम सकल गुणगान की...,श्रीराम चन्द्र कृपालु भजुमन... इत्यादि गीतों पर क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी महेन्द्र पंत व सांस्कृतिक सचिव गोविन्द बोरा ने किया एवं निर्णायक मण्डल में आकांक्षा आनन्द, कीर्ति राणा, अदिति थपलियाल रहे। तत्पश्चात पहाड़ी धुनों पर देशी ठुमका प्रतियोगिता व उत्तराखण्ड से आए मेहमान कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि अनन्त मिश्रा ह्यअन्टूह्ण पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे, उनका स्वागत कोषाध्यक्ष के एस रावत, सहकोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह मेहता, संगठन मंत्री चंचल सिंह बोरा, लक्ष्मण सिंह धामी, महेन्द्र पंत, मंजू षर्मा, जानकी अधिकारी, दमयंती नेगी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

द्वितीय सत्र में जहां एक ओर पहाड़ की आवाज प्रतियोगिता के द्वितीय चरण की प्रस्तुति दीपक पोरवाल, पंकज वारंगी, गोविंद सिंह बोरा, हर्षिता कांडपाल, ललिता जोशी ने दी वहीं दूसरी ओर छपेली प्रतियोगिता सीजन चार की प्रस्तुति गोमती नगर शाखा पर्वतीय महापरिषद से गोविंद बोरा, जोहार मुनस्यार सांस्कृतिक दल विकास नगर से नंदा रावत व पिंकी नौटियाल ग्रुप से पिंकी नौटियाल के नेतृत्व में दी गयी। द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया, अतिथि का पान सिंह बिष्ट, गोविन्द पाठक, नारायण पाठक, शंकर पांडे, चित्रा काण्डपाल, नन्दा रावत, दमयंती नेगी ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया, पुष्कर नयाल, प्रदीप बिष्ट ने अंगवस्त्र पहनाकर व अध्यक्ष गणेष जोशी, संयोजक के एन चन्दोला, संरक्षक एन के उपाध्याय व डॉ आर सी पंत ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा गोविन्द नयाल समाज सेवा सम्मान नरेन्द्र देवड़ी पूर्व पार्षद को प्रदान किया गया। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुष्कर नयाल एवं महासचिव जितेंद्र उपाध्याय के सौजन्य से मिस उत्तरायणी परिजा को सांस्कृतिक सचिव महिला प्रकोष्ठ नन्दा रावत एवं मिस्टर उत्तरायणी नीरज को मीडिया प्रभारी भुवन जहाँवासी द्वारा प्रदान किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-924/ न.पं.नि./नि.सू.-पेयजल योजनान्तर्गत/2025-26, दिनांक-22/01/26

**ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को राज्य सेक्टर के 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक-23/02/26 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक-24/01/26 से दिनांक-23/02/26 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate In ward 01,02,03,04,05,06,07 and 08 for Solar power driven pumps and pipelines work (Water supply system) for Nagar Panchayat, Nighasan | 99.23 | 9.92 | 11800 | 02 माह |

**बद्री प्रसाद मौर्य**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी**

**दिनेश कुमार शुक्ला**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी**

# गोमतीनगर, ऐशबाग से चलेंगी गोरखपुर-लखनऊ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन पर कॉनकोर्स के निर्माण के लिए प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर इंजीनियरिंग कार्य कराया जा रहा है। पूर्व में लिए गए ब्लॉक अवधि का विस्तार इस दौरान 14 ट्रेनों का संचलन प्रभावित रहेगा। यह जानकारी एनईआर के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी।

गोमतीनगर से संचालित होने वाली ट्रेनों में गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 09 से 22 फरवरी तक (मंगलवार को छोड़कर) चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं-गोरखपुर एक्सप्रेस, छपरा से 19 से 25 जनवरी तक चलने वाली 15053 छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस, लखनऊ जं. से 19 से 25 जनवरी तक चलने वाली 15054 लखनऊ जं.-छपरा एक्सप्रेस, गोरखपुर से 09 से 22 फरवरी तक चलने वाली 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस, ऐशबाग से 09 से 22 फरवरी तक चलने वाली 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस, कासगंज एवं लखनऊ जं से 09 से 22 फरवरी, 2026 तक चलने वाली 55346/55345 कासगंज-लखनऊ जं.-कासगंज सवारी गाड़ी है।

लखनऊ जं से 09 से 22 फरवरी तक चलने वाली 15011 लखनऊ जं.-चंडीगढ़ एक्सप्रेस लखनऊ जं. से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी।

**टर्मिनल में परिवर्तन :** आगरा फोर्ट से 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग तक चलेगी। बांद्रा टर्मिनस से 17, 24, 31 जनवरी, 07, 14 फरवरी को चलने वाली 20921 बांद्रा टर्मिनस-लखनऊ एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग तक चलेगी।

पुणे से 20, 27 जनवरी, 03, 10 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 12103 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं. से 21, 28 जनवरी, 04, 11 एवं 18 फरवरी को चलने वाली 12104 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर से चलेगी। ट्रेन का दो मिनट का अस्थायी ठहराव बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्टेशनों पर दिया जाएगा

## चार ट्रेनें निरस्त, 20 का रूट बदला, मार्च में लंबे रूटों पर यात्रियों की बढ़ेगी समस्या

**लखनऊ।** गोंडा-बुढ़बल रेलखंड में तीसरी रेल लाइन के काम के लिए मेगा ब्लॉक के दौरान बरेली होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की 30 ट्रेनें प्रभावित होंगी। इनमें चार गाड़ियों को निरस्त किया गया है। 20 गाड़ियों का रूट बदलकर और सात का तीन घंटे तक देरी से संचालन किया जाएगा। तीन गाड़ियों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि ट्रेनों के प्रभावित होने संबंधी सूचना जारी कर दी गई है।

**इन गाड़ियों के रूट बदले :** 14691 बरौनी-जम्मूतवी एक्सप्रेस 15 मार्च , 15622 आनंद विहार-कामाख्या एक्सप्रेस 13 मार्च, 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस 19 मार्च, 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस 16 मार्च, 15567 बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस 17 मार्च, 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस 18 मार्च, 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस नौ मार्च, 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 28 फरवरी से 20 मार्च, 14010 आनंद विहार-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस नौ से 18 मार्च, 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस नौ से 20 मार्च, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी 16 से 20 मार्च, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी 17 से 19 मार्च, 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी 18 से 20 मार्च, 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी 16 से 19 मार्च, 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ 18 व 19 मार्च, 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस नौ व 16 मार्च, 15134 आनंद विहार-छपरा 11 व 14 मार्च, 14674 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस 19 मार्च, 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस 18 व 19 मार्च, 15136 अमृतसर-छपरा एक्सप्रेस एक व आठ मार्च को परिवर्तित रूट से चलाई जाएंगी।

**ये गाड़ियां निरस्त की गईं :** 15133 छपरा-आनंद विहार 19 मार्च, 15134 आनंद विहार-छपरा एक्सप्रेस 18 मार्च, 15273 रक्सौल-आनंद विहार 18 से 20 मार्च, 15274 आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस 19 से 21 मार्च तक निरस्त रहेंगी।

**ये गाड़ियां देरी से चलाई जाएंगी:** 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्स, 12557 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार, 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्स, 12555 गोरखपुर-बठिंडा एक्स, 12595 गोरखपुर-आनंद विहार 19 मार्च को, 13019 बाघ एक्सप्रेस, 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस 16 मार्च को चार घंटे तक देरी से चलाई जाएंगी।

**यह ट्रेनें भी होंगी प्रभावित:** 15010 इज्जतनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 से 20 मार्च तक गोरखपुर के स्थान पर गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। 15009 गोरखपुर-इज्जतनगर एक्सप्रेस 18 से 21 मार्च तक गोरखपुर के स्थान पर गोमतीनगर से चलाई जाएगी। 02563-64 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी और 02569-70 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष के लिए गाजीपुर सिटी, बलिया व बनारस स्टेशनों दो-दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा।

## दिल्ली-बनारस के बीच ट्रेन आज से

**लखनऊ।** दिल्ली और बनारस के बीच ट्रेन 23 जनवरी से शुरू की जा रही है। लखनऊ होकर जाने आने वाली इस ट्रेन को दोनों ओर से दो-दो ट्रिप के लिए चलाया जाएगा। रेलवे के मुताबिक दिल्ली से ट्रेन नंबर 04024 बनारस के लिए 23 और 25 जनवरी को चलेगी। यह 19.25 पर चलकर गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली होते हुए अगले दिन सुबह 09.40 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04023 बनारस से 24 और 26 जनवरी को 18.35 बजे चलेगी। उक्त रूट से होते हुए अगले दिन सुबह 08.50 बजे बनारस पहुंचेगी। इसमें एसी, स्लीपर और जनरल क्लास के कोच होंगे।

## 26 से बदल जायेगा पुष्पक, छपरा-लखनऊ जंक्शन का ठिकाना

**लखनऊ।** वीआईपी ट्रेन पुष्पक एक्सप्रेस का ठिकाना 26 जनवरी से बदल जाएगा। ट्रेन लखनऊ जंक्शन की जगह गोमतीनगर स्टेशन से चलाई जाएगी। हालांकि ट्रेन ऐशबाग में रुकेगी या नहीं, इसे लेकर अभी निर्णय नहीं हो सका है। ऐसे ही छपरा लखनऊ जंक्शन भी गोमतीनगर से चलेगी। लखनऊ से मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन से रात 9:25 बजे चलती है। लेकिन गोमतीनगर में शिफ्ट होने के बाद यह ट्रेन रात 8:45 बजे रवाना होगी। स्टेशन बदलने की वजह से लखनऊ जंक्शन से मुंबई की जो दूरी 1428 किमी थी, वह बढ़कर 1441 किमी हो जाएगी।

हालांकि इसका असर किराये पर नहीं पड़ेगा। गाड़ी संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस 26 जनवरी से गोमतीनगर से रात पौने नौ बजे चलकर बादशाहनगर से रात 8:55 बजे होते हुए दूसरे दिन मुंबई रात पौने ग्यारह बजे पहुंचेगी। वापसी में 12534 पुष्पक एक्सप्रेस मुंबई से सुबह 8:25 बजे चलकर दूसरे दिन बादशाहनगर से सुबह 7:35 बजे होते हुए गोमतीनगर सुबह आठ बजे पहुंचेगी। इसी तरह 15053 छपरा-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 26 जनवरी से छपरा से शाम 7:35 बजे चलकर दूसरे दिन गोमतीनगर सुबह 7:55 बजे पहुंचेगी। वापसी में 15054 लखनऊ जं.-छपरा एक्सप्रेस गोमतीनगर से रात पौने दस बजे चलकर दूसरे दिन छपरा सुबह 11:20 बजे पहुंचेगी।

# सीतापुर स्थित सपा कार्यालय खाली करने का नोटिस वापस

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीतापुर में समाजवादी पार्टी के कार्यालय को खाली कराने सम्बंधी नोटिस को नगर पालिका सीतापुर ने वापस ले ली है। नगर पालिका परिषद की ओर से यह जानकारी हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में के समक्ष दी गई। इस पर न्यायालय ने याचिका को निस्तारित कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी ने समाजवादी पार्टी की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में नगर पालिका परिषद, सीतापुर के 7 जनवरी के नोटिस को चुनौती दी गई थी।

याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि नोटिस के अनुसार टाउन हॉल प्रांगण में जिस जमीन पर सपा कार्यालय बना हुआ है, वह नजूल की भूमि है, 15 जनवरी 2005 को इस भूमि को पार्टी कार्यालय के लिए आवंटित किया गया था, हालांकि आवंटन के चार महीने बाद ही 14 मई 2005 को इसका आवंटन निरस्त भी कर दिया गया था। दलील दी गई थी कि नोटिस तथ्यात्मक तौर पर पूरी तरह से गलत है, क्योंकि वर्ष 2005 में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा 90 साल के पट्टे पर प्रश्नगत जमीन पार्टी कार्यालय बनाने के लिए दी गई थी, सपा कार्यालय उक्त 90 साल के लीज डीड के आधार पर बना है न कि 15 जनवरी 2005 के आवंटन के आधार पर।

गुरूवार को सुनवायी के दौरान नगर पालिका के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 7 जनवरी के नोटिस को गुरूवार को ही वापस ले लिया गया है और याची को सूचित भी कर दिया गया है कि आगे यथोचित नियमावली के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस पर न्यायालय ने याचिका को निस्तारित करते हुए कहा कि नई कार्रवाई होने पर वह इसे चुनौती दे सकता है।

# 25 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस माई इंडिया माई वोट थीम पर प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्कूलों व सरकारी दफ्तरों में शपथ और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में प्रदेशभर में 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माई इंडिया माई वोट निर्धारित की गई है, जिसके अनुरूप स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में वाद-विवाद, परिचर्चा, निबंध, चित्रकला, गीत, नाटक (स्किट) जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई हिन्दी एवं अंग्रेजी में राष्ट्रीय मतदाता शपथ विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ किया जा सके।

इसके अतिरिक्त निर्देश दिए गए हैं कि राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को 25 जनवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे राष्ट्रीय मतदाता शपथ दिलाई जाए। चूंकि 25 जनवरी को साप्ताहिक अवकाश है, इसलिए आयोग के निदेशानुसार 24 जनवरी अथवा 23 जनवरी को भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान के महत्व को दर्शाने वाले आधिकारिक लोगो का उपयोग विभागीय स्टेशनरी, वेबसाइट, मर्चेंडाइज एवं अन्य माध्यमों पर करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के फोटोग्राफ्स को #एनवीडी2026 हैशटैग के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स अथवा वेबसाइट पर अपलोड करने का भी आग्रह किया गया है। समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, सचिवों, मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके।

## नवदीप रिणवा ने दिया कानून - व्यवस्था बनाये रखना पर प्रस्तुतीकरण



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग की अध्यक्षता में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (आईआईसीडीईएम) 2026 नई दिल्ली के भारत मण्डपम में तीन दिवसीय सम्मेलन (21 से 23 जनवरी, 2026 तक) किया जा रहा है। जिसमें 42 निर्वाचन प्रबंध निकाय, 27 देशों के राजदूत/उच्चायुक्त, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थाओं से आये विशेषज्ञ के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी और देशभर से 36 मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरूवार को सम्मेलन में वहगन होवकिम्यान (सी.ई.सी. चेयरमैन रिपब्लिक ऑफ आर्मेनिया) के साथ मिलकर निर्वाचन में कानून और व्यवस्था बनाये रखना विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया, जिसमें प्रदेश के एकेडमिक विशेषज्ञ प्रो. संजय गुप्ता, अविनाश सिंह बिसेन, शत्रुघन कर (एन.एल.एम.टी.) ने भी हिस्सा लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सम्मेलन में शांतिपूर्ण, समावेशी और भरोसेमंद निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत तंत्र, इण्टर-एजेंसी, कोआर्डिनेशन और टेक्नोलॉजी आधारित तरीकों पर जोर दिया।

## डॉ. नीरज सिंह ने भरवाये विशेष कैंप में मतदाता पंजीकरण फार्म

**लखनऊ।** भाजपा वरिष्ठ नेता डॉक्टर नीरज सिंह ने गुरुवार को राजा राम मोहन राय वार्ड के जय प्रकाश नगर, पराग नारायण रोड और बटलर पैलेस में फार्म 6 ए भरवाने और भरे गए फॉर्म में अधूरी जानकारी के कारण नोटिस प्राप्त हो रहे लोगों को सही फॉर्म भरवाने के लिए लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए विशेष कैम्प में शामिल होकर नए मतदाता बनवाने की प्रक्रिया में सहभागिता की। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिन फॉर्मों में जानकारी अधूरी थी या जिनकी 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो पाई थी। इस संबंध में नोटिस प्राप्त लोगों को मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की जानकारी भी दी गई। नीरज सिंह ने नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूची में संशोधन से संबंधित फॉर्म भरवाने में सहयोग किया। कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने फॉर्म भरे। प्रमुख रूप से राजू कश्यप, मंडल-1 अध्यक्ष एसपी कंचन, आनंद पाण्डेय, विश्वनाथ भारती, विजय भुर्जी, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ वाल्मीकि, मुकेश मिश्र, इंद्रजीत कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं में फार्म भरवाने में सहयोग किया।

## टीएचई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स में लविवि को स्थान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाय सब्जेक्ट 2026 में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और विभिन्न विषयों में शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। नवीनतम रैंकिंग्स में विश्वविद्यालय को तीन प्रमुख विषय श्रेणियों में मान्यता प्राप्त हुई है। इसमें इंजीनियरिंग 1001-1250 बैंड, जीव विज्ञान 1001+ बैंड, भौतिक विज्ञान 1251+ बैंड रहीं। ये रैंकिंग्स शिक्षण, अनुसंधान वातावरण, अनुसंधान गुणवत्ता, उद्योग आय और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण जैसे मानकों पर आधारित हैं।

# दिव्यांग सैनिकों को मुफ्त कृत्रिम अंग मुहैया करायेगा पुनर्वास विवि

- जल्द होगा भारतीय सेना और विश्वविद्यालय के बीच एमओयू
- महानिदेशालय पुनर्वास मध्य जोन के अधिकारियों ने किया विवि भ्रमण



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अब जल, थल और वायु सेना के साथ मिलकर सैनिकों के पुनर्वसन के क्षेत्र में कार्य करेगा। तीनों सेनाओं से सेवानिवृत्त होने वाले जवानों तथा युद्ध या अन्य कारणों से दिव्यांग हुए सैनिकों के पुनर्वसन के लिए विश्वविद्यालय और सेना के बीच सहयोग की दिशा में ठोस पहल शुरू हुई है। विश्वविद्यालय का कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र युद्ध या किसी अन्य कारणों से अपना अंग खो चुके सैनिकों के लिए कृत्रिम अंग बनाएगा, दिव्यांग सैनिकों को मुफ्त कृत्रिम अंग मुहैया कराएगा।

गुरुवार को महानिदेशालय पुनर्वास मध्य जोन से कर्नल प्रशांत मिश्रा व एडिशनल डायरेक्टर जनरल आलोक अवस्थी ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान कुलसचिव रोहित सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय और हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय के साथ सैनिकों के पुनर्वसन, कोर्स निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में सैनिकों व जवानों के लिए टेलर-मेड कोर्स, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर सहमति बनी। भविष्य में इन बिंदुओं पर विश्वविद्यालय और सेना के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए जाने पर भी विचार किया गया।

सेनाधिकारियों ने विश्वविद्यालय स्थित कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में 28 जनवरी तक चल रही कार्यशाला के उद्घाटन में बतौर अतिथि शिरकत की। इसके बाद डीन एकेडेमिक्स प्रो. वीके सिंह, कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रणजीत कुमार के साथ केंद्र का भ्रमण कर कृत्रिम अंग निर्माण की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने कॉलेज ऑफ डेफ, विशिष्ट स्टेडियम, स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग तथा लुई ब्रेल कंप्यूटर लैब का भी अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की सराहना की।

इस बाबत कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि देश के लिए सेवा करने वाले सैनिकों का पुनर्वसन हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय की विशेषज्ञता का लाभ सैनिकों और जवानों तक पहुंचे, इसके लिए सेना के साथ साझेदारी एक ऐतिहासिक कदम है। आने वाले समय में यह सहयोग पुनर्वसन, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित करेगा।

## लविवि में अब वर्ष में दो बार होंगे पीएचडी के प्रवेश

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब वर्ष में दो बार पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को आयोजित करने की योजना है। इसके लिए शोध अध्यादेश में जल्द ही बदलाव किया जाएगा। साथ ही यूजीसी की ओर से पीएचडी प्रवेश के लिए जारी नई गाइडलाइंस को लागू करने की तैयारी है। इससे नेट, जेआरएफ पास अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने बताया कि एलयू में अब आईआईटी की तर्ज पर वर्ष में दो बार पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन होगा। प्रथम चरण की प्रक्रिया अप्रैल माह और द्वितीय चरण की नवंबर में आयोजित की जाएगी। इससे वर्ष भर खाली पड़ी रहने वाली पीएचडी सीटों के सापेक्ष दाखिले लिए जा सकेंगे। इसके लिए विवि के शोध अध्यादेश में बदलाव किय जाएगा जिससे इस व्यवस्था को अध्यादेश में रखा जा सके।

# डॉ. जगदीश गांधी को पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएमएस के संस्थापक स्वर्गीय डा. जगदीश गांधी की द्वितीय पुण्य तिथि पर गुरुवार को सीएमएस परिवार ने हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने आध्यात्मिक अभिभावक को न सिर्फ बड़ी शिद्दत से याद किया अपितु उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा भी ग्रहण की। बैकुण्ठ धाम रोड स्थित बहाई समाधि स्थल पर सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी के साथ ही उनकी पुत्रियों डा. सुनीता गांधी, प्रो. गीता गांधी किंगडन, डा. नीता गांधी, पुत्रवधू मोना गांधी एवं पौत्र-पौत्री रोशन गांधी व सारा समेत बड़ी संख्या में उपस्थित सीएमएस छात्रों, शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. डा. जगदीश गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके साथ जुड़ी अपनी यादों को संजोया उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर जहां एक ओर विभिन्न धमार्नुयाइयों ने सर्मधर्म समभाव का अलख जगाते हुए सामूहिक प्रार्थना की तो वहीं दूसरी ओर सीएमएस के संगीत शिक्षकों ने शांति पाठ किया। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापिका डा. भारती गांधी ने कहा कि डा. जगदीश गांधी का पूरा जीवन भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को समर्पित रहा। आज वो भौतिक रूप से भले ही हमारे बीच न हों, लेकिन उनके आदर्श और शिक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सीएमएस परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि डा. जगदीश गांधी ने जीवन पर्यन्त भावी पीढ़ी में जीवन मूल्यों, चारित्रिक गुणोंव नैतिक आदर्शों के विकास पर जोर दिया।

इस अवसर पर डा. भारती गांधी ने पौधा रोपित कर समाज की सुख-शांति की कामना की। डा. जगदीश गांधी की पुत्री व सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे पिता स्व. डा. जगदीश गांधी कर्मयोगी थे। उनकी दूरगामी सोच, बुलंद हौसला व अथक परिश्रम हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। सीएमएस का प्रत्येक छात्र, शिक्षक, अभिभावक व कार्यकर्ता उनकी अमूल्य विरासत को आगे बढ़ाने में पूरे मन से जुटा है।

# भाषा विवि : उप्र स्थापना दिवस पर हुई पोस्टर-मॉडल व चार्ट प्रतियोगिता



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 के अवसर पर पोस्टर, मॉडल एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विरासत के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता का विषय उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विविधताएं एवं विशेषताएं रखा गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतिभागियों ने पोस्टर, मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों, प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं भौगोलिक विशेषताओं को सृजनात्मक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. रत्नेश सिंह, डॉ. चेतना, डॉ. अनुपमा तथा इं. राशि श्रीवास्तव शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विषय की स्पष्टता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर डॉ. नलिनी मिश्रा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपने प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक पहचान से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

## राष्ट्रीय कार्यशाला व एफडीपी का ब्रॉशर विमोचित



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में जैव-प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी तकनीक एवं उपकरणों पर 6 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के ब्रॉशर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की विवरणिका का औपचारिक विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. ममता शुक्ला, विभागाध्यक्ष, डॉ. मनवेन्द्र सिंह (सह-समन्वयक), डॉ. इफ्त आज़िम, इं. धीरेंद्र सिंह, इं. शिवांशी त्रिपाठी एवं इं. राशि श्रीवास्तव उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने जैव-प्रौद्योगिकी विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों की व्यावहारिक दक्षता, अनुसंधान क्षमता तथा उद्योगोन्मुख तैयारी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह 6 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं एफडीपी 2 फरवरी से 7 फरवरी तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल हॉल में आयोजित की जाएगी।

## शिक्षकों को भी 31 जनवरी तक पोर्टल पर सम्पत्तियों का विवरण देना होगा

**लखनऊ।** राज्यकर्मियों की भांति परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को भी अपनी चल-अचल सम्पत्तियों का पूरा ब्यौरा 31 जनवरी तक मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने सभी जिम्मेदारों के नाम निर्देश जारी कर दिए है।

निर्देश में मुख्य सचिव द्वारा इस संबंध में जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि जिन शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों द्वारा नियमानुसार पोर्टल पर चल-अचल सम्पत्तियों का विवरण 31 जनवरी 2026 तक अपलोड कर दिया जाएगा, उन्हें ही जनवरी का देय वेतन फरवरी में भुगतान किए जाने की कार्यवाही उनके नियंत्रक अधिकारी अथवा आहरण वितरण अधिकारी द्वारा की जा सकेगी।

# एनएसएस से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना होती है विकसित



**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप का उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि करामत गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राचार्या प्रो हुमा ख्वाजा रही। मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस में शामिल होने से युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। एनएसएस का उद्देश्य सामुदायिक विकास के कार्यों में युवाओं को शामिल करना है, जैसे कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, और बाल विकास।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में योगा ट्रेनर संध्या ने छात्राओं के बीच योग से संबंधित जानकारी साझा की एवं उन्हें योगाभ्यास भी कराया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जामी टी जोसे (प्रोग्राम मैनेजर, पॉजिटिव साइकोलॉजिकल यूनिट निमहंस) ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं एवं तनाव प्रबंधन के उपायों की जानकारी दें। इनके द्वारा छात्राओं को टेली मानस ऐप की जानकारी दी।

टेली मानस ऐप की शुरूआत 20220 से हुई जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, जैसे कि कल्याण से लेकर मानसिक विकारों तक, के लिए सहायता प्रदान करने के लिए विकसित किया है। साथ ही इन्होंने इसके टॉल फ्री न. '14416' की जानकारी भी साझा की। सप्त दिवसीय शिविर के कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या प्रो. अंशू केडिया के मार्गदर्शन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रुचि यादव, डॉ. शालिनी शुक्ला के निर्देशन में हुआ।

संक्षेप

## पति की मौत उपरान्त सम्पत्ति दिलाने की मांग

ललितपुर। पति की मृत्यु उपरान्त महिला अपने पुत्र के हिस्से की सम्पत्ति प्राप्त करने के लिए मुख्यालय पहुंची। यहां थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदिया निवासी मनीषा ने डीएम को पत्र भेजकर बताया कि चार वर्ष पहले उसकी शादी स्व. शिवेन्द्र कुर्मी पुत्र बद्रीप्रसाद के साथ हुयी थी। शादी के बाद उसके पति की बीमारी के चलते वर्ष 2023 में मृत्यु हो गयी। शादी के बाद उसे एक पुत्र आदित्य की प्राप्ति हुयी थी। आरोप है कि वह अपने पुत्र के आश्रित होकर ससुराल में ही निवासरत है। अब उसके ससुर बद्रीप्रसाद पुत्र रमेश प्रसाद ने बीती 11 दिसम्बर को अपने छोटे पुत्र अनुज के नाम से रजिस्टर्ड दान पत्र कर दिया है और उसके साथ मारपीट करते हुये उसके जेवरात इत्यादि छीनकर भगा दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता ने बीती 2 जनवरी को एक शिकायती पत्र एसपी व थाना बालाबेहट में दिया था, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी।

# बच्चों का भविष्य संवारना शिक्षकों की जिम्मेदारीः बीडीओ

जिला संवाददाता



देवरिया। ब्लाक संसाधन केंद्र देसही देवरिया पर गुरुवार को हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ अरुण कुमार पांडेय व सीडीपीओ बिंदु यादव रहे। इस दौरान कार्यक्रम में बाल वाटिका एवं परिषदीय संकुल के निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया।बीडीओ अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व शिक्षकों की है। बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। वहीं नामांकन व बच्चों की स्कूल में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभिभावकों की है।बीईओ गोपाल मिश्र ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के तहत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे अभियान से प्री-प्राइमरी की पढ़ाई को बढ़ावा मिलेगा। सीडीपीओ बिंदू यादव ने कहा कि अगर हम कोई भी काम मनोयोग से करें तो सफलता अवश्य मिलती है ,उन्होंने पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन धनंजय पाठक ने किया। इस प्रवीण त्रिपाठी,त्रियुगी प्रसाद, राम बहादुर सिंह, खुरशीद आलम, बदरे आलम,महफूज आलम,जय प्रकाश कुशवाहा,पुरूषोतम,दीपक कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# फरवरी में होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम,: ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत फरवरी में विभिन्न तिथियों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संचालित है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की पुत्रियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये गृहस्थी सामग्री, वस्त्र व आभूषण पर तथा 15 हजार रुपये विवाह आयोजन जैसे भोजन, टेंट व अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाएंगे।

आवेदन के लिए वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक [illegible] पोर्टल पर विवाह की निर्धारित तिथि से कम से कम एक सप्ताह पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। जिन वर-वधुओं के आधार कार्ड में बचपन की फोटो है या बायोमेट्रिक अपडेट नहीं है, वे अपना आधार तत्काल अपडेट करा लें।

उन्होंने बताया कि आवेदन के समय वर-वधू के पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, कन्या की बैंक पासबुक, जाति व आय प्रमाण पत्र तथा आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी अथवा नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# पीडीए की परिकल्पना को मूर्त रूप देने हेतु संकल्पबद्ध रहे जनेश्वर मिश्र : चंद्रभूषण सिंह यादव.

देवरिया। समाजवादियों की पूरी वैचारिक लड़ाई पीडीए की बहबूदी के लिए थी जिसको मूर्त रूप देने हेतु जनेश्वर मिश्र जैसे समाजवादियों ने अपनी पूरी जिंदगी आहूत कर दी उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि समाजवाद के ध्वजवाहक जनेश्वर मिश्र ने सोशलिस्ट धारा को सदैव आत्मसात किए रखा जिस नाते वे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात हुए चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने डॉ लोहिया की वैचारिकी से प्रभावित हो समाजवादी युवजन सभा को ज्वाइन कर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी को समाजवादियों का ट्रेनिंग कैंप बनाकर समाजवादी विचारधारा से लैस युवा नेताओं की एक लंबी श्रृंखला खड़ी की जिसने देश को समाजवादी धारा से जोड़ने का कार्य किया। कर्म, वचन और व्यवहार में शुद्ध समाजवादी विचारधारा को धारण किए रखने वाले जनेश्वर मिश्र समाज द्वारा सदैव याद किए जाते रहेंगे जनेश्वर मिश्र को याद करते हुए उन्हें नमन करने वाले प्रमुख सपाइयों में रामप्यारे यादव, सुरेश नारायण सिंह, नारायण प्रसाद, शंकर गोंड, अभिषेक गुड्डू गोंड, नाजिर अंसारी, अयोध्या वर्मा, वीर बहादुर यादव, नवल किशोर यादव, संतोष मद्धेशिया, अमला यादव आदि के नाम प्रमुख हैं।

# कृषि यंत्रों के लिए लाभार्थियों का चयन 24 जनवरी को ई-लॉटरी से होगा

देवरिया। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने हेतु लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (एचएलईसी) के समक्ष यह प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के कृषक बंधुओं को अवगत कराया है कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के जरिए किया जाएगा। यह ई-लॉटरी कार्यक्रम 24 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से गांधी सभागार, विकास भवन देवरिया में आयोजित किया जाएगा कृषि यंत्रों की ई लाटरी से संबंधित कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ई-लॉटरी प्रक्रिया में प्रतिभाग करें।

# ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा समिति गठन और प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



कुशीनगर। जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी, 2026 के अवसर पर शासन के निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा समिति के गठन एवं बैठक के संबंध में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर तथा अन्य ग्राम पंचायत से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा विषयक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत स्तर पर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कैशलेस उपचार सुविधा, हिट एंड रन सोलैशियम योजना, राहगीर योजना, अनाधिकृत पार्किंग की रोकथाम, ह्लनो हेल्मेट-नो फ्यूलह्व अभियान, वाहन चलाते समय हेल्मेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग, नशे की स्थिति में वाहन न चलाने, कोहरे की स्थिति में धीमी गति से वाहन चलाने तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मालवाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप के प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समस्त सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को निर्देशित किया गया कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सड़क सुरक्षा समिति का गठन सुनिश्चित किया जाए तथा ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ समिति की बैठक आयोजित कराई जाए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण ग्राम पंचायत समिति को प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम सड़क सुरक्षा समिति द्वारा सड़क सुरक्षा अग्रदूत घोषित किए जाने के भी निर्देश दिए गए। ग्राम सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित प्रशिक्षण एवं गोष्ठी में मो0 अजीम, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी; आलोक कुमार प्रियदर्शी, जिला पंचायत राज अधिकारी; मोहन सिंह, डी0पी0एम0; वैभव कुमार पाण्डेय, डी0पी0एम0; नीरज चतुर्वेदी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत); अनिरुद्ध सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत); तैमुर अंसारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत); श्रीमती उषा कुमारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सहित जनपद के ग्राम पंचायत अधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भुवनेश्वर में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे बहराइच के सांसद : डॉ.आनन्द गौड़



बरहज,देवरिया। उत्तर प्रदेश दिवसझ्र2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश के प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में 24 जनवरी को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बहराइच सांसद डा.आनंद गौड़ को उत्तर प्रदेश सरकार का आधिकारिक प्रतिनिधि नामित किया गया है।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर सांसद डा.आनंद गौड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उड़ीसा की धरती से उत्तर प्रदेश की विकास गाथा और उपलब्धियों को प्रस्तुत करना उनके लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश ने निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, स्टार्टअप नीति, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, मेडिकल शिक्षा, डिजिटल गवर्नेंस और सामाजिक कल्याण योजनाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डबल इंजन सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उड़ीसा में आयोजित यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर और मजबूत होती पहचान को देश के सामने प्रस्तुत करेगा।

संस्कृति, सम्मान और विकास की झलक उत्तर प्रदेश दिवसझ्र2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाट्य मंचन, लोक संगीत एवं लोक नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही एक जनपदझ्रएक उत्पाद योजना के अंतर्गत निर्मित उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिससे प्रदेश के कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बहराइच सदर सांसद ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को उत्तर प्रदेश दिवसझ्र2026 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग और समन्वय को मजबूती देने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

देवरिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक आज जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक भवन पर सम्पन्न हुई। जिसमें 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों हेतु टी ई टी अनिवार्य करने के प्रकरण पर अगली रणनीति, शिक्षकों की वार्षिक सदस्यता अभियान, शिक्षकों की अद्यतन समस्याओं के निराकरण में विभागीय अधिकारी गण के असहयोग आदि प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया।जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए अनिवार्य टी ई टी प्रकरण पर प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा जी द्वारा न्यायिक स्तर से तथा सामाजिक स्तर की पैरवी की जा रही है। अगले संसदीय सत्र की बैठक तक टी ई टी से मुक्ति नहीं दी जाती तो संघ वृहद आंदोलन करेगा।

# सफाई कर्मचारी संघ कसया के पदाधिकारियों को दिलायी गयी शपथ



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के कसया ब्लाक के पदाधिकारियों को खंड विकास अधिकारी हरिशंकर मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी कसया हरिशंकर मिश्रा ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सेवा भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना पद की गरिमा को बढ़ाता है। संविधान में संगठन का निर्माण लोक हित के लिए होता है और इसके नियमों का अनुसरण आपके व्यक्तित्व को निखरेगा। इसलिए आप सभी अपने कर्तव्यों का लोक हित में निर्वहन करते हुए परिवार, राष्ट्र और अच्छे समाज का निर्माण करेंगे। 11 जनवरी को कसया ब्लॉक के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें चुने गए ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष कुमार, मंत्री इंद्रजीत प्रसाद, कोषाध्यक्ष चंदन गोंड, संगठन मंत्री अनिल गौतम, संप्रेक्षक सुरेन्द्र प्रसाद को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष आशुतोष और मंत्री इंद्रजीत ने संगठन की मजबूती को लेकर ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पवन गोंड, अखिलेश यादव, विनोद गुप्ता, जय प्रकाश गौतम, अमित शुक्ला, विजय सिंह, मनोज गुप्ता, उदय नारायण पाण्डेय, मुलायम गोंड, दीपक गुप्ता आदि ने बधाई दी।

# वार्षिक खेल स्पर्धा का हुआ शानदार आगाज

भटनी(देवरिया)नेशनल पब्लिक स्कूल के मुख्य शाखा सोन्दा के प्रांगण शाखा चाँदपार भटनी के संयुक्त तत्वावधान मे बडे ही शानदार वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज।जीसमें दोनों शाखाओं के छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाखेलकूद का शुभारंभ जी आई सी कालेज देवरिया के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र द्वारा करतल ध्वनि के बीच फीता काटकर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामकिंकर मिश्र विशिष्ट अतिथि रविप्रकाश मिश्र को प्रबन्ध निदेशक संजय शंकर मिश्र व प्रधानाचार्या मृदुला सीं बघेल ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। ग्रीनहाउस के अमित यादव की व रेड हाउस की टीम के.नितेश पाल के टीम के छात्रो ने प्रतिभाग किया।जिसमें दोनों टीमों के ढाई दर्जन छात्रो ने प्रतिभाग किया।जिसमें रेडहाऊस की टीम को प्रथम स्थान मिला।कार्यक्रम के प्रथम दिन खो खो कबड्डी बालीबाल व सैक रेस का आयोजन हुआ जीसमे बालीबाल में ग्रीनहाउस का मुकाबला येलो हिऊस सीनियर वर्ग के बीच हुआ जिसमें येलो हाऊस को विजयश्री मिली।कबड्डी सीनियर गर्ल्स वर्ग का मुकाबला ब्लूहाऊस व येलो हाऊस के बीच हुआ है।कबड्डी गर्ल्स जूनियर वर्गहेलो हाऊस व ब्लूहाऊस के बीच मुकाबला हुआ। साथ ही अगला मुकाबला ग्रीनहाउस के बीच हुआ।कब्ड्डी सीनियर वर्ग का मुकाबला ग्रीन हाउस व रेड हाऊह के बीच हुआ। कबड्डी बाँयज वर्ग जूनियर वर्ग मे रेडहाऊस विजयी बना।फाईनल मुकाबला रेडहिऊस व ग्रीनहाउस के बीच हुआ।जिसमे रेड हाऊस की टीम विजयी बना।संचालन शिक्षिका प्रिया मिश्रा व छात्र विधुभूसण श्रेया ने किया।

# किसान मेले का समापन, सांसद व विधायक ने किया उद्घाटन



कुशीनगर। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय ह्लविराट किसान मेलाह्व का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र, पड़रौना में किया गया। मेले के चौथे एवं अंतिम दिन का औपचारिक उद्घाटन विजय कुमार दूबे, सांसद कुशीनगर एवं विनय प्रकाश गौड़, विधायक रामकोला द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर सांसद एवं विधायक द्वारा विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों एवं एफपीओ द्वारा लगाए गए कृषि प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में श्री राजेश श्रीवास्तव (जादूगर) द्वारा कृषि योजनाओं की जानकारी रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई।

डा0 विनय कुमार मिश्र, वैज्ञानिक, गन्ना अनुसंधान संस्थान सेवरही ने बसंतकालीन गन्ने की खेती, जबकि डा0 शमशेर सिंह, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र सरगटिया ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा कद्दू वर्गीय सब्जियों की खेती पर विस्तार से जानकारी दी। उप कृषि निदेशक श्री अतीन्द्र सिंह ने ह्लधरती बचाओ अभियानह्व के अंतर्गत संतुलित उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग पर जोर दिया तथा किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की। मेला प्रभारी एवं जिला कृषि अधिकारी डा0 मेनका ने बताया कि बसंतकालीन गन्ने के साथ उर्द एवं मूंग की सहफसली खेती हेतु बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके लिए टोकन 31 जनवरी 2026 तक जारी किए जाएंगे। विधायक रामकोला द्वारा प्रदेश सरकार की योजनाओं—फसल बीमा, बीज एवं कृषि यंत्रों पर अनुदान—की जानकारी दी गई। सांसद कुशीनगर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मेले के दौरान प्रगतिशील किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर तिरपाल वितरित की गई।

स्टाल प्रतियोगिता में दुदही फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को प्रथम, कृषि विज्ञान केन्द्र सरगटिया को द्वितीय तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, छठियाँव को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उत्कृष्ट योगदान हेतु कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, एफपीओ एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। मंच संचालन लकी तिवारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (कृषि रक्षा) द्वारा किया गया।

# जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में कक्षा 6 से 11 तक प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ

कुशीनगर। निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद कुशीनगर में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने उक्त की जानकारी देते हुए बताया की जनपद में संचालित दो जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बालिका विद्यालय, सिरसिया हेतिमपुर तथा लक्ष्मीपुर, पड़रौना में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं कक्षा 11 में रिक्त सीटों पर कक्षा 10 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश दिया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आरक्षण व्यवस्था निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत 60 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 15 प्रतिशत सीटें अनारक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। उक्त संबंध में उन्होंने अवगत कराया है कि इच्छुक अभिभावक अपने पाल्य हेतु आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं अथवा वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश पत्र संबंधित विद्यालय से 25 फरवरी 2026 को प्राप्त किया जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित समय-सारिणी के क्रम में उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.02. 2026, पात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन 25.02.2026, प्रवेश परीक्षा की तिथि 15.03.2026, चयनित छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ 23 मार्च 2026 है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर अभिभावक अपने बच्चों को इस अवसर का लाभ दिला सकते हैं।

# सरकारी फाइलों में जालसाजी का आरोप, ग्राम पंचायत सचिव पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

जिला संवाददाता

- रामकोला ब्लाक प्रशासन कटघरे में! सरकारी कागजों पर फर्जी हस्ताक्षर, जालसाजी का बड़ा मामला उजागर
- जनता दर्शन से खुला राज, सूचना के नाम पर फ्राड, सचिव और लिपिक सवालों के घेरे में

कुशीनगर। जनपद में सरकारी कार्यालयों की फाइलों में चल रहे कागजी खेल का एक सनसनीखेज और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक ईमानदारी को कटघरे खडा कर दिया है। मामला जिले के रामकोला विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाला छपरा से जुडा है जहां सेक्रेटरी सुनीता देवी पर फर्जी हस्ताक्षर कर सूचना भेजने, झूठी आख्या लगाने और सुनियोजित जालसाजी करने का गंभीर आरोप जनता दर्शन में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र मे लगाये गये है।शिकायतकर्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को दिए गए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके नाम से दर्शायी गई सूचना की प्राप्ति कभी हुई ही नहीं, फिर भी सरकारी अभिलेखों में उनके नाम से प्राप्ति दिखाकर मामला निस्तारित करने का षडयंत्र रचा गया है। खण्ड विकास अधिकारी रामकोला की आख्या एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जिला विकास अधिकारी को दिए गए स्पष्टीकरण में दावा किया गया कि शिकायतकर्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव को 17 फरवरी 2025 को पंजीकृत डाक से सूचना भेज दी गई थी और इसकी प्रति राज्य सूचना आयोग, लखनऊ में भी प्रस्तुत की गई। लेकिन आख्या के साथ संलग्न दस्तावेजों में जो तथ्य सामने आए, वह पूरे मामले को संदेह के कटघरे में खड़ा कर दिया। पेज संख्या-तीन पर शिकायतकर्ता के नाम से संबोधित पत्र पर 07 फरवरी 2025 को प्राप्ति दर्शाते हुए हस्ताक्षर अंकित हैं। जबकि स्वयं सचिव ग्राम पंचायत यह स्वीकार कर चुकी हैं कि यह हस्ताक्षर शिकायतकर्ता के नहीं हैं बल्कि जन सूचना लिपिक का है। अब सवाल यह उठता है कि जब सूचना लिपिक को 18 फरवरी 2025 को दस्तावेज प्राप्त कराया गया है, तो उससे 11 दिन पूर्व शिकायतकर्ता के नाम से जारी पत्र पर हस्ताक्षर कैसे हो गए? शिकायतकर्ता का दावा है कि यह पूरा मामला न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही बल्कि सोची-समझी दस्तावेजी जालसाजी का स्पष्ट उदाहरण है। उनका कहना है कि सचिव ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं यह स्वीकार कर लिया गया है कि हस्ताक्षर शिकायतकर्ता के नहीं हैं, जिससे उनके लगाए गए आरोप स्वतः ही सत्य सिद्ध होते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि सचिव द्वारा यह मान लेना कि हस्ताक्षर शिकायतकर्ता का नहीं हैं, अपने-आप में अपराध की स्वीकारोक्ति है। यह मामला केवल नियमों के उल्लंघन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फ्राड, जालसाजी और सरकारी अभिलेखों में कूटरचना जैसी गंभीर अपराध है

**??डीएम से दो टूक मांगः-**

शिकायतकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि इस अक्षम्य अपराध के लिए ग्राम पंचायत सचिव सुनीता देवी के विरुद्ध तत्काल विभागीय कार्रवाई करते हुए पूरे प्रकरण में फ्राड व जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया जाए। शिकायतकर्ता ने जन सूचना लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण लिये जाने का भी अनुरोध किया।

**सिस्टम की साख दांव पर**

फर्जी हस्ताक्षर, झूठी आख्या व सुनियोजित जालसाजी का यह मामला अब एक व्यक्ति की शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही की अग्नि-परीक्षा बन चुका है। ऐसे में इस प्रकरण में कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकारी फाइलों में फर्जी हस्ताक्षर कर सच को दबाया जाता है। अब देखना दिलचस्प है कि जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर कानूनी डंडा दोषियों पर चलेगा, या यह फर्जी हस्ताक्षर कांड भी अन्य प्रकरणों की फाइलों में दफन हो जाएगा?

# बरहज ब्लाक के सभागार में विकसित भारत जी राज राम जी का हुआ आयोजन

बरहज, देवरिया।बरहज ब्लाक सभागार में विकसित भारत जी राज राम जी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि पहले योजना नरेगा और मनरेगा हुआ। तमाम धांधली होने के कारण जैसे एक ही गड्ढे को खुदवाना फिर भरवाना, एक ही नाली का निर्माण पुनर्निर्माण करना आदि अनियमितता में सुधार करने के लिए संशोधन करके जी राम जी योजना का निर्माण हुआ हैं।इसके तहत 100 दिन के बदले 125 दिन की गारंटी रोजगार देना है। जी राम जी कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेश मिश्र ने कहा कि आंगनबाड़ी का निर्माण भी अब जी राम जी योजना के अंतर्गत होगा। अंगद तिवारी, निखिल सिंह राजा ने संबोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता व संचालन संजय सिंह ने किया। इस दौरान निशिकांत दीक्षित,सचिन सिंह,काशीपति शुक्ल,राम जोखन निषाद,अभयानंद तिवारी,अशोक सोनकर, धर्मवीर सिंह,आशुतोष तिवारी, विजय, गोविंद आर्यन,अश्वनी दीक्षित,प्रमोद तिवारी,राजू मिश्रा,कृष्ण मोहन पाठक, मिथुन, राम भवन, दीनबंधु सिंह, जितेंद्र तिवारी मौजूद रहे। की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों के चयन वेतन, विद्यालयों के प्रांगड़ की सुरक्षा में प्रशासनिक सहयोग की मांग की जाती है।जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि ने कहा कि कहा प्राथमिक शिक्षक संघ की सदस्यता वर्तमान में शिक्षकों की भविष्य के सुरक्षा की गारंटी है। शिक्षक अपनी एकता और अखंडता पर ध्यान दें।जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में बेसिक शिक्षकों को शिक्षण के अतिरिक्त अन्य र्यों में लगाकर शिक्षा की नींव के खोखला किया जा रहा है। बैठक का संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल व तहसील प्रभारी रमेश प्रताप यादव ने किया। बैठक को जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ पति त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष शफीक अहमद खान , जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी, सदर ब्लॉक अध्यक्ष नित्यानंद यादव , संजय कुमार मिश्र , संजय सिंह , निर्भय राय ने संबोधित किया। दिलीप प्रताप शुक्ल, राजेश शर्मा, सत्येंद्र सिंह , नरेंद्र यादव , विक्रम प्रताप राव , सुशील यादव , दीनानाथ चतुर्वेदी , रामसिंगार यादव , सत्यप्रकाश सिंह, रामनिवास यादव रविन्द्र यादव ,सुशील सिंह अरुण तिवारी,सुभाष यादव , आलोक सिंह आदि शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीओ सिटी की पदोन्नति, बनीं अपर पुलिस अधीक्षक

बांदा। सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक की पदोन्नति हो गयी है। शुक्रवार को उन्हे रैंक प्रतीक चिन्ह, अशोक स्तम्भ लगाकर पुलिस उप महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक ने शुभकामनाएं दी हैं।

पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक को आईपीएस अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने पर रैंक प्रतीक चिन्ह, अशोक स्तम्भ बैज लगाकर बधाई दी। उन्होने शुभकामनाएं देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक को नये दायित्वों और कार्य क्षेत्र के बारे में जानकारी दी तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु श्लोक गौतम, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बताते चलें कि क्षेत्राधिकारी नगर के पद पर रहते हुए उन्होने अपने दायित्वों का बड़ी ही मेहनत, लगन और तन्मयता के साथ निर्वहन किया है।

संक्षेप

## बाल सम्मान कोष योजना के तहत संचालन समिति की बैठक आयोजित

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराये जाने हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (प्रतिनिधि), पुलिस अधीक्षक (प्रतिनिधि), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (प्रतिनिधि), अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर उपस्थित रहीं। जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 19 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गई। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## पाइप लाइन बिछाते समय तोड़ी गयीं सड़कों की शीघ्र हो मरम्मत

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 कक्ष में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाते समय तोड़ी गई सड़कों की पुनर्स्थापना को गुणवत्तापूर्ण करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये एवं कार्यों को पूर्ण करते हुए संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित करते हुए योजनाओं को जनोपयोगी बनाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम अरविन्द त्रिपाठी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अकमा में 251 मातृ शक्तियों का हुआ दुरदुरिया कार्यक्रम

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज के अंतर्गत बीएसएस एकेडमी बलदेव स्मारक इंटर कॉलेज, अर्जुन नगर अकमा के प्रांगण में गुरुवार को 251 मातृ शक्तियों का भव्य दुरदुरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिसर में पहली बार किया गया, जिसमें क्षेत्र की भारी संख्या में मातृ शक्तियों ने सहभागिता की और आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के आयोजक अमरेंद्र सिंह इलाकोड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मातृ शक्ति के सम्मान के साथ-साथ सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि दुरदुरिया कार्यक्रम हमारी लोक संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें माताओं और बहनों का आशीर्वाद समाज के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने यह भी बताया कि पहली बार विद्यालय प्रांगण में इस तरह का आयोजन किया गया और मातृ शक्तियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

# अयोध्या के पहलवान ने मध्य प्रदेश के पहलवान को चटायी धूल



**बिसवां नगर (सीतापुर)।** हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के चैथे दिन देश के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल के चैथे दिन की पहली कुश्ती में अयोध्या के बाबा रामदास पहलवान और मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें बाबा रामदास ने सुरेन्द्र पहलवान को चित कर जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती मेरठ के प्रमोद पहलवान और पंजाब के शेरा पहलवान के बीच हुई। जिसमें प्रमोद पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती मेरठ के आदेश पहलवान और वाराणसी के चन्दन पहलवान के बीच हुई। जिसमें आदेश ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चैथी कुश्ती राजस्थान के शैतान सिंह पहलवान और मेरठ के राहुल पहलवान के बीच हुई। जिसमें शैतान सिंह ने विजयी हासिल की। पांचवीं कुश्ती कश्मीर के रिजवान गनी पहलवान और राजस्थान के मेंटल पहलवान के बीच हुई, जिसमें रिजवान गनी विजयी रहे। छठी कुश्ती मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान और नेपाल के हरिहर पहलवान के मध्य हुई। जिसमें सुरेन्द्र पहलवान ने जीत दर्ज की। दंगल में रैफरी की भूमिका शौकत पहलवान और सुल्तान पहलवान ने निभाई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, नफीस अहमद, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, बदर हयात खान, अन्नू, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आई.जी.आर.एस.) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के स्तर से प्राप्त आख्याओं के सम्बन्ध में समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को शिकायत के निस्तारण से अवश्य अवगत कराया जाये। संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करें। निस्तारण के साथ स्पाट मेमो एवं कार्य के पूर्व तथा कार्य के पश्चात की फोटोग्राफ अवश्य संलग्न किये जायें। निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण का फोटोग्राफ भी संलग्न किया जाये उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण हेतु दी गयी आख्या स्पष्ट हो एवं टाइप करके अपलोड की जाये तथा आख्या अंकित करने वाले अधिकारी का नाम, पदनाम व मोहर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा पूर्व में अंकित की गयी शिकायतों के निस्तारण आख्या की समीक्षा की तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्रेषित आख्या की स्वयं समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, उपजिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी की बैटरी के साथ दो चोरो को पुलिस ने पकड़ा



**असोहा, उन्नाव (वीओएल)।** गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के दरसवा बरोली मार्ग से ई रिक्शा की दो चोरी की बैटरी लेकर बेचने जा रहे दो चोरो को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गये चोरो ने अपना नाम अभय निवासी टुंडी थाना बंथरा जनपद लखनऊ व शिवम निवासी पड़वाखेड़ा थाना असोहा बताया। पुलिस ने आरोपियो को न्यायालय मे पेश किया, जहां से जेल भेजा गया हैं। बीते बुधवार को ही थाना क्षेत्र के पडवाखेड़ा निवासी रामआसरे ने दरवाजे खड़े ई रिक्शा की दो बैटरी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लेने की तहरीर पुलिस को दी थी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर दो चोरो को चोरी की बैटरी के साथ पकड़ा गया जिन्हें न्यायालय मे पेश किया जा रहा हैं।

## संदिग्ध स्थिति में कलह से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव में गुरुवार दोपहर एक बजे एक 20 वर्षीय युवक ने घरेलू कलह से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, अश्वनी ने अपने दो मंजिला मकान के मुख्य गेट पर रस्सी डालकर फांसी लगा ली। परिजनों को जब इसका पता चला तो वे आनन-फानन में उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता नीरज ने बताया कि अश्वनी ने बीएससी की पढ़ाई की थी, लेकिन वह परीक्षा नहीं दे पाया था। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। परिवार में चल रही कलह भी उसकी परेशानी का एक कारण बताई जा रही है। अश्वनी जब छोटा था, तभी उसकी मां का निधन हो गया था। वह दो भाइयों में बड़ा था। इस घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा है। पिता नीरज और छोटा भाई अजीत का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मारपीट की घटना में पुलिस ने मामला दर्ज किया

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम अकठी में पुरानी पारिवारिक रंजिश को लेकर हुई मारपीट में मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की। मिली जानकारी के अनुसार मामला थाना क्षेत्र के ग्राम अकठी का है जहां गुरुवार को सुबह समय लगभग 9:00 बजे सोनू पुत्र सधनू अपने दरवाजे पर बैठा बकरी के बच्चे के साथ खेल रहा था इसी बीच परिवार के मन्ना पुत्र सरदार तथा पुत्र मदन पिता पुत्र एक राय होकर सोनू पर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया और मारा पीटा, बचाने आई मां यशोदा देवी को भी हमलावरों ने पीटा और मां बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## अस्पताल से चोर गेट तोड़कर ले गये, सीएमएस ने तहरीर देने की बात कही



**उन्नाव।** जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस जाने वाले रास्ते पर लगे लोहे के गेट को बुधवार रात चोर तोड़कर उठा ले गए। बृहस्पतिवार सुबह घटना की जानकारी हुई तो जांच शुरू हुई। ट्रामा सेंटर और पोस्टमार्टम हाउस के बीच मॉर्च्युरी के पास सुरक्षा की दृष्टि से एक गेट लगाया गया था। ताकि बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके। लेकिन बुधवार रात के समय चोरों ने सुनसान का फायदा उठाते हुए दीवार से गेट उखाड़ लिया और फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि चोरी की वारदात के दौरान जिला अस्पताल में तैनात 28 गार्ड को भनक तक नहीं लगी। सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।

## क्षेत्र में श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गयी



**पाटन, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र में विशाल श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई। जो गांव भ्रमण के बाद क्षेत्र भटखेरवा स्थित आनंदीदेवी मन्दिर होते हुए बनखंडी देवी मंदिर पर आकर पूर्ण हुई। शोभा यात्रा के बाद विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सम्मेलन को महंत राम नारायण दास ने भी सम्बोधित किया। संचालन संकठा प्रसाद दीक्षित ने किया। शोभायात्रा का शुभारंभ नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी ने किया। गोकुल प्रसाद शुक्ल ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर बालाजी महाराज, तेजभान सिंह प्रान्त सेवा प्रमुख आर एस एस, संदीप जिला प्रचारक आर एस एस, रतीभान सिंह जिला व्यवस्थापक, आशीष बाबा, नन्द कुमार सिंह, राजेश तिवारी, शिव शंकर, प्रिन्सू सिंह, लल्लू सिंह, पंकज सिंह, अजय सिंह अविनाश सिंह, संजय तिवारी सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा कार्यालय में मनी जनेश्वर मिश्र की 17वीं पुण्यतिथि

**सीतापुर।** गुरुवार समय 12.00 बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय जिला मुख्यालय सीतापुर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, प्रखर समाजवादी चिन्तक जन संघर्षों के प्रेरणा श्रोत छोटे लोहिया स्व० जनेश्वर मिश्र की 17वीं पुण्यतिथि पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव के द्वारा की गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष ने स्व. जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही सभी नेतागण व पदाधिकारी गणों ने भी छोटे लोहिया के चित्र पर श्रध्दासुमन अर्पित किये।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं के गांव में हुआ था। उनके पिता रंजीत मिश्र किसान थे। बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहबाद पहुंचे जो उनका कार्यक्षेत्र रहा। जनेश्वर जी को आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन में इतना पगे कि उन्हें लोग छ्रोटे लोहियाछ के तौर पर ही जानने लगे। छात्रों के मुद्दे पर उन्होंने कई आंदोलन छेड़े जिसमें छात्रों ने उनका बढ़-चढ़ कर साथ दिया। 1967 में उनका राजनैतिक सफर शुरू हुआ। वह जेल में थे तभी लोकसभा का चुनाव आ गया। छुन्नन गुरू व सालिगराम जायसवाल ने उन्हें फूलपुर से विजय लक्ष्मी पंडित के खिलाफ चुनाव लड़ाया। चुनाव सात दिन बाकी था तब उन्हें जेल से रिहा किया गया। चुनाव में जनेश्वर को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद बनीं फूलपुर सीट पर 1969 में उपचुनाव हुआ तो जनेश्वर मिश्र सोशलिस्ट पार्टी से मैदान में उतरे और जीते। लोकसभा में पहुंचे तो राजनारायण ने छ्रोटे लोहियाछ का नाम दिया। छोटे लोहिया जी समाजवाद की परिभाषा में यही कहते थे कि समता और सम्पन्नता लाना ही समाजवाद है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, प्रदीप सिंह पन्नू, दिग्विजय सिंह देव, चंद्रशेखर यादव, अंकित त्रिवेदी, देशदीपक भार्गव, देवेंद्र यादव, शिवम सिंह, राजकिशोर गौतम, शुभम यादव, कपिल मिश्रा, सुनील राठौर, रियाज अहमद, मो नादिर प्रधान, मनोज भारती, अताउल्ला अंसारी, संदीप कश्यप, जयकरन राजवंशी, अरशद खां, कमलेश कुमार, नवनीत वर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता की निर्मम हत्या में कानून व्यवस्था पर सवाल

**फतेहपुर।** फतेहपुर में वरिष्ठ अधिवक्ता जयराज मानसिंह की हत्या से उबाल, सड़क जाम कर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन महज एक हफ्ते के भीतर पांच हत्याओं ने पूरे जिले को हिला कर रख दिया है ताजा मामला वरिष्ठ अधिवक्ता जयराज मानसिंह की निर्मम हत्या का है, जिसने कानून व्यवस्था पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं दिन शाम हुई इस हाई प्रोफाइल मर्डर के बाद पूरे अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला घटना की खबर मिलते ही सैकड़ों अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार करते हुए जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पटेल नगर चौराहे पर सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की प्रदर्शनकारी अधिवक्ता मौके पर एसपी और डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े रहे और जब तक अधिकारी नहीं पहुंचे, आंदोलन जारी रखा। आपको बता दें, मृतक वरिष्ठ अधिवक्ता जयराज मानसिंह सैकड़ों बीघे बेशकीमती जमीन के मालिक थे, ऐसे में हत्या के पीछे जमीन विवाद की आशंका भी गहराती जा रही है। अधिवक्ताओं ने साफ तौर पर मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए मामले की गंभीरता को देखते हुए देर रात एडीजी और आईजी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वहीं पुलिस ने इस हत्याकांड में कार्रवाई करते हुए मृतक के मैनेजर अंकित को हिरासत में लेकर उससे गहन पूछताछ की जा रही है तनावपूर्ण माहौल के बीच एसपी अनूप सिंह खुद प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे और उन्हें मामले के शीघ्र खुलासे का भरोसा दिलाया। जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ता शांत हुए और जाम को खुलवा दिया गया।

# जागरूकता चौपाल और संवाद में सांसद ने गिनायीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

जिला संवाददाता

**हिलौली, उन्नाव।** जन जागरण अभियान के अंतर्गत मुरैठा ग्राम पंचायत एवं बबरौला ग्राम पंचायत में आयोजित जागरूकता चैपाल एवं संवाद कार्यक्रम में माननीय राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सांसद संजय सेठ ने जी राम जी अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में जो बिल पास हुआ है, उसके तहत अब मनरेगा के अंतर्गत 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार मिलेगा, जिससे ग्रामीणों को अधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह बिल पूरी तरह से जनहित में है और इसका उद्देश्य आमजन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं सांसद जी के समक्ष रखीं, जिनका उन्होंने गंभीरता से संज्ञान लिया। सांसद ने सरकार की विभिन्न योजनाओं को बारीकी से समझाते हुए लोगों को उनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संवाद का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भाइयों एवं बहनों को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बरौला प्रधान बीना उर्फ रिंकू, मिजापुर प्रधान शिवावती, बृजेश सिंह, अवधेश दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ, भाजपा नेता कृष्ण वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही पत्रकारों में राजेश चैधरी, रामबाबू, राजेश यादव, संतोष शुक्ला, राजेश पांडे, पवन सिंह, मनीष यादव, गौरी सिंह, वसीम सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# चार दिनों के लिए श्यामनाथ रेलवे क्रॉसिंग की गयी बंद



जिला संवाददाता

**सीतापुर।** शहर के लोगों को आज सुबह 10 बजे से आगामी चार दिनों तक यातायात संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उत्तर रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार सीतापुर सिटी स्टेशन स्थित श्यामनाथ रेलवे क्रॉसिंग (गेट संख्या 51) को ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार सुबह 10 बजे से बंद कर दिया गया है। यह रेलवे फाटक 22 जनवरी से 25 जनवरी की शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का वाहनों का आवागमन क्रॉसिंग से नहीं हो सकेगा।

### वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गो का लेना होगा सहारा

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेल पटरियों की मरम्मत और तकनीकी कार्य को सुरक्षित तरीके से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। कार्य के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फाटक को पूरी तरह बंद रखा जाएगा। उत्तर रेलवे ने इस संबंध में पत्र जारी कर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को पहले ही अवगत करा दिया है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से इमलिया और गोला रोड की ओर जाने वाले वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना होगा। प्रशासन द्वारा तय किए गए रूट के अनुसार अब वाहन अमीरनगर और सलेमपुर अलीरजा नगरा रोड से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। इसके लिए संबंधित मार्गों पर संकेतक भी लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।

फाटक बंद रहने के कारण सुबह और शाम के समय यातायात का दबाव वैकल्पिक मार्गों पर बढ़ने की संभावना है। ऐसे में पुलिस और ट्रैफिक विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्गों पर तैनाती बढ़ाई जाएगी ताकि जाम की स्थिति न बने। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। साथ ही समय से पहले घर से निकलकर यात्रा की योजना बनाएं, जिससे किसी तरह की परेशानी से बचा जा सकें।

## मंदिर की तीसरी प्राणप्रतिष्ठा वर्षगांठ पर तहरी भोज का आयोजन

**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलानी के काछिन खेड़ा में स्थित परमेश्वर महादेव मंदिर के तीसरी प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर तहरी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर प्रांगण में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा भोले बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी सर्वेश कुमार ने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का यह तीसरा वर्ष है यह मंदिर गांव के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बिंदु है। गांव के लोग शादी, विवाह व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम इस मंदिर में पहुंचकर पूंजन अर्चन करते हैं और लोग इस मंदिर को ग्राम देवता के नाम से भी जानते हैं। इस अवसर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रमों से सनातन धर्म को बढ़ावा मिलता है और धर्म के प्रति लोगों की विशेष आस्था के साथ आपसी भाईचारा देखने को मिलता है। इस मौके पर श्री नारायण पाल, स्वतंत्र मास्टर, सलोने, राकेश, राजेंद्र कुमार, देशराज यादव, डॉक्टर विनोद कुमार, गोवर्धन, संतलाल कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, प्रदीप कुमार, राकेश साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# समरसता भोज, स्वास्थ्य शिविर और सम्मान समारोह का आयोजन

जिला संवाददाता

**उन्नाव।** नवाबगंज क्षेत्र में ग्राम प्रधान अभ्येंद्र सिंह एक बार फिर जनसेवा की मिसाल बनकर सामने आए। कड़ाके की ठंड में जहां जरूरतमंदों की जिंदगी सिहर उठती है, वहीं प्रधान अभ्येंद्र सिंह ने

### समाजसेवा की जीवंत मिसाल ग्राम प्रधान अभयेन्द्र सिंह बने, हजारों की तादात में बांटे कंबल

महिलाओं, बुजुर्गों और असहाय लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें राहत की गर्माहट दी। इसी के साथ ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर यह संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि केवल पद नहीं, बल्कि सेवा का नाम है। कार्यक्रम में हजारों ग्रामीणों की



मौजूदगी इस बात का प्रमाण बनी कि क्षेत्र की जनता प्रधान के कार्यों पर भरोसा करती है। कंबल पाकर बुजुर्गों की आंखों में संतोष और महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान साफ दिखाई दे रही थी। लोग प्रधान को दुआएं देते नहीं थक रहे थे। एक महिला लाभार्थी भावुक होकर बोली, छ्पैसा होना अलग बात है, लेकिन इस तरह जरूरतमंदों की मदद करना बड़ी बात है। प्रधान अभ्येंद्र सिंह से ऐसे काम सीखने चाहिए। मैं दिल से दुआ देती हूं कि वे और ऊंचे पद पर पहुंचें और इसी तरह लोगों की सेवा करते रहें छ्र कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और प्रभाव दोनों बढ़ गए। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं और गरीब व असहाय वर्ग को वास्तविक सहारा देते हैं। इस अवसर पर मोहन विधायक बृजेश रावत, जिला कोऑपरेटिव अध्यक्ष अरुण सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल सिंह लोधी दीपू सिंह, आशीष सिंह, आनंद कुमार अर्जुनामऊ दिनेश सिंह, नीरज सिंह, सौरभ सिंह, मनोज पांडे, सोनू सिंह, मोनू सिंह, कमल नारायण मिश्र, संदीप सिंह, सानू बीडीसी, रियाज मंसूरी, अमित सिंह, छोटू, शत्रोहन यादव, सम्मानित पत्रकार साथी सहित अनेक गणमान्य एवं विशिष्ट जन मौजूद रहे। यह आयोजन सिर्फ कंबल वितरण या स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि जब नेतृत्व संवेदनशील हो, तो शासन नहीं सेवा दिखाई देती है। प्रधान अभ्येंद्र सिंह ने यह साबित कर दिया कि सच्ची राजनीति वही है, जो अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंच सके।

## अग्रहरि समाज दिवस समारोह और परिचय सम्मेलन भव्य रूप से संपन्न

**फतेहपुर।** अग्रहरि समाज स्वीकृति जनपद फतेहपुर द्वारा आयोजित अग्रहरि दिवस समारोह एवं परिचय सम्मेलन गुरुवार को अग्रहरि ट्रेडर्स बजाज एजेंसी, ग्राम सुकेती में अत्यंत भव्य, उल्लासपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समाज बंधुओं ने इस अवसर पर अपनी एकजुटता का शानदार प्रदर्शन किया, जो अग्रहरि समाज के सामाजिक उत्थान की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ, उसके पश्चात समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन किया। उन्होंने कहा, छ्रअग्रहरि समाज का इतिहास संघर्ष और सेवा का प्रतीक है। हमें अपनी परंपराओं को निभाते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना होगा।छ्र वहीं, महेंद्र कुमार गुप्ता ने समाज के आर्थिक सशक्तिकरण पर बल देते हुए युवाओं से अपील की कि वे व्यापार और उद्यमिता में आगे बढ़ें मित्रकार रोहित अग्रहरि व अनीत अग्रहरि अपने प्रेरक भाषण में कहा, छ्रसमाज की प्रगति तभी संभव है जब हम शिक्षा और जागरूकता पर ध्यान दें। आज का यह परिचय सम्मेलन नए रिश्ते जोड़ने का माध्यम बनेगा।छ्र अन्य वक्ताओं ने भी अग्रहरि समाज की सामाजिक योगदान, जैसे शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य शिविर और सामुदायिक विकास पर चर्चा की। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं एवं बच्चे सभी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक-दूसरे का परिचय करते हुए नेटवर्किंग सत्र का लाभ उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में लोकगीत, नृत्य और कवि सम्मेलन ने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। अंत में सभी ने अग्रहरि समाज को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम समाप्त घोषित की।

## संक्षेप

### समाजसेवी ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**बांदा।** नगर पालिका के ब्रांड एम्बेसडर, समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शहर को नगर निगम बनाने की मांग की है। उन्होने भेजे पत्र में कहा कि बांदा का स्थलीय सीमा विस्तार हो जाने से शहर का दायरा बढ़ा है। इसमें कनवारा, भूरागढ़, त्रिवेणी, गंछा, कहला, तिंदवारा, मवई, जमालपुर, लामा, महोखर, जमनीपुरवा, गुरेह, पल्हरी सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव शहर से जुड़े हुए हैं लेकिन अभी तक सरकारी रिकॉर्ड में सीमा विस्तार नहीं हुआ है। इन गांवों की आबादी व क्षेत्रफल जोड़ने के बाद, बांदा शहर की आबादी नगर निगम के मानकों को पूरा करके आगे निकल जाएगी।

### सरकारी हैण्डपम्प से पानी भरने पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम जरावली निवासी कन्हैयालाल पुत्र राजधर ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी की शाम 5 बजे उसकी भतीजी अपनी भाभी के साथ मोहल्ले में लगे सरकारी हैण्डपम्प पर पानी भरने गयी थी। तभी वहां खड़े गोपाल पुत्र हल्लू अहिरवार ने उसकी भतीजी को पानी भरने से मना किया, जिसका विरोध करने पर उसने भतीजी के साथ मारपीट करते हुये गालियां दीं। शोरगुल होने पर बचाने पहुंचे श्यामसिंह व भागचंद्र के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ललितपुर।** झांसी के थाना बबीना अंतर्गत ग्राम सरवां निवासी अर्जुन सिंह पुत्र कल्यान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 18 जनवरी को उसका भाई शिशपाल सिंह अपनी मोटर साइकिल नम्बर एम.पी.32 जेड.सी. 1380 से ललितुपर से वापस गांव लौट रहा था। शाम करीब 4 बजे तेरई फाटक के पास ग्राम रानीकोडर के पास पीछे से आ रही बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 1835 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई घायल हो गया। उसके भाई को एम्ब्युलेंस के जरिए तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अब उसके भाई का उपचार झांसी में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रिक्शा चालक से मारपीट का केस दर्ज

**ललितपुर।** रामलीला बंध रावतयाना में रहने वाले राजकुमार पुत्र क्षमाधर ने चैकी सदर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह रिक्सा चलाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है।

बीती 27 दिसम्बर 2025 की शाम करीब 5 बजे वह डा.राजकुमार जैन की अस्पताल के बाहर मुख्य रोड पर सवारियों से पैसा लेकर उतर रहा था, तभी वहां पहले से मौजूद नदी के पास सरदारजी की टाल के पीछे रहने वाला संजीव राजा पुत्र मानसिंह मौजूद था, जिसने अपने दो अज्ञात साथियों से मिलकर उसे गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस मारपीट में उसकी हालत काफी खराब हो गयी और वह मौके पर ही बेहोश हो गया था।

राहगीरों ने उसे एम्ब्युलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजीव राजा व उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पूर्व सैनिकों की समस्या निस्तारण के निर्देश

**बांदा।** जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये।

इस दौरान पूर्व सैनिक अनूप सिंह, भूपति के चोरी से सम्बन्धित समस्या बताने पर निराकरण के निर्देश अपर पुलिस अधीक्षक को दिये। इसी प्रकार विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने, नाली पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत, बिजली खेड़ा में नहर के किनारे की रोड बनवाने, पूर्व सैनिक श्यामबाबू राठौर ने भूरागढ में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा लगाये जाने, पूर्व सैनिक अजय सिंह ने तिन्दवारी में घर के ऊपर विद्युत के तार हटाये जाने का अनुरोध किया, डीएम ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी कर चूना लगाने वाले चार शातिर गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** क्राइम ब्रांच ने फर्जी दस्तावेज के सहारे फर्जी फर्म बनाने और जीएसटी चोरी कर सरकार को चूना लगाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि गैंग के सरगना समेत तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कर अधिकारी खंड धामपुर ने थाना शेरकोट में छह अलग-अलग मुकदमें दर्ज कराए थे। मुकदमें में नामजद नजमीन जहां, अफजल, शायदा परवीन, छम्मो बेगम और शमशाद निवासीगण थाना शेरकोट से पुलिस ने पूछताछ की। विवेचना में सामने आया कि गांव की शमा परवीन ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा इनसे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बिजली बिल आदि दो-दो हजार रुपये में ले लिए। शमा परवीन के साथी इंद्रजीत ने उक्त दस्तावेज जीशान और अजमल को दिए।

शातिरों ने बाद कामा ट्रेडर्स, एमए ट्रेडर्स, स्काई इंटरप्राइजज, सीएम टिम्बर्स, एसडी इंटरप्राइजेज फर्म बनाकर कादिर को बेच दी गई। इन फर्म के माध्यम से धरातल पर कोई कारोबार किए बिना फर्जी बिल बनाकर सरकार को दो करोड़ 24 लाख रुपये का चूना लगाया गया। आरोपियों के पास से तीन कूटरचित आधार कार्ड, दस अन्य पहचान पत्र, 30 फर्म खोलने वाले दस्तावेज और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सचिन मलिक प्रभारी स्वाट टीम, उ0नि0 सुनील कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल, उ0नि0 हिमान्शु गोस्वामी सर्विलांस सेल, निरीक्षक नरेश पाल क्राइम ब्रांच, निरीक्षक राजकुमार सरोज क्राइम ब्रांच, थानाध्यक्ष शेरकोट उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार, उ0नि0 ललित कुमार, का0 विशाल तोमर सर्विलांस सेल, हे0का0 चैन सिंह, का0 सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, सतेंद्र कुमार शामिल रहे।

### उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी

**बांदा।** उद्यमिता जगरुकता कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को जन शिक्षण संस्थान सब सेंटर राजकीय महिला पीजी कॉलेज में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त गुरदेव राय, जेएसएस के निदेशक मोहम्मद सलीम अख्तर, राजकीय महिला पीजी कॉलेज की डॉ. दीपाली गुप्ता, डा. सबीहा रहमानी, ईडीआईआई के फैकल्टी पीएन श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर की। इसमें लगभग 64 महिलाओं ने भाग लिया। प्राचार्य डा. दीपाली गुप्ता ने कहा कि प्रोडक्ट को बनाने के बाद उसकी कैसे कोस्टिंग और मार्केटिंग की जाये, इस पर प्रतिभागियों को पूरी जानकारी दी जाये। प्रवक्ता डॉक्टर सबीहा रहमानी ने राष्ट्रहित में स्वदेशी सामान का इस्तेमाल करने पर जोर दिया। जनशिक्षण संस्थान के निदेशक मोहम्द सलीम अख्तर ने कहा कि इस कार्यक्रम से जनपद के लोगों में जागरूकता पैदा होगी।

उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र गुरदेव राय ने जनपद में संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, माटी कला विकास योजना के तहत पात्रता, ऋण सीमा, आवेदन प्रक्रिया, विभागीय सहायता एवं कौन-कौन से कार्य योजना में नहीं शामिल हो सकते हैं की जानकारी दी। पीएन श्रीवास्तव ने संस्थान उद्यमी के गुण, उद्यमी बनने के फायदे बताए।

# रोल प्रेक्षक और राजनैतिक दलों के बीच बैठक बूथ पर मौजूद रहें बीएलए



**बांदा।** रोल प्रेक्षक, आयुक्त की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण बैठक जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई। आयुक्त अजीत कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी पार्टी प्रतिनिधि अपने बीएलए को जागरूक कर विशेष गहन पुनरीक्षण में 31 जनवरी व 1 फरवरी को प्रत्येक दशा में बूथ पर बीएलओ के सहयोग के लिए मौजूद रहें।

उन्होने अपने बीएलए अन्य दिवसों में भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए। रोल प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में किसी भी मतदाता का नाम सम्मिलित से छूटने न पाए और किसी का नाम गलत अंकित न होने पाए। उन्होने कहा कि नोटिस की सुनवाई के समय बीएलए उपस्थित रहें। उन्होने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने नये मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने के लिए डिग्री कॉलेज में कैंप लगाए जाने तथा नयी फोटो लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी की गयी है उन्हे समय से तामील कराया जाए साथ ही नाम जोड़ने व संशोधन के लिए बीएलओ के पास फार्म-7 व 8 जरूर उपलब्ध रहे।

मतदाता सूची में महिला मतदाताओं के नाम अंकित करने का विशेष ध्यान रखा जाए। बिना वजह किसी मतदाता का नाम छूटने न पाए। उन्होने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के तहत 1 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा रहा है। निर्वाचक नामावलियों का आलेख 6 जनवरी को सभी विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिहीत मतदेय स्थलों पर प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होने बताया कि 6 फरवरी तक दावे, आपत्तियां अर्थात फार्म-6, 7, 8 प्राप्त किए जाएंगे। सभी कार्य दिवस पर मतदेय स्थल पर फार्म प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होने निर्देश दिए कि दावे व आपत्ति की सूची डीईओ पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होने निर्देश दिए कि 31 जनवरी व 1 फरवरी को विशेष अभियान घोषित किया गया है। इस दिन बीएलओ बूथ पर उपस्थित होकर मतदाताओं के फार्म एकत्र करेंगे। कहा कि मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देखने के लिए 6 फरवरी तक मतदान केन्द्रों व आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर आयुक्त, सभी उप जिलाधिकारी व राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# देवरान में प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिले



**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवरान में गुरूवार की सुबह प्रेमी युगल का शव पेड़ से लटका मिला है। जानकारी के अनुसार, दोनों पिछले तीन दिनों से लापता बताए जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना देवरान गांव के पास एक महुआ के पेड़ की बताई जा रही है, जहां ग्रामीणों ने दोनों के शव देखे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। लड़की के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 19 जनवरी 2026 की रात लगभग 11 बजे से लापता थी। परिजनों द्वारा तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। उमा के लापता होने की सूचना डायल 112 पर भी दी गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना 2027 के लिए जिला स्तरीय जनगणना समिति का किया गया गठन

जिला संवाददाता

- जिला स्तरीय 15 अधिकारियों को सौंपी जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी
- 2878 प्रगणक ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर 34 बिंदुओं पर भरेंगे सूचनाएं
- जनपद के गांवो और वार्डो को 2618 ब्लॉकों में बांटकर की जाएगी जनगणना
- जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि ने समिति के सदस्यों के साथ बनायी कार्ययोजना

**ललितपुर।** जिले में जनगणना-2027 सम्पादित की जानी है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जनगणना समिति का गठन किया है, जिसमें जनपद, परगना एंव तहसील स्तर की जनगणना कार्य हेतु जिले के 15 अधिकारियों को नियुक्त किया है। जनपद में जनगणना कार्य को सम्पादित किये जाने हेतु बुधवार को जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि प्रत्यूश यादव ने जिला स्तरीय जनगणना समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जो फरवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है।

जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी। डीएम सत्यप्रकाश ने बताया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है।

इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। मास्टर ट्रेनरों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स सुरपरवाईजर व प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। इन कार्मिकों की नियुक्ति जनवरी से फरवरी 2026 तक की जाएगी और इनका प्रशिक्षण मार्च से अप्रैल 2026 तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए जनपद में ग्राम रजिस्टर व नगर रजिस्टर एवं मलिन बस्तियों का डाटा तैयार कर लिया गया है और पाली व मड़ावरा तहसील के सम्भाजन ग्रामों को भी अद्यतन कर लिया गया है। इसके आधार पर जनगणना हेतु जनपद का मैप भी तैयार हो गया है। डाटा के अनुसार तहसील सदर में 198 ग्राम, महरौनी में 145 ग्राम, तालबेहट में 168 ग्राम, पाली में 106 तथा मड़ावरा में 133 ग्रामी शामिल है। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड को ब्लॉक के रुप में बांटा गया है, जिनकी संख्या 2618 है, जिसमें अधिक से अधिक 800 की आबादी को शामिल करके गणना कार्य किया जाएगा और मलिन बस्तियों की जनगणना अलग से की जाएगी।

### हत्या की घटना में संलिप्त 8 अभियुक्त गिरफ्तार




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में 22 जनवरी 2026 को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 191(2),191(3),190,109(1),103(1),115(2),352 बीएनएस से सम्बन्धित 8 अभियुक्तों शिवम यादव पुत्र अलखराम यादव उम्र करीब 25 वर्ष, लोकेंद्र यादव पुत्र रमाशंकर यादव उम्र करीब 19 वर्ष, अंकित यादव पुत्र प्रेमनारायण यादव उर्फ कम्प्यूटर उम्र करीब 19 वर्ष, जसवेन्द्र यादव पुत्र धर्मजीत यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम मवइया थाना अजनर जनपद महोबा, राहुल गुप्ता उर्फ कल्लू पुत्र रामनारायण गुप्ता उम्र करीब 20 वर्ष, अभय रैकवार पुत्र घनश्याम रैकवार उर्फ धन्नू उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण मोहल्ला धनुषधारी कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा, राज यादव पुत्र दीनदयाल यादव उर्फ कल्लू बॉस उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मोहल्ला छोटा रमना कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा, शिवम नामदेव पुत्र कमल किशोर नामदेव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मोहल्ला सेवाग्राम कस्बा व थाना खजुराहो जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को ग्राम महुआबांध के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### महिला की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पनारी में रहने वाली रामदेवी ने कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। रामदेवी के अनुसार उसकी शादी 10 वर्ष पहले राहुल पुत्र धनीराम के साथ हुयी थी। आरोप है कि राहुल आये दिन उसे किसी न किसी बात को लेकर परेशान करते हुये दहेज की मांग करता है और विरोध करने पर मारपीट की जाती है। इसके अलावा उसके सास-ससुर बचाव करने आते हैं तो पति उनके साथ भी गालियां देते हुये मारपीट करने लगता है। मायके पक्ष द्वारा भी राहुल को समझाने के बावजूद भी वह विवाद करता है। मारपीट से तंग आकर वह अपने मायके ग्राम रोंडा आती तो वह प्रधान के साथ मिलकर उसे जबरन वापस ले जाता। आरोप है कि 17 जनवरीको अपराह्न 12 बजे से उसका पति फिर विवाद करते हुये उसके साथ मारपीट कर रहा है। अब उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर राहुल के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# राजस्व निरीक्षक संघ ने डीएम को सौंपा मांगपत्र



**बांदा।** राजस्व निरीक्षक संघ ने जिलाधिकारी को समस्याओं का मांग पत्र देकर निस्तारण करने की मांग की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्व निरीक्षक संघ की कार्यकारिणी बैठक में समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। मांगपत्र में प्रमुख रूप से मांग की गयी है कि राजस्व निरीक्षक फील्ड को तहसीलों में बैठने के लिए कोई कक्ष, कुर्सी, मेज, फर्नीचर की व्यवस्था नही है। ऐसी स्थिति में तहसीलों में राजस्व निरीक्षकों की व्यवस्था का समाधान कराया जाए। समय से स्थाईकरण कराया जाए। क्रॉप कटिंग का मानदेय भुगतान कराया जाए। लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण कराकर व्यय धनराशि का भुगतान कराया जाए। राजस्व निरीक्षक योगेन्द्र द्विवेदी तहसील बांदा का निलंबन और सिपाहीलाल राजस्व निरीक्षक तहसील बबेरू की विभागीय कार्रवाई का निस्तारण कराया जाए। इसके अलावा राजस्व निरीक्षकों को सेवा निवृत्त तिथि को सभी देयकों का भुगतान एवं लंबित पेंशन मामलों का निस्तारण कराने के साथ ही राजस्व निरीक्षक फील्ड को चेनमैन उपलब्ध कराने के लिए शासन में पत्राचार करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने राजस्व निरीक्षकों की समस्याओं का यथासंभव निस्तारण करने का भरोसा दिया। इस दौरान संघ जिलाध्यक्ष रामप्रकाश पटेल, जिला मंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाब सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर शिविर और ढाबों के खाद्य सामग्री की नियमित रुप से जांच करें: डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षात्मक रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समस्त अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एंव ईमानदारी से करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा निरीक्षण के दौरान पायी जाने वाली कमियों एवं समस्याओं का तत्काल निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर लगाए गए सभी कैमरों को एक्टिवेट भी करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि कैमरा कंट्रोल रूम की भी स्थापना करना सुनिश्चित करें तथा उनकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग के गड्ढे भरने और नगर निगम को कावड़ मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएंगे और एम्बुलेंस की सुविधा 24 घंटे उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन द्वारा शिविरों और ढाबों पर दी जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और समस्त ढाबों की रेट लिस्ट को भी देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि गुलदार प्रभावी सभी क्षेत्रों में गुलदार एवं उससे बचाव के साइन बोर्ड भी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एंव ईमानदारी से करना सुनिश्चित करें और आपसी समन्य स्थापित करते हुए अपने कार्यों को अंजाम दें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पूरे कांवड यात्रा मार्ग की ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। बैठक में कांवड़ मार्गों पर यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन के माध्यम से निगरानी, मेडिकल कैंपों की स्थापना, एम्बुलेंस की उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा विद्युत सुरक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्विक रिस्पांस टीम) सक्रिय रहें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह, सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निकाय, परिवहन के अधिकारी मौजूद रहे।




### वन विभाग की टीम ने पैदल गस्त कर मानव वन्यजीव संघर्ष के रोकथाम की जानकारी दी



**कोटद्वार, बिजनौर।** पाखरी रेंज परिसर में सोनानदी/पाखरै रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेन्द्र सिंह चकरायत ने सोनानदी रेंज के कर्मचारियों एवं पाखरी रेंज के कर्मचारियों को एकत्रित कर टीम के साथ वन क्षेत्राधिकारी सोनानदी द्वारा समस्त कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गयी। वन क्षेत्राधिकारी राजेन्द्र सिंह चकरायत ने गुरुवार को ब्रीफिंग में एसओजी टीम एवं डॉग स्कोट को भी शामिल किया गया।

ब्रीफिग के बाद बढ़ापुर रेंज एवं सहूवाला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी से आगामी फायर सीजन एवं मानव वन्यजीव संघर्ष को ध्यान में रखते हुये वार्ता की गयी। वार्ता के पश्चात सभी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा थाना बढ़ापुर क्षेत्र बस अड्डे की डॉग स्कोट द्वारा सर्च ऑपरेशन किया गया। वन विभाग की टीम ने सहूवाला क्षेत्र के रौखत्ता क्षेत्र एवं गूजर डैरा क्षेत्रों की पैदल मार्च/फ्लैग मार्च करते हुए भोगपुर गाँव पहुंचकर सभी क्षेत्रों में ग्राम वासियों को मानव वन्यजीव संघर्ष के रोकथाम की जानकारी दी और आगामी फायर सीजन को रोकने की आपील भी की। फ्लैग मार्च कार्यक्रम का समापन मोरघट्टी सोनानदी में किया गया। फ्लैग मार्च में वन क्षेत्राधिकारी सोनानदी रेंज राजेन्द्र सिंह चकरायत, एसओजी प्रभारी मथुरा सिंह मवाड़ी, वन क्षेत्राधिकारी सहूवाला रामवृक्ष राय, वन क्षेत्राधिकारी बढ़ापुर रमेश यादव, वन दारोगा सोनानदी रवीन्द्र देव जखबवाल, वन दारोगा पाखरौ हरीश कुमार, डॉग स्कोट प्रभारी संजय कुमार, वन आरक्षी पाखरो रेंज इन्द्र मोहन ध्यानी, वन आरक्षी सोनानदी रेंज शुभम नौटियाल, वन आरक्षी पाखरी रेंज कु0 तनुजा, जसपाल, दीपक सिंह आदि शामिल रहे।

# भौंरट बांध परियोजना में अधिग्रहीत संपत्ति का मांगा मुआवजा

जिला संवाददाता

- ग्रामीणों ने जल संसाधन मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के लखनऊ आवास पर गुहार लगाई
- टालमटोल कर प्रभावितों को टरका देते हैं अधिकारी

**ललितपुर।** तहसील महरौनी के ग्राम छपरट के दर्जनों विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने कृषि भूमि, आवासीय मकानों, ट्यूबबेल, हैंडपम्प, फलदार, इमारती पेड़ों और बगीचों का अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। घरों का मुआवजा नहीं मिलने से लोग अपने घर नहीं बना पा रहे हैं। पुराने मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जब विभागीय अधिकारियों से मांग की जाती तो टालमटोल कर प्रभावितों को टरका दिया जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें 2022-23 में बड़े हुए सर्कल मूल्य डूब क्षेत्र में लागू किए जाने की मांग करते हुए कहा कि जिले में कृषि भूमि 15 लाख रुपए प्रति एकड़ चल रहा है। जबकि उन्हें 8 लाख रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने मंत्री से शीघ्र और




उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। मांग करने वालों में जगदीश सिंह ने किया, उनके साथ काशीराम, मानकदास, गज्जू, रामकली, बड़ी बहू, प्रीतम, चंद्रभान, अमान, ज्ञासीराम, मानकुंवर, जखौरा बाई, बड़ी बहू, गुडडी बाई, कामता प्रसाद, राजकुमार, जानकी, घंसू, भगवत आदि रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 को

**ललितपुर।** श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुये बताया है कि इंटरमीडएट रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान की बोर्ड प्रयोगात्मक 2026 की परीक्षाएं 28 जनवरी को प्रातः 8 बजे से विद्यालय में सम्पन्न होंगी। उन्होंने सभी छात्रों से प्रयोगात्मक रिकार्ड लेकर परीक्षा में भाग लेने का आह्वान किया है।

# युवा नेतृत्व का दौर

ऐसा लगता है कि भाजपा में पीढ़ी परिवर्तन का दौर अब काफी आगे तक बढ़ चुका है। भाजपा शासित अधिकांश राज्यों में सीएम पदों पर युवा ही काबिज हैं। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर भी युवा ही है। संभवतः यह धारा और आगे बढ़ेगी जिससे संगठन के तमाम पदों पर भी युवा ही दिखायी देंगे। भाजपा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी-दीन दयाल उपाध्याय, अटल-आडवाणी, मोदी-शाह-राजनाथ सिंह के दौर से आगे बढ़ते हुए अब चौथी पीढ़ी का नेतृत्व तलाश रही है। नितिन भाजपा के इस परिवर्तन में नवीन प्रयोग हैं। जी हां नितिन नवीन भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में बड़े समारोह के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरूआत की है। यह भाजपा की स्थापित परंपरा है कि शीर्ष नेतृत्व एक नाम तय करता है और समूचा संगठन उस पर स्वीकृति की मुहर लगा देता है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाते हुए कभी कोई विरोध, चुनाव की चुनौती सामने नहीं आई, लिहाजा पार्टी में अब 'नवीन दौर' शुरू हो गया है। इसे स्वीकार करना चाहिए। भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष 45 वर्ष के युवा नेता हैं। उनसे पहले अमित शाह 49 वर्ष और नितिन गडकरी 52 वर्ष के थे, जब वे भाजपा अध्यक्ष बने। पार्टी के भीतर से यह खबर भी आ गई है कि भाजपा संगठन में अब 70 फीसदी पद 60 साल की उम्र से कम वाले चेहरों को दिए जाएंगे। साफ है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा ने नितिन नवीन के दौर



के साथ ही यह प्रचारित करना शुरू कर दिया है कि देश की 65 फीसदी आबादी युवा है और भाजपा जेन जी की पहली पसंद वाली पार्टी है। पार्टी के प्रथम सरोकार, लक्ष्य, प्राथमिकताएंए, कार्यक्रम आदि भी जेन जी केंद्रित होंगे। इस सोच और रणनीति के पीछे जनादेश के आंकड़ों का भी योगदान है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी से अधिक युवाओं ने भाजपा एनडीए के पक्ष में वोट दिए थे। राज्य स्तरीय चुनावों में समर्थन का यह आंकड़ा 45.47 फीसदी तक भी पहुंचा है। लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने संघ की सलाह से भाजपा अध्यक्ष के लिए एक निर्विरोध, निर्विवाद और संगठन के अनुभवी युवा चेहरे को चुना है। यह नाम जब सामने आया, तो प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर देश को हैरान कर दिया था। बहरहाल भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी और अटल बिहारी वाजपेयी को प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। भाजपा की पृष्ठभूमि भारतीय जनसंघ में निहित रही है, जिसकी स्थापना 21 अक्तूबरए 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय सरीखे साथियों के संग एक स्कूल के प्रांगण में की थी। आपातकाल के बाद जनता पार्टी के राजनीतिक संगठन का उदय हुआ तब जनसंघ समेत कई विपक्षी दलों ने अपना निजी अस्तित्व समाप्त कर जनता पार्टी में विलय किया था। नतीजतन 1977 का शानदार प्रचंड जनादेश विपक्ष को हासिल हुआ, लेकिन 1979 में जनता पार्टी के विघटन के बाद जनसंघ वाले गुट ने भाजपा का गठन किया। राजनीति में 45 साल का सफर कोई लंबा नहीं माना जाता, लेकिन आज भाजपा 17 करोड़ से अधिक सदस्यों और काडर वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह आश्चर्यजनक विस्तार और स्वीकृति है। भाजपा के प्रथम प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने 6 साल तक भारत सरकार का नेतृत्व किया। 26 मई 2014 से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। वह लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं। आज देश के 21 राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। करीब 68 फीसदी देश पर उनका शासन है। बिहार विधान सभा चुनाव के बाद भाजपा के 1654 विधायक हैं और एनडीए विधायकों की संख्या 2300 से अधिक है। यह आंकड़े और तथ्य बताते हैं कि भाजपा अपने स्वर्णिम युग में है और इस दौर में दुनिया की इस सबसे बड़ी पार्टी का नेतृत्व युवा के हाथ में होने से यह साबित होता है कि भाजपा युवाओं के महत्व और भूमिका को अच्छी तरह समझती है।

### विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
– हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
–स्वामी विवेकानन्द.

# भारत के रैबीज टीके का विदेशों में विरोध क्यों

**नरेन्द्र शर्मा**



सामयिक

ग्रेटर नोएडा में कुछ दिन पहले एक आवारा कुत्ते ने एक गाय को काटा, जिसके बाद उसे रेबीज हो गया। एहतियात के तौर पर उस गौशाला से दूध लेने वाले अधिकतर लोगों ने रेबीज-रोधी टीके लगवा लिए। उसी दौरान वहां एक महिला की मौत हो गई। उसमें रेबीज के लक्षण दिखायी दे रहे थे। लोगों का कहना है कि संक्रमित गाय का दूध पीने से महिला को रेबीज का संक्रमण हुआ था। उसने लापरवाही में वैक्सीन नहीं लगवायी थी। क्या संक्रमित गाय या भैंस का दूध पीने से रेबीज हो सकता है? आईसीएआर की एक रिपोर्ट कहती है कि रेबीज से संक्रमित गाय या भैंस के दूध में रेबीज वायरस होता है। अगर ऐसा दूध बिना उबाले पीया जाये तो खतरा है और ऐसा दूध पीने वाले को खतरे के आधार पर श्रेणी 1 में रखा गया है। इस श्रेणी में संक्रमित जानवर द्वारा मुंह, नाक, गुदा, जननांग व कंनंक्टिवा जैसे इंटैक्ट म्यूकस मेम्ब्रेन को चाटना और बिना खून निकले काटना भी शामिल है।

> भारत में रेबीज के केस व मौतें जो रिपोर्ट होती हैं, उनमें से 30-60 प्रतिशत का संबंध 15 वर्ष से कम के बच्चों से है, क्योंकि बच्चों में कुत्ते के काटने को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, रिपोर्ट नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि अगर तुरंत व उचित मेडिकल केयर मिले तो रेबीज मौत से हर व्यक्ति को बचाया जा सकता है, शत-प्रतिशत।

गौरतलब है कि एक बार लक्षण दिखने के बाद रेबीज का कोई इलाज नहीं है। मौत निश्चित है। इसलिए इससे बचाव करना ही बेहतर है। अगर आपको कोई जानवर काट ले तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। रेबीज का टीका लगवाएं। घाव को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं। पालतू जानवरों को रेबीज का टीका लगवाएं। आवारा जानवरों से दूर रहें। लेकिन चिंताजनक समस्या यह है कि इंसानों को लगायी जाने वाली एंटी-रेबीज वैक्सीन नकली आ रही हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन और अमेरिका की सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने पिछले साल के अंत में स्वास्थ्य चेतावनी जारी की कि अभयरब (इंसानों को लगायी जाने वाली एंटी-रेबीज वैक्सीन) नकली आ रही है। अभयरब भारत में उपलब्ध है और 1 नवम्बर 2023 से सकुर्लेशन में है। यह चेतावनी उस समय आयी जब भारत से यात्रा करने वालों में रेबीज के लक्षण दिखायी देने लगे। सीडीसी ने 25 नवम्बर 2025 को अपने ट्रैवेल नोटिस में कहा कि मानवों के लिए एक नकली अभयरब वैक्सीन भारत के मुख्य शहरों में बेची जा रही है और वह न सिर्फ हानिकारक हो सकती है बल्कि रेबीज को रोकने में भी नाकाम रह सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने यात्रियों, जिन्होंने भारत में 1 नवम्बर 2023 के बाद अभयरब लगवायी, से कहा कि वह इस टीकाकरण को अमान्य मानें और वैक्सीनेशन का नया कोर्स आरंभ करें। भारत की प्रमुख वैक्सीन निमार्ता कम्पनी इंडियन इम्मुनोलोजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल), जो अभयरब बनाती है, ने 27 दिसम्बर 2025 को कहा कि अभयरब का एक नकली बैच अब बाजार में उपलब्ध नहीं है।

आईआईएल के उपाध्यक्ष और गुणवत्ता प्रबंधन के प्रमुख सुनील तिवारी का कहना है कि भारत में निर्मित वैक्सीन का प्रत्येक बैच नेशनल कंट्रोल लेबोरेटरी (सेंट्रल ड्रग्स लेबोरेटरी) द्वारा टेस्ट व जारी किया जाता है, जोकि राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण के तहत डब्लूएचओ-जिनेवा प्री-क्वालिफाइड लेबोरेटरी है। यहां महत्वपूर्ण सवाल यह है कि किस प्रोटोकॉल का पालन किया जाये? अगर रोगी को संदेह है कि उसे नकली वैक्सीन लगी है, तो बुनियादी प्रोटोकॉल यह है कि वह योग्य डॉक्टर से सलाह ले कि क्या उसे सत्यापित, प्रामाणिक वैक्सीन की रिप्लेसमेंट खुराक लेने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि दोबारा रेबीज वैक्सीन लेने की अनुमति है और वह सुरक्षित भी है। रेबीज वैक्सीन निष्क्रिय वैक्सीन होती है यानी उसमें जीवित वायरस नहीं होता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर उसे बार-बार दिया जाना भी सुरक्षित है। स्वास्थ्य संस्थाएं वैक्सीन की संदिग्ध प्रभाविकता या एक्सपोजर की स्थिति में पुनःटीकाकरण की अनुमति देती हैं। एक्सपोजर काटने के संदर्भ में हो या संदेह की सूरत में, एक्सपोजर के बाद की सम्पूर्ण रोगनिरोधक श्रृंखला दी जाती है।

कहने का अर्थ यह है कि जब भी वैक्सीन की गुणवत्ता, प्रामाणिकता या समय-सारणी का प्रश्न उठता है तो पुनःटीकाकरण का सुझाव दिया जाता है। जिन मामलों में वैक्सीन की प्रामाणिकता, अनुचित खुराक, शीत श्रृंखला का अभाव या रिकाड्र्स का अभाव होता है तो भी पुनःटीकाकरण का सुझाव दिया जाता है। डॉक्टरों का यह भी कहना है कि जिस व्यक्ति का टीकाकरण हो चुका है और उसे अपनी इम्युनिटी स्टेट्स पर शक है, तो उसे भी खुराक दोहराने का सुझाव दिया जाता है। जिस व्यक्ति के शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता कमजोर होती है, उसे भी पुनःटीकाकरण की आवश्यकता पड़ सकती है। दरअसल, रेबीज जीवन पर विराम लगाने वाला रोग है, इसलिए इम्युनिटी सुनिश्चित करने से संबंधित कोई भी प्रश्न पुनःटीकाकरण को लाजमी बना देता है।

बिना वैध टीकाकरण के व्यक्ति के बारे में यह माना जाता है कि पहले उसका टीकाकरण हुआ ही नहीं और उसे पूरे कार्यक्रम का पालन करना होता है, यानी उसे 0, 3, 7, 14 व 28 दिनों में वैक्सीन लेनी होती है। गंभीर एक्सपोजर की स्थिति में रेबीज इम्मुनोग्लोब्युलिन दी जाती है। लेकिन अगर व्यक्ति का पहले टीकाकरण हो चुका है और उसके विश्वसनीय प्रमाण मौजूद हैं, तो फिर सिर्फ बूस्टर खुराक की ही जरूरत पड़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार भारत रेबीज के लिए स्थानिक है। संसार में रेबीज के कारण जो कुल मौतें होती हैं, उनमें से अकेले 36 प्रतिशत भारत में होती हैं। भारत पर रेबीज का वास्तविक बोझ पूरी तरह से ज्ञात नहीं है, लेकिन उपलब्ध जानकारी के अनुसार अपने देश में 18,000-20,000 मौतें सालाना रेबीज की वजह से होती हैं। भारत में रेबीज के केस व मौतें जो रिपोर्ट होती हैं, उनमें से 30-60 प्रतिशत का संबंध 15 वर्ष से कम के बच्चों से है; क्योंकि बच्चों में कुत्ते के काटने को अकसर अनदेखा कर दिया जाता है, रिपोर्ट नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि अगर तुरंत व उचित मेडिकल केयर मिले तो रेबीज मौत से हर व्यक्ति को बचाया जा सकता है, शत-प्रतिशत। लोगों को रेबीज से सुरक्षित रखने का सबसे सस्ता व अच्छा तरीका यह है कि कुत्तों का वैक्सीनेशन कर दिया जाये।

भारत का लक्ष्य है कि कुत्तों से होने वाली रेबीज पर 2030 तक विराम लगा दिया जाये और इसके लिए नेशनल रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम व संयुक्त नेशनल प्लान फॉर रेबीज एलिमिनेशन लागू किये गये हैं। कुत्तों के काटने पर होने वाली रेबीज मौतों पर विराम लगाने के लिए डब्लूएचओ और उसके ग्लोबल पार्टनर्स ने विस्तृत वन हेल्थ दृष्टिकोण अपनाया है, जिसके तहत बड़े पैमाने पर कुत्तों के वैक्सीनेशन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, पीईपी एक्सेस सुनिश्चित किया जा रहा है, हेल्थ वर्कर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है, निगरानी को बेहतर किया जा रहा है और सामुदायिक जागृति के जरिये काटने को रोका जा रहा है।

### सोशल मीडिया

जम्मू कश्मीर के डोडा में दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में सेना के जवानों का निधन अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मां भारती के वीर सपूतों को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। सीएम योगी.



रोजगार दो–सामाजिक न्याय दो, पदयात्रा के समापन पर वाराणसी में विशाल जनसभा को संबोधित किया, यूपी में हमारा नारा है, युवाओं को रोजगार नहीं तो 10 हजार दो। संजय सिंह.



जी राम जी अधिनियम से अब 125 दिन के काम की गारंटी, समय पर मजदूरी और गांव का समग्र विकास श्रमिकों का अधिकार बन रहा है, वहीं मनरेगा भ्रष्टाचार में डूबी थी। केशव प्र. मौ



# ईश्वर की उपासना

### अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है, तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# कविता से मुझे परहेज है...


### व्यंग्यलोक

वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरुआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही शुरू हो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया। बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यो के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ। मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है।



पूरन सरमा

# दिनोंदिन गंभीर होता जा रहा वैश्विक जल संकट



प्रतिबिंब

**लोकमित्र**

पानी की कमी से दुनियाभर के समुदायों के स्वास्थ्य और विकास को खतरा है, हमें इस बात को गंभीरता से समझना होगा- जो बाइडेन पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति। पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति की यह चिंता जायज है, मगर सवाल है क्या इस चिंता के लिए वे अपने देश को भी जिम्मेदार ठहराएंगे या इसके लिए बरती जाने वाली किफायत के दायरे में अपने देश को भी लाएंगे? ऐसा कभी नहीं होगा। जबकि हकीकत यह है कि दुनिया के मौजूदा जल संकट में सबसे बड़ी भूमिका दुनिया के विकसित और अमीर देशों की है, जिनमें अमरीका सबसे आगे है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं। जहां अफ्रीका के करीब 27 देशों में वहां के लोगों को औसतन प्रतिदिन 10 लीटर भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, वहीं औसतन अमरीकी नागरिक प्रतिदिन 100 गैलन यानी 350 लीटर पानी का इस्तेमाल करता है। यह स्थिति तो तब है, जब पिछले एक दशक में अमरीकियों के पानी के इस्तेमाल में कुछ कमी आयी है वरना 90 के दशक में और इस सदी के शुरूआती दशक में भी औसतन अमरीकी 400 लीटर पानी प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे। आज भी एक अमरीकी परिवार हर दिन औसतन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है यानी करीब हर दिन 1800 लीटर।

क्या पानी के इतने गैर जिम्मेदारी से इस्तेमाल के बावजूद अमरीकी राष्ट्रपति या वहां के किसी भी नेता को विश्व जल संकट पर इस कदर रस्मी आंसू बहाने की छूट होनी चाहिए? लेकिन आज की दुनिया की हकीकत यही है। दरअसल इंसान इतना चतुर हो गया है कि वह समस्याओं पर दिन-रात लंबे चौड़े खाके तो खींचता है, लेकिन इन परेशानियों को खत्म करने के लिए अपनी निजी भूमिका जरा भी नहीं अदा करता। ये लगभग वैसा ही है जैसे कि हर हिंदुस्तानी यह तो चाहता है कि भगत सिंह जैसे कुर्बानी की भावना से भरे राष्ट्रभक्त युवा हों, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भगत सिंह हमारे घर में पैदा हों। हम चाहते हैं, भगत सिंह पैदा तो हों, लेकिन पड़ोस में। दुनिया की ज्यादातर वैश्विक समस्याओं और उनके लिए खूब हाय-तौबा मचाए जाने का पूरा का पूरा रवैय्या कुछ इसी तरह का है। आज विश्व जल दिवस है (22 मार्च 2024)। पूरी दुनिया में जल संकट पर खूब रस्मी भाषण होंगे, चिंताएं व्यक्त की जाएंगी और सावधानियां सुझाई जाएंगी। लेकिन कोई ऐसा करने वाले दुनिया के बड़े बड़े नेताओं से पूछे कि वे यह सब उपदेश किसके लिए दे रहे हैं, क्या उन्हें या उनके देश को इन सब बातों पर खुद अमल नहीं करना चाहिए? अपने यहां तुलसीदास जी ने सदियों पहले लिख दिया है, 'पर उपदेश, कुशल बहुतेरे...।' दुनिया की किसी भी समस्या को लेकर आज इसी किस्म के पर उपदेश खूब दिए जा रहे हैं, लेकिन स्वयं उन पर अमल करना किसी को पसंद नहीं है। अगर जरा भी चिंता होती तो अमरीका और अफ्रीका में पीने के पानी को लेकर इस तरह का विकराल भेद नहीं होता कि एक अफ्रीकी परिवार को तो एक दिन में 5 गैलन पानी भी उपलब्ध न हो और एक अमरीकी परिवार हर दिन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करे? दरअसल दुनिया के एक नहीं ज्यादातर संकटों की यही कहानी है। एक अमरीकी हर दिन औसतन 8.2 मिनट नहाता है और लगभग 18 गैलन पानी खर्च कर देता है। 2005 में तो नहाने में औसतन अमरीकी 22 गैलन पानी खर्च किया करते थे, जबकि अमरीकियों की तुलना में दुनिया के दूसरे अमीर और विकसित देश, जो यह मानकर चलते हैं कि धरती के ज्यादातर संसाधनों का मनमानी से इस्तेमाल करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, ऐसे पश्चिमी देश भी अमरीका की मनमानी के सामने शरमा जाते हैं। क्योंकि जहां एक अमरीकी हर दिन करीब 100 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है, वहीं एक अंग्रेज बेचारा हर दिन महज 150 लीटर पानी से ही संतोष कर लेता है और एक जर्मन हर दिन 126 लीटर पानी कम से कम इस्तेमाल करता है। जबकि इन दिनों भारत के महानगरों में हर व्यक्ति के लिए औसतन प्रतिदिन महज 10 लीटर पीने का पानी उपलब्ध है और बंग्लुरु तथा चेन्नई जैसे जल संकट से घिरे महानगरों में आम लोगों को हर दिन पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। यह अकारण नहीं है कि इन दिनों बंग्लुरु के प्रशासन ने छोटे बच्चों के ही नहीं, बड़े शिक्षण संस्थानों को भी पानी के संकट के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया है और कई बड़ी कंपनियां जल संकट से घिरे होने के कारण अपने कर्मचारियों से वर्क फ्राम होम करने के लिए कह रहे हैं।

## आपकी बात

### स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती हों

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है।

अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

### अंतिम सांसें गिनता नक्सलवाद

हाल के वर्षों में नक्सलवाद पर कठोर प्रहार के कारण अब यह अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। जिस तरह सरकार नक्सलवाद का सफाया कर रही है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत से नक्सलवाद अतीत की बात हो जायेगा। लेकिन कई जगहों पर अभी भी नक्सलवाद बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे डि-फ्यूज, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही या अनदेखी कैसे हुई इसकी जांच-पड़ताल भी जरूरी है। दरअसल नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों पर अति सतर्कता की जरूरत है।

**धीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

गोसाईगंज अयोध्या। गोसाईगंजहअयोध्याहअंबेडकर नगर मुख्य मार्ग पर ठकुराइन के पोखरा के पास बुधवार शाम करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के मुताबिक अमितकुमार विश्वकर्मा40पुत्र सीताराम निवासी ग्राम सुदामापुर पोस्ट रउआ लोहनपुर अयोध्या गोसाईगंज से सामान खरीदकर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे।इसी दौरान अयोध्या की ओर से आ रही एक अन्य बाइक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक मोड़ लिया जिससे दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित कुमार विश्वकर्मा के बाएं हाथ, कंधे, सीने और पसलियों में गंभीर चोटें आईं वहीं सिर और पैर में भी चोट लगी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर 112 पुलिस पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय अयोध्या रेफर कर दिया।

# एक करोड़ रुपये से पर्यटन सुविधाओं का विस्तार

जिला संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत अयोध्या जनपद के नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज, सोहावल क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध ज्वाला माता मंदिर

- खिरौनी सुचित्तागंज स्थित ज्वाला माता मंदिर को मिला नया स्वरूप
- यात्री निवास से सोलर लाइट तक, ज्वाला माता धाम में विकास कार्य संपन्न
- यूपीपीसीएल ने पूरा किया ज्वाला माता मंदिर का पर्यटन विकास प्रोजेक्ट

का पर्यटन विकास कार्य पूरी तरह पूर्ण कर लिया गया है। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से कराई गई इस परियोजना के पूरा होने से मंदिर परिसर अब श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक हो गया है।ज्वाला माता मंदिर वर्षों से स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए इसे एक बेहतर धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। इस पर्यटन विकास कार्य को कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल (उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड) के माध्यम से पूरा कराया गया है। परियोजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए गए हैं, जिससे ये सुविधाएं लंबे समय तक उपयोगी बनी रहें। परियोजना के तहत यात्री निवास का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल व्यवस्था, आधुनिक शौचालय, सैंड स्टोन फ्लोरिंग और इंटरलॉकिंग कार्य भी पूरी तरह पूर्ण कर लिए गए हैं। मंदिर परिसर में स्टोन बेंच लगाए गए हैं, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों



को बैठने की सुविधा मिल सके।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर के प्रमुख स्थानों पर आकर्षक गेट और साइनेज लगाए गए हैं। वहीं ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से सोलर लाइट्स की व्यवस्था की गई है, जिससे रात के समय मंदिर परिसर पूरी तरह रोशन रहता है और बिजली की खपत में भी कमी आती है।यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक मनोज शर्मा ने बताया कि ज्वाला माता मंदिर का पर्यटन विकास कार्य पूरी तरह पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा ज्वाला माता मंदिर में कराए गए सभी निर्धारित विकास कार्य सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। यात्री निवास, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सैंड स्टोन फ्लोरिंग, इंटरलॉकिंग और स्टोन बेंच सहित सभी सुविधाएं श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध करा दी गई हैं। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और धार्मिक भावनाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। मंदिर परिसर में हुए विकास कार्यों को लेकर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि सुविधाओं के विस्तार से अब दर्शन व्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो गई है।इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार व आर्थिक मजबूती मिलेगी। कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में ज्वाला माता मंदिर का यह पर्यटन विकास कार्य आस्था और उदाहरण बनकर सामने आया है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद यह धार्मिक स्थल अयोध्या के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करता नजर आ रहा है।

## जनेश्वर मिश्र ने हमेशा समाजवाद को मजबूत करने का काम किया: हाफिज अयाज अहमद



बाराबंकी। जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया संघर्ष की जीती जागती मिसाल हैं। जिन्होंने हमेशा समाजवाद को मजबूत करने के लिए काम किया। कितनी भी कठिन परिस्थिति रही हो उन्होंने संघर्ष का रास्ता कभी नहीं छोड़ा। आज जनेश्वर मिश्र हम सबके बीच नहीं हैं लेकिन उनके संघर्ष विचार राजनीति करने वालों को सदैव गांव गरीब मे रहने वालों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए ऊर्जा देते रहेंगे। उक्त उद्गार समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पुरोधा स्वः पंडित जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी मे सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त व्यक्त किये। इस मौके पर जिला महासचिव हिमांशु यादव, हुमायूं नईम खान, वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, राजेश वर्मा, प्रदुमन यादव, लल्ला यादव, मोहम्मद आफाक, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, राजकुमार वर्मा आदि कार्यकताओं मौजूद रहे।

## मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्यवाही कर किये गये 15 चालान



बाराबंकी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन व यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने ध्वनि प्रदूषण और तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये चालान किये। आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने शहर के पटेल तिराहा, पल्हरी, नाका सतरिख चैराहे पर तेज व पटाखो की आवाज निकालने वाले बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्यवाही कर 15 चालान किये। इस दौरान कई साइलेंसरो को जब्त भी किया गया। तो वही परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को लाउडस्पीकर के माध्यम से हेलमेट पहनें और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं जैसे रोड सेफ्टी गीतो व संगीत से जागरुकता का संदेश दिया जा रहा है।

## श्रृंगीऋषि आश्रम पर हुआ 35वां वार्षिक निरंकारी संत समागम



गोसाईगंज-अयोध्या। श्री श्रृंगीऋषि आश्रम पर बृहस्पतिवार को 35वां वार्षिक विशाल निरंकारी संत समागम हुआ। समागम में 7 जिलों के संतों ने भाग लिया और हजारों लोगों ने संतों की वाणी का श्रवण करते हुए लंगर प्रसाद खाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जौनपुर से आए मानिकचंद तिवारी जोनल कोऑर्डिनेटर ने कहाकि जेहि जानहि जेहि देहि जनाई । देखत तुम्हें तुम्हें होई जाइ । उस परमपिता को हम तभी जान सकते हैं ,जब वह स्वयं जानने की जिज्ञासा हमारे अंदर पैदा करता है और जो उसे जान जाता है तो उसी का होकर रह जाता है । फिर उसे लौकिक सुख की अभिलाषा नहीं रहती और मोहमाया से परे हो जाता है । सुरेंद्र सिंह सरताज मुखी साध संगत श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम ने कहाकि मैंने सुना था कि श्री श्रृंगी ऋषि बाबा भगवान पैदा करते हैं । निरंकारी मिशन से जुड़ने के बाद अपनी आंखों से देखा। साध संगत श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम के संचालक इंद्र कुमार ने बताया कि इस समागम में अंबेडकर नगर , सुल्तानपुर, जौनपुर , आजमगढ़ , गोंडा , बस्ती, अयोध्या के लगभग दो हजार महात्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर अमरनाथ सिंह , सुग्रीव कुमार , राजित राम , शिवनाथ मौर्य , लज्जावती , मधु , संगीता , अशोक कुमार , रवि शंकर , अमित सिंह , रंजीत भारती सहित हजारों निरंकारी महात्मा उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ पीठासीन अधिकारियों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। गुरुवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व देशभर से आए पीठासीन अधिकारियों ने रामलला के दर्शन किए। अयोध्या आगमन पर सभी का भव्य स्वागत किया गया। रूदौली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर अतिथियों का

- अयोध्या आगमन पर सभी का जगह-जगह किया गया स्वागत



अभिनंदन किया गया। विधायक रामचंद्र यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को बुके भेंट किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

इसके बाद अयोध्या धाम के निषादराज चौराहे पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त के नेतृत्व में स्वागत किया गया। वहीं महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में पार्षदों एवं भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर भवदीय पब्लिक स्कूल के सामने स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, गिरीश पांडे डिपुल, साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील शास्त्री, अवधेश वर्मा, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, सुबोध चतुर्वेदी, सुशील मिश्र बबलू, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, नगर निगम के उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद अनुज दास, रिशु पांडे, राजकरन, अनिल सिंह, अनूप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मिश्र, सुनील यादव, विकास कुमार, हरिश्चंद्र, किशन मौर्य, विजय पांडेय, सौरभ सूर्यवंशी, साकेत महाविद्यालय झारखंड के पूर्व अध्यक्ष मुकेश सिंह, श्रीनिवास शास्त्री आदि स्वागत करने वालों में शामिल रहे। पीठासीन अधिकारियों के साथ करीब साढे चार सौ लोगों का दल अयोध्या पहुंचा, राम मंदिर के आद्य शंकराचार्य द्वार से सभी को मंदिर में प्रवेश दिया गया। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे।

## कार्य परिषद की बैठक में हुए कई अहम निर्णय

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को 12.30 बजे कार्य परिषद की बैठक हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। कार्य परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण कार्यवृत्तो के अनुमोदन पर विचार किया गया। आवासीय परिसर के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में संचालित पाठ्यक्रम एमएससी गणित (सांख्यिकी) के स्थान पर पर एमएससी गणित परिवर्तित किए जाने को संस्तुति किया गया। कार्य परिषद में प्रमुख रूप से सत्र 2026-27 से संचालित होने वाले नये पाठ्यक्रम एम फार्म, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, इंटीग्रेटेड एम टेक, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, इंस्ट्रूमेंट इंजीनियरिंग आदि है।

## हत्याभियुक्त को आजीवन कारावास और जुर्माने से किया गया दंडित

बहराइच। ऑपरेशन कन्विक्शनर के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान (न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री अनिल कुमार( क्क), द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषी अभियुक्त को दण्डित किया गया। वादी मुकदमा श्री हसनबेग पुत्र मोजिम बेग द्वारा थाना कोतवाली नानपारा को सूचना दी गयी कि वादी की पुत्री की शादी जिब्राईल पुत्र हैदर खां निवासी परसपुर थाना कोतवाली नानपारा के साथ 04 वर्ष पूर्व हुई थी, वादी की पुत्री को आये दिन ससुराल के लोग प्रताड़ित करते रहते थे जिसकी शिकायत उसने अपने पिता से कई बार की थी, फिर भी पिता द्वारा अपनी पुत्री को समझा बुझाकर एक सप्ताह पूर्व जिब्राईल के साथ भेज दिया गया था, किन्तु दिनांक 02.06.2003 को सूचना मिली कि उसकी पुत्री की मृत्यु हो गयी है, सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया ।जिसकी विवेचना तत्कालीन निरीक्षक श्री परमहंस राम द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त दिनांक 20.07.2003 को अभियुक्त 1.जिब्राईल उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय विचारण हेतु प्रेषित किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपो कों दिनांक 07.06.2004 को विरचित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन'' के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त अभियोग में माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री अनिल कुमार( क्क), द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, प्रभारी थाना नानपारा, ए.डी.जी.सी. क्रिमिनल श्री सुनील कुमार जायसवाल, कोर्ट मोहर्रिर म0हे0का0 चन्दा देवी, थाना पैरोकार का0 निसार अहमद की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक- 22.01.2026 को॰ अभियुक्त जिब्राईल पुत्र हैदर खां उपरोक्त को सश्रम आजीवन कारावास से दण्डित किया गया ।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत हो रही गतिविधियों की समीक्षा करने पहुंचे उप परिवहन आयुक्त अयोध्या

बाराबंकी। उप संभागीय परिवहन कार्यालय पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हो रही गतिविधियों की समीक्षा उप परिवहन आयुक्त अयोध्या राजकुमार सिंह ने की। समीक्षा में उप परिवहन आयुक्त श्री सिंह ने स्कूली वाहनों की चेकिंग, जागरूकता अभियान, हेलमेट, सीटबेल्ट, क्षमता से अधिक वाहन न चलाने सहित अन्य

- चालान-सीज, जागरूकता शिविर कार्यवाहियों को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने के दिए निर्देश



कार्यवाहियों की स्थिति का जायजा लिया। तथा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर रैलियाँ, जागरूकता शिविर, नियमों के उल्लंघन पर चालान-सीज आदि कार्यवाहियों को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। उप परिवहन आयुक्त ने हेलमेट/सीटबेल्ट उपयोग, ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग और मोबाइल फोन के उपयोग करने वालों पर प्रवर्तन कार्यवाहिया करने पर जोर दिया। इसके उपरांत उप परिवहन आयुक्त अयोध्या श्री सिंह ने कार्यालय परिसर में समस्त पटलों का निरीक्षण कर आए हुए आवेदनकताओं की समस्याओं को सुन निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक



बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में पंचम राज्य वित्त एवं 15वां वित्त आयोग अर्न्तगत ग्राम पंचायतों में कराये गये कार्य के सापेक्ष भुगतान की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान न्यून प्रगति वाले ब्लाकों के सम्बन्धित एडीओ पंचायत व ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देष दिये गये। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देष दिया कि अपने स्तर पर 15वां एवं पंचम वित्त आयोग की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करते रहे।

डीएम ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में टाइड ग्राण्ट से ग्राम पंचायत की आबादी में तालाब की सफाई, कुओं का जीर्णोद्धार एवं जाली का कार्य, एस.एल.डब्लू.एम. के अर्न्तगत आर.आर.सी. संचालन, डस्टबिन की साफ-सफाई में व्यय करने तथा ग्राम पंचायतों का स्वयं के संसाधन से आय में बढोत्तरी की जाय।इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में निर्मित आर.आर.सी. सेन्टर को जल्द से जल्द संचालित कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। डीएम ने कहा कि सभी ब्लाकों में स्वच्छता अभियान का संचालन भी कराया जाय तथा ग्राम वासियों को नियमानुसार परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध करायी जाय।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि टाइड, अनटाइड फण्ड की धनराषि का उपयोग निर्माण कार्यो में नियमानुसार एवं शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार किया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र, डीपीआरओ, पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## हिंदू सम्मेलन आयोजित



बहराइच। बृहस्पतिवार को महसी खंड के बकैन मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह भूपेंद्र जी रहे उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संघ अपने 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शताब्दी वर्ष के रूप में पांच परिवर्तन के प्रण को लेते हुए एकजुट हिंदू समाज हो इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है वर्तमान में तमाम आसुरी शक्तियां हिंदू समाज को बांटने में लगी हैं जाति पार्टी का कुचक्र रचकर ,कहीं उच्च नीच का दुष्प्रचार कर आसुरी शक्तियां हमारे समाज को बांटने का कार्य कर रही है समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहने की आवश्यकता है कार्यक्रम संयोजक श्रीनिवास जायसवाल रहे वह कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण मुरारी अवस्थी ने की एवं कार्यक्रम का संचालन महसी खंड के खंड कार्यवाह टीकाराम ने किया इस अवसर पर सह खंड कार्यवाह बृजेंद्र,मंडल कार्यवाह अभय, शैलेंद्र ,राममिलन, खंड संघ चालक मायाराम, बांकेलाल, मातृशक्ति से बसंती भार्गव , शिवपूजन अवस्थी सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे ।

## खुरपका मुहंपका एफएमडी रोग नियंत्रण निःशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ



जिला संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका मुहॅपका एफ0एम0डी रोग नियंत्रण निःशुल्क टीकाकरण अभियान के सातवें चरण का शुभारम्भ कलेक्टेज्ट परिसर मे कारागार व प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने हरी झण्ड़ी दिखाकर जागरुकता वाहनो को रवाना किया। तथा जनपद के समस्त गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं को घर-घर जाकर टीकाकरण किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पशु चिकित्साधिकारी को प्रत्येक गॉव में टीकाकरण सुनिश्चित करने, भारत पशुधन एप पर डाटा की फीडिंग किये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खुरपका-मुहॅपका एफ0एम0डी एक गम्भीर बीमारी है। जिससे न केवल पशु का स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी खराब होती है।

जनपद में इस बीमारी का प्रकोप न होने पाये इसके लिये आवश्यक है कि कोई भी पशु टीकाकरण से छूटने न पाये।

एफ0एम0डी टीकाकरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना हेतु उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य, नोडल अधिकारी डा0 सुरजीत सिंह ने दूरभाष सं0-9236553135 से सम्पर्क स्थापित कर सकते है। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0अतुल कुमार अवस्थी मौजूद रहे।

## समाज कल्याण की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

बहराइच । समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना की समीक्षा के दौरान जनपद के चयनित ग्रामों में वीडीपी संरचना की स्थिति तथा अब तक क्या-क्या कार्य योजनान्तर्गत पूर्ण करा लिये गये हैं के सम्बन्ध में सहायक प्रबन्धक, देवव्रत शर्मा द्वारा बताया गया कि पीएम-अजय के कम्पोनेन्ट आदर्श ग्राम अन्तर्गत जनपद में कुल 38 अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि चयनित ग्रामों की ग्राम स्तरीय अभिसरण की बैठक की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए आवश्यकतापरक मूल्यांकन एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का सर्वे कार्य पूर्ण करा लिया गया है। चयनित ग्रामों में खुली बैठक के माध्यम से ग्राम में अवसंरचनात्मक कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु ग्राम विकास योजना तैयार कर ली गयी है।

सहायक प्रबन्धक ने बताया कि फीडिंग का कार्य भारत सरकार द्वारा



विकसित किये गये पोर्टल पर कराये जाने के बाद वीडीपी तैयार कर जिला स्तरीय अभिसरण समिति के माध्यम से रू. 07 करोड़ 60 लाख की लागत से चयनित ग्रामों में यथा-सोलर स्ट्रीट लाइट, विद्युत हाई मॉस्ट, सोलर हाई मॉस्ट, नाली निर्माण, सोंकपिट एवं हैण्डपम्प इत्यादि कार्य कराये जायेंगे। इसके अतिरिक्त पीएम-अजय के कम्पोनेन्ट अनुदान सहायता के अन्तर्गत निगम मुख्यालय, लखनऊ द्वारा चयनित प्रशिक्षणदायी संस्थाओं के माध्यम से जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु 1168 लाभार्थियों का चयन करने के उपरान्त प्रशिक्षणदायी संस्थाओं को सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है। उक्त योजना में जनपद बहराइच प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा पोर्टल पर प्राप्त हुए आवेदन के सापेक्ष निदेशालय से धनराशि आवंटित कराये जाने हेतु पत्राचार के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया। डीएम श्री त्रिपाठी ने यह भी निर्देष दिया कि अन्य विभागीय योजनाओं यथा-राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, राष्ट्रीय वृद्धापेंशन, छात्रवृत्ति योजना में सीएमआईएस पोर्टल पर डैशबोर्ड के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति समय से अवश्य कर ली जाये। डीएम ने विभागीय योजनाओं में शिथिलिता बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने का भी निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि शासन की सबसे महत्वपूर्ण अभियान जीरो पावर्टी के अन्तर्गत चिन्ह्ति लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित किया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति न कराये जाने हेतु सम्बन्धित पटल के माध्यम से की गई कार्यवाही तथा शासनादेश में निहित व्यवस्थाओं के सम्बन्ध जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करें। अत्याचार उत्पीड़न निवारण योजनान्तर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रस्तावों को जनपदीय स्वीकृति समिति से स्वीकृत कराये जाने हेतु लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में में जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्रद्धा पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त 98 प्रस्तावों के परीक्षण में 52 प्रस्ताव सही पाये गये तथा जिन प्रस्तावों के प्रपत्रों में कमियां पायी गयी, उसके सम्बन्ध में विशेष जांच प्रकोष्ठ को अवगत करा दिया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि प्राप्त प्रस्तावों के सम्बन्ध में यथाशीघ्र बैठक करायें।

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को इकाई को एसडीएम ने दिलाई शपथ



सोहावल-अयोध्या। नव निर्वाचित बार एसोसिएशन सोहावल इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह वृहस्पतिवार को संपन्न हुआ।पद और गोपनीयता की शपथ उप जिला अधिकारी सविता देवी ने दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश कुमार रावत,महामंत्री बैजनाथ पांडेय, कोषाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण पांडेय के साथ गठित कमेटी के सभी पदाधिकारियों को फूल, माला, अंग वस्त्र देकर सम्मानित होने वालों में रुदौली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री भी शामिल रहे।इस अवसर पर बोलते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि हड़ताल से वादकारियों का अहित होता है ।न्याय प्रभावित होता है।इससे हमें बचना होगा। बार और बेंच के बीच ताल मेल से न्याय प्रक्रिया गतिमान होगी। इस अवसर पर मौजूद लोगों में एल्डर कमेटी के राम सजीवन दुबे, पी डी तिवारी, सुधीर कुमार मिश्रा,राम यज्ञ तिवारी, एसपी निषाद, अजीत पांडेय, घनश्याम मिश्रा,कमलेंद्र शुक्ला, अंजनी दुबे, ओम प्रकाश मिश्रा,अरुण कुमार दुबे, हेमंत दुबे, शीलम त्यागी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

संक्षेप

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किशोर झुलसा

**सलोन,रायबरेली**। सलोन कस्बे के परशदेपुर मार्ग पर एक किशोर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन ले जाया गया है। हालत गम्भीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रायबरेली रैफर किया गया है ।जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सलोन नगर के परशदेपुर मार्ग दो मजार के समीप स्थित बबलू का 14 वर्षीय पुत्र कसब गुरुवार की दोपहर पड़ोस के रहने वाले अकबर के छत पर अंत लड़को के साथ खेलने गया हुआ था ।इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर हाईटेंशन ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गया ।जिसे घायल अवस्था मे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया ।ग्रहस्वामी अकबर का कहना है कि किशोर उनके बच्चो के साथ छत पर चला गया था ।अकबर के मुताबिक उसने अपने बच्चे से लोहे की रॉड छत से फेकने को कहा था ।लेकिन कसब फेकने लगा था। इसी दौरान एचटी लाइन के सम्पर्क में आने से किशोर घायल हो गया। डॉक्टर रितेश पांडे ने बताया कि किशोर विद्युत करंट से घायल होकर सीएचसी सलोन इलाज के लिए लाया गया था। लगभग 50प्रतिशत तक किशोर झुलस गया है ।हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

## जागरूकता फैलाने को की जा रही है मॉकड्रिल

**रायबरेली**। डीएम हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार एडीएम (वि.रा.) अमृता सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ब्लैक आउट मॉकडिल के आयोजन के सम्बन्ध में नागरिक सुरक्षा विभाग, डीडीएमए, एसडीआरएफ, अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य एवं सम्बन्धित विभागों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। एडीएम ने बताया कि युद्ध की स्थिति में हवाई हमले से अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सड़क तथा जनता को सुरक्षित रखने हेतु उनकी विद्युत बंद रखना ब्लैक आउट कहलाता है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को सायं 6 बजे से सायं 6:10 बजे तक राजकीय कॉलोनी गोरा बाजार एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में ब्लैक आउट एक्सरसाइज आयोजित की जायेगी। जिसमें बचाव सम्बन्धी आपातकालीन विधियों का अभ्यास/प्रदर्शन किया जायेगा। मॉकड्रिल के समय हवाई हमले का रेड सिग्नल दो मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में बजाया जायेगा तथा खतरा टलने की सूचना दो मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाएगी, ताकि बचाव व राहत की कार्यवाही तुरन्त की जा सके। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है।इसलिए इसे गम्भीरता से ले और सहयोग करें। नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें।

## डोर-टू-डोर चला विद्युत चेकिंग अभियान

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। विद्युत वितरण उपखण्ड दोस्तपुर के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्र दोस्तपुर से जुड़े चयनित क्षेत्रों मोहल्ला फिरोजपुर कलां एवं समसपुर में गुरुवार, 22 जनवरी 2026 को व्यापक डोर-टू-डोर विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुआ, जिसका उद्देश्य विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करना, राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करना तथा उपभोक्ताओं को योजनाओं से जोड़ना रहा।

# अदिति सिंह ने ग्राम सभाओं का किया दौरा, बांटे कंबल



**रायबरेली**। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण शीतलहर ने आमजन का जीवन काफी प्रभावित किया है।ऐसे में सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आईं।

विधायक अदिति सिंह ने हाल ही में सदर विधानसभा क्षेत्र के सर्वोदय नगर घसियारी मंडी बनवारी पुर गडरियन का पुरवा साकेतनगर क्षेत्रों का दौरा किया।यहां उन्होंने शीतलहर से प्रभावित हुए गरीब परिवारों को गर्म कंबल वितरित किए। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने व्यक्तिगत रूप से परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं ।इस मौके पर विधायक ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब परिवारों को गर्म कपड़ों और कंबलों की बहुत जरूरत होती है। हमारी सरकार और पार्टी की ओर से जनसेवा का यह छोटा-सा प्रयास है, लेकिन इससे जरूरतमंदों को राहत मिलती है ।उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की मानवीय पहल के माध्यम से करुणा, संवेदना और जनसेवा के प्रति अपना संकल्प और भी मजबूत होता है।

यह कार्यक्रम क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के बीच काफी सराहा गया। लोगों ने विधायक अदिति सिंह की इस पहल की जमकर प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने न केवल कंबल बांटे, बल्कि हर परिवार के साथ बैठकर उनकी बात सुनी, जो आज के दौर में बहुत बड़ी बात है। विधायक अदिति सिंह निरंतर अपने क्षेत्र में इस तरह के सामाजिक कार्यों के माध्यम से जनता के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। शीतलहर के दौरान की गई यह पहल उनके जनसेवा के प्रति समर्पण को दशार्ती है ।

# अवैध टाल पर खरीदी जा रहीं प्रतिबंधित लकड़ियां

**परशदेपुर, रायबरेली**। प्रतिबंधित वृक्षों की लकड़ियों आम, महुआ, शीशम, नीम, सागौन, गूलर, कटहल आदि की खरीद फरोख्त एक गंभीर समस्या बन गई है। वहीं लोगों द्वारा अवैध पेड़ों की कटान मामले में पुलिस व वन विभाग के जिम्मेदारों पर मिलीभगत के आरोप लगते रहते हैं।

अगर देखा जाए तो स्थानीय कर्मचारियों की निष्क्रियता और मिलीभगत से वन विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा छापेमारी करने के नाम पर खानापूर्ति करते हुए मामले की इतश्री कर ली जाती है जिस कारण क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ियों की अवैध कटान का काम धड़ल्ले से जारी है जिससे राजस्व को भारी भरकम नुकसान पहुंच रहा है। शासन की ओर से प्रतिबंधित पेड़ों की कटान पर भले ही रोक लगाई गई हो ,बावजूद इसके थाना डीह व परशदेपुर क्षेत्र में वन माफियाओं द्वारा प्रतिबंधित पेड़ों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है और प्रतिबंधित लकड़ियों को क्षेत्र में संचालित आरा मशीन व टालों पर बेची जा रही हैं। आरा मशीन व लकड़ी टाल पर पड़ी प्रतिबंधित लकड़ियों को देख कर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस प्रकार क्षेत्र में अवैध कटान किया जा रहा है।



वहीं टाल संचालक द्वारा बेखौफ होकर प्रतिबंधित लकड़ियों को खरीद कर अन्य जनपदों सहित विभिन्न राज्यों में भेज दी जाती है ।एक वर्ष पहले उपजिलाधिकारी सलोन आशुतोष राय द्वारा क्षेत्र में संचालित टालों व आरा मशीनों पर शिकंजा कसा गया था जिससे क्षेत्र में अवैध कटान पर कुछ दिन रोक लग गई थी लेकिन उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण के बाद से प्रतिबंधित लकड़ियों की कटान धड़ल्ले से जारी है। वन क्षेत्राधिकारी सलोन श्याम सुंदर त्रिपाठी ने बताया कि अगर टाल पर अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ियों की खरीद फरोख्त की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

## अमेठी गांधी परिवार का था है और रहेगा :सांसद

अमेठी। अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेठी गांधी परिवार का था है और आगे भी रहेगा। अमेठी में शीघ्र ही एक बड़ा कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गांधी परिवार का कोई ना कोई सदस्य उसमें मौजूद रहेगा। अमेठी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे शर्मा ने जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी परिवार अमेठी का है और अमेठी गांधी परिवार का है। गांधी परिवार हमेशा अमेठी के भले के लिए सोचता है। वह अमेठी के विकास के लिए सोचता है। आज मैं यहां हूं तो उन्हीं के निर्देश पर यहां आया हूं। उन्होंने मुझे आपकी अमेठी की सेवा के लिए भेजा और मैं उसी जिम्मेदारी को निभा रहा हूं। शर्मा ने कहा कि वह जीवन भर अमेठीवासियों के कर्जदार रहेंगे जिन्होंने इस सेवक को अपना सांसद चुना है तथा अमेठी के विकास के लिए वह हर समय, हर संभव प्रयास करते रहेंगे। मैं न तो कभी किसी के बारे में गलत सोचता हूं, न ही किसी से मेरा कोई विवाद है। अमेठी का विकास, अमेठी की सेवा ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मैं जनता को यह बताना चाहता हूं कि ( मनरेगा में ) जब राज्य सरकार का हिस्सा 10 प्रतिशत था और केंद्र का 90 प्रतिशत था तब तो भुगतान नहीं हो पाता था। और जब राज्य सरकार को 40 प्रतिशत देना होगा तो भुगतान कैसे होगा। प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ यह लोग अपने को सनातन का ठेकेदार बताते हैं। संतों की सरकार बताते हैं और दूसरी तरफ प्रयागराज में एक संत का जिस तरीके से अपमान हुआ, एक संत के साथ जिस तरीके का बर्ताव किया गया, वह निश्चित ही बहुत निंदनीय है।

## आवारा कुत्तों के हमले में बालिका घायल

बाराबंकी । मोहम्मदपुर खाला थानाक्षेत्र के बखरिया टोले में दूध लेने जा रही 12 वर्षीय एक बालिका को आवारा कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। बालिका को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊले जाने की सलाह दी गयी है तथा इस घटना के बाद से टोले में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार को बखरिया टोले में पंकज कुमार की 12 वर्षीय पुत्री ज्योति सुबह घर से निकली ही थी कि गली के बाहर चार-पांच आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया तथा उसके हाथ, पैर और पीठ पर काटकर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर दौड़े लोगों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से प्रहारकर कुत्तों को खदेड़ा, तब तक ज्योति खून से लथपथ हो चुकी थी। परिजन उसे तत्काल फतेहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए लखनऊके मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने इस घटना के बाद दोनों नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## माघ मेले में महिला जज की ढाई तोले की सोने की चेन चोरी

प्रयागराज। माघ मेले में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए जाते समय दो-तीन महिलाओं ने एक महिला न्यायाधीश की लॉकेट समेत ढाई तोले की सोने की चेन पर कथित तौर पर हाथ साफ कर दिया। मध्यप्रदेश के दतिया जिले की वरिष्ठ न्यायाधीश ( व्यवहार ) दीक्षा तनेजा ने दारागंज थाने में तहरीर दी कि वह मौनी अमावस्या पर माघ मेले में कल्पवास कर रहे अपने सास ससुर के पास आई थीं तथा स्नान के लिए जाते समय दो-तीन महिलाएं भीड़ में उन्हें धक्का दे रही थीं।

शिकायतकर्ता ने तहरीर में आरोप लगाया कि शक होने पर जब उन्होंने अपने गले की ओर देखा तो उन्होंने चेन और उसमें लगा लॉकेट गायब पाया तथा गले पर हल्के कटे का निशान भी महसूस हुआ। उन्होंने तहरीर में बताया कि शादी में ससुराल से मिली सोने की इस चेन का वजन दो तोला ( 20 ग्राम ) और लॉकेट का वजन ( पांच ग्राम ) था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दारागंज पुलिस ने बुधवार को दो-तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 ( 2 ) ( चोरी ) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है और घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर ।शाहजहांपुर जिले के सदर बाजार थानाक्षेत्र के बारादरी मोहल्ले में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि बारादरी मोहल्ले में 14 वर्षीय किशोरी को बुधवार शाम उसकी एक पड़ोसन अपने घर पर बर्तन धुलवाने के लिए ले गई तथा जब किशोरी घर के अंदर चली गई तो महिला ने बाहर से दरवाजा बंद कर लिया। द्विवेदी ने बताया कि इसी दौरान उसके घर में मौजूद 28 वर्षीय आरिफ ने किशोरी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर जब लोग पहुंचे तो किशोरी अव्यवस्थित हालत में परिजनों को मिली। पुलिस के मुताबिक पीड़िता बृहस्पतिवार को परिजनों के साथ थाने पर पहुंची और प्राथमिकी दर्ज कराई।एसपी ने बताया कि पुलिस ने आरिफ के विरुद्ध दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे आज गिरफ्तार कर लिया तथा किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है।

## डकैती का आरोपी 24 साल बाद जेल से रिहा

बरेली। मैनपुरी के एक व्यक्ति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने डकैती के एक मामले में बरी कर दिया है और उसे करीब 24 साल जेल में बिताने के बाद बरेली सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मैनपुरी ज़िले के ज्योति कटरा गांव का रहने वाला 45 वर्ष का आज़ाद खान 2001 में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। जेल अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय ने उसे 19 दिसंबर, 2025 को डकैती के मामले में बरी कर दिया था, लेकिन प्रक्रियात्मक दिक्कतों के कारण उसकी रिहाई में देरी हुई। बरेली सेंट्रल जेल के जेलर नीरज कुमार ने बताया कि खान की रिहाई उसके भाई मस्तान खान द्वारा 20,000 रुपये का निजी मुचलकता जमा करने के बाद संभव हुई। अधिकारियों ने बताया कि खान को बुधवार रात करीब 9 बजे रिहा किया गया और वह अपने भाई के साथ मैनपुरी ज़िले में अपने घर चला गया। रिकॉर्ड के अनुसार, खान को 2001 के आसपास डकैती के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 2002 में, मैनपुरी की एक विशेष अदालत ने उसे डकैती और गंभीर चोट पहुंचाने का दोषी ठहराया, उसे उम्रकैद की सज़ा सुनाई और 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया, साथ ही जुर्माना न देने पर दो साल की अतिरिक्त जेल की सज़ा भी सुनाई। एक अलग मामले में, मैनपुरी अपर ज़िला और सत्र न्यायालय ने उसे शस्त्र अधिनियम के तहत और हत्या के प्रयास के मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई थी, साथ ही 7,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, और जुर्माना न देने पर एक साल की अतिरिक्त जेल की सज़ा भी सुनाई। खान ने बाद के मामलों में सज़ा पूरी कर ली थी।

उसे शुरू में फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में रखा गया था और 2003 में बाकी सज़ा काटने के लिए बरेली सेंट्रल जेल में भेज दिया गया था। खान की अपील पर सुनवाई करते हुए, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सबूतों की कमी और चश्मदीदों की गैरमौजूदगी का हवाला देते हुए उसे डकैती के मामले में बरी कर दिया।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि उसे मुचलका जमा करने पर रिहा कर दिया जाए। हालांकि, मैनपुरी की अदालत में औपचारिकताएं पूरी न होने के कारण तुरंत रिहाई का आदेश जारी नहीं हो सका, जिससे यह मामला जेल अधिकारियों के संज्ञान में आया। बाद में जेल अधिकारियों के बीच तालमेल और ईमेल से रिहाई वारंट मिलने के बाद, खान को रिहा कर दिया गया।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद दो गो तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र। सोनभद्र पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुठभेड़ के बाद दो गो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी के अनुसार, पुलिस की कार्वाई के दौरान दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पिकअप वाहन से टक्कर मारकर एक हेड कांस्टेबल को घायल कर दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर बिना नंबर प्लेट वाले पिकअप वाहन से मध्यप्रदेश से गाय लेकर सोनभद्र के घोरावल थाना क्षेत्र से होते हुए बिहार ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर घोरावल, शाहगंज और कर्मा थाना की पुलिस ने खाखे मोड़ पर संयुक्त रूप से घेराबंदी की।

पांडेय ने कहा कि आरोपियों ने खुद को घिरता देखकर पिकअप से हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी और भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर गोली चलाना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पिकअप वाहन चालक सिद्धनाथ खरवार और एक अन्य ओमप्रकाश यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायल आरोपियों और हेड कांस्टेबल को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिकअप वाहन, नौ गाय, दो तमंचा, दो कारतूस और दो खोखे बरामद किए। उसने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्वाई की जा रही है।

# अरनोराज क्रिकेट अकादमी व ओम ग्रुप बिल्डर्स ने जीते अपने अपने मैच

**रायबरेली**। प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का तीसरे अरनोराज क्रिकेट अकादमी व ओम ग्रुप बिल्डर्स ने अपने अपने मैच जीते। यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में आज दो मैच खेले गए पहला मैच नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकैडमी व अरनोराज क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अरनोराज क्रिकेट अकैडमी ने बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवरों में पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक सिंह के 38 रनों की बदौलत 9 विकेट खो कर 118 रन बनाए। गेंदबाजी में नदीम क्रिकेट अकादमी की ओर से आनंद प्रकाश ने 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी। नदीम क्रिकेट अकादमी की टीम 19 ओवरों में ही महज 110 रन पर ऑल आउट हो गई। नदीम क्रिकेट अकादमी की ओर से राज नाविक ने 55 रनों की पारी खेली जबकि अरनोराज की ओर से गेंदबाजी में गौरव पाठक ने 4 विकेट झटके। गौरव पाठक को शानदार गेंदबाजी के लिए मन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस प्रकार अरनोराज क्रिकेट अकैडमी ने यह मैच 8 रन से जीता। दूसरा मैच ओम ग्रुप बिल्डर्स व नगर पालिका सुपरस्टार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ॐ ग्रुप बिल्डर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन पांडे के 94 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खो कर 145 बनाए गेंदबाजी में नगर पालिका सुपरस्टार की ओर से अंकुर शुक्ला ने 3 विकेट और पंकज विश्वकर्मा ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर पालिका की टीम 19 ओवरों में 140 रन बना कर ऑल आउट हो गई, नगर पालिका सुपरस्टार की ओर से बल्लेबाजी में सुधांशु सोनकर ने 33 रन व अनुज परिहार ने 37 रनों का योगदान किया जबकि ॐ ग्रुप बिल्डर्स की ओर से गेंदबाजी में आशीष त्रिपाठी व अरुण यादव ने 3-3 विकेट हासिल किए। इस तरह हुए रोमांचक मैच में ॐ ग्रुप बिल्डर्स ने 5 रनों से जीत हासिल की। ॐ ग्रुप बिल्डर्स की ओर से शानदार बल्लेबाजी के लिए अमन पांडे को मन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार



**महराजगंज,रायबरेली**। थाना क्षेत्र में बीटेक सिविल इंजीनियर अभिषेक यादव की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी दिलीप यादव समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के प्रगति पुरम कॉलोनी निवासी संगीता यादव का इकलौता बेटा अभिषेक यादव पी.सी.आई. इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत था। अभिषेक की मां के अनुसार, उनका फुफेरा भाई दिलीप यादव अक्सर अभिषेक से मिलता था, जबकि अभिषेक उसे नापसंद करता था और उसके बुरे लोगों से संपर्कों के कारण उससे दूरी बनाना चाहता था। 27 जून को दोपहर में दिलीप यादव, अभिषेक के घर पहुंचा और उसे अपने साथ कार में ले गया। 28 जून को सुबह करीब 4 बजे दिलीप ने परिजनों को सूचना दी कि अभिषेक को खून की उल्टियां हो रही हैं और वह बेहोश है। सूचना पर मां संगीता यादव ने रतापुर चैराहे पर जब कार में देखा, तो अभिषेक केवल अंडरवियर में था और उसकी हालत अत्यंत गंभीर थी। उसे पहले फिनिक्स हॉस्पिटल और फिर एम्स रायबरेली ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस जांच और विसरा रिपोर्ट**

अभिषेक की मौत के बाद परिजनों ने हत्या का अंदेशा जताते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विसरा सुरक्षित कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा था। हाल ही में आई विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में धारा 103(1) के साथ-साथ धारा 103(2)/3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की बढ़ोतरी की। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि पैसे के लेन-देन के विवाद में साजिश के तहत जहर देकर इस हत्या को अंजाम दिया गया।

## शिव मंदिर के जीर्णोद्धार होने पर भंडारा 9 फरवरी को

**महराजगंज, रायबरेली**। क्षेत्र के सलेथू गांव में प्राथमिक पाठशाला के बगल में लगभग 200 वर्ष पुराने शिव मंदिर में ग्रामीणों की कड़ी मेहनत और अथक प्रयास से सुविख्यात शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जीर्णोद्धार कार्य संपन्न होने के उपरांत 9 फरवरी को ग्रामवासियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## मनोज पांडेय संघर्ष समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत

**डलमऊ, रायबरेली**। उत्तर प्रदेशीय प्रा. शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व संघर्ष समिति के जनपदीय अध्यक्ष पंकज द्विवेदी द्वारा मनोज पांडेय को संघर्ष समिति डलमऊ का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया जिससे शिक्षकों में खुशी की लहर है आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरे प्रान में ब्लॉक कार्य समिति एवं शिक्षकों द्वारा मनोज पांडेय के मनोनयन पर खुशी व्यक्त की गई तथा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# मंडलायुक्त सभागार में 64वीं गीडा बोर्ड बैठक सम्पन्न

- विकास योजनाओं पर हुई विस्तृत समीक्षा
- गीडा सीईओ ने भूमि आवंटन व उपलब्धियों का रखा ब्यौरा
- औद्योगिक इकाइयों को मिला सबसे अधिक भू-खंड



गोरखपुर। मंडलायुक्त सभागार में 64वीं गीडा बोर्ड की बैठक मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के औद्योगिक एवं शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई और गीडा क्षेत्र में चल रही तथा प्रस्तावित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, गीडा सीईओ अनुज मलिक, जीडीए सचिव पुष्प राज सिंह, गीडा ओएसडी अनुपम मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान गीडा सीईओ अनुज मलिक ने बोर्ड के समक्ष गीडा की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बीते कार्यकाल में गीडा क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर भूमि आवंटन किया गया है। सीईओ ने स्पष्ट किया कि सबसे अधिक भूमि आवंटन औद्योगिक इकाइयों को किया गया है, जिससे क्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। विभिन्न सेक्टरों में स्थापित होने वाली लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर भू-खंड उपलब्ध कराए गए हैं।

गीडा सीईओ ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, आईटी एवं सहायक सेवाओं से जुड़ी परियोजनाओं को भी भूमि आवंटित की गई है। इससे न केवल निवेशकों का विश्वास बढ़ा है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गीडा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं—सड़क, जलापूर्ति, विद्युत, ड्रेनेज और सुरक्षा व्यवस्था—को लगातार मजबूत किया जा रहा है। बैठक में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध रहे। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि आवंटित भूमि पर निर्धारित समयसीमा के भीतर औद्योगिक गतिविधियां शुरू हों। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गीडा क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि उद्योगों के साथ-साथ श्रमिकों और आमजन की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। बोर्ड बैठक में भविष्य की कार्ययोजनाओं, नए निवेश प्रस्तावों और गीडा को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। अंत में अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गोरखपुर को औद्योगिक दृष्टि से मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

# समाजवादी विचारक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित

**अमेठी**। सर्पा मुख्यालय गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को समाजवादी आंदोलन के प्रखर चिंतक, छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र ने आजीवन समाजवादी मूल्यों, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वे सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे। उनका जीवन जनसेवा और विचारधारा के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सपाउनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी ।जिला महामंत्री अरशद अहमद ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का योगदान समाजवादी आंदोलन के इतिहास में अविस्मरणीय है। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात कर समाज निर्माण में आगे आने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने भी उनके संघर्ष, विचारधारा और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजेश मिश्र ने कहा जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। उनका पूरा जीवन गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई को समर्पित रहा। आज आवश्यकता है कि हम सभी उनके आदर्शों पर चलकर सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें। कार्यक्रम में महेंद्र यादव, विनोद यादव, चंद्रशेखर यादव, दीपू तिवारी, राकेश यादव, कौहार, मुकेश विश्वकर्मा, मंजू पाल, अशोक कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चद्रांश फाउडेंशन गोला बैडमिंटन क्लब की अनूठी पहल

- नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश
- कक्षा दो पढ़ने वाली बच्ची रिसिका निषाद ने प्रतियोगिता का किया उद् घाटन
- अथर्व व आदर्श और हार्दिक व विराट की जोड़ी ने जीता उद्घाटन मैच
- गोला में जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सीनियर व जूनियर वर्ग में शुरू





गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित शिवॉय लॉन में गुरूवार से गोला बैडमिंटन क्लब के तत्वाधान में

जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सीनियर व जूनियर वर्ग में शुरू हुई है। प्रतियोगिता में बैडमिंटन क्लब ने अनूठी पहल करते हुए कक्षा दो में पढने वाली रिसिका निषाद को मुख्य अतिथि बनाकर समाज में नारी शक्ति व नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि बनी बिटिया रिसिका निषाद ने नेट पर लगे रिबन को काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन व राजेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नवनीत राय मौजूद रहे। गोला बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) का उद्घाटन मैच डबल्स में अथर्व राय व रामेष्ट श्याम उर्फ आदर्श कसौधन और रिशभ निगम व रमन की जोड़ी के बीच हुई। रोमांचक मुकाबले में अथर्व व आदर्श की जोड़ी ने एक सेट के मैच को 10-08 से जीत लिया। दूसरे मैच में हार्दिक व विराट और ओम श्याम व श्रेयांस की जोड़ी 10-06 के अंतर से हरा दिया। श्रृष्टि व पीहू ने रिसिका व नंदिनी को हराया। प्रतियोगिता के दौरान अंश चौरसिया व रोशन अंसारी, अंकित सोनकर व किशन सोनकर, आदर्श सोनकर व अंश सोनकर, अंकुर चौधरी व दीपक गुप्ता, घनश्याम सोनकर व अंश सोनकर, काशी व अंबार, जीशान खान व रिशभ की जोड़ी ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय गुप्ता, नौशाद अहमद, नीरज मौर्या, भाजपा नेता ऋषिकेश निषाद, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार हिंदुस्तानी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होंगे श्रीकेशवदेवजी के बसन्ती स्वरूप के दर्शन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर स्थित श्री केशवदेव मंदिर बसंत पंचमी के अवसर पर बसन्ती छटा बिखेरेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में ऋतुनाम कुसुमाकर का दिव्य उच्चारण कर ऋतुराज बसंत को अपनी दिव्य विभूति का स्वरूप प्रदान किया है। इसलिए देवालयों के साथ-साथ संपूर्ण ब्रजमंडल के लिए बसंत पंचमी का पर्व आनन्द उत्सव है। श्रीकेशवदेव जी महाराज के दिव्य श्रीविग्रह के दर्शनकर भक्तजन अभिभूत हो उठेंगे। इस अवसर पर लीलामंच पर सांय 4:00 बजे से भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।

बसन्त पंचमी पर्व के अवसर पर परंपरागत रूप से श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पवित्र प्रांगण में स्थित श्रीकेशवदेव मंदिर को बसन्ती स्वरूप प्रदान कर आकर्षण बनाया जाता है। माघ शुल्क बसंत पंचमी तदनुसार 23 जनवरी दिन शुक्रवार की प्रातः से ठाकुर श्रीकेशवदेवजी महाराज अपने बसंती स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। ठाकुरजी का विशेष बसंती श्रंगार भक्तों के लिए आकर्षक एवं दर्शनीय होगा। श्रीकेशवदेव मंदिर में बसन्ती विद्युत सज्जा, परिधान, अंगार, अन्य सज्जा, सभी कुछ बसन्ती छटा बिखेरता भक्तों को दृष्टिगोचर होगा। इस अवसर पर दर्शनार्थ पधारने वाले श्रद्धालुओं को अन्नक्षेत्र में प्रातः से सांय तक प्रसाद का वितरण निरन्तर किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि बसन्त पंचमी से श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सभी मंदिरों में परंपरागत होली (फाग) महोत्सव का शुभारम्भ भी हो जाता है। होली महोत्सव पूरे फाल्गुन मास तक अबीर-गुलाल-फूलों की होली ठाकुरजी के साथ-साथ आने वाले श्रद्धालुओं के साथ हर्षोल्लास से खेली जाती है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में श्रीकेशवदेव जी के बसंती छठामय दर्शन लाभ लेने का आग्रह किया है।

## पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को उम्रकैद

**मथुरा।** एडीजे एफटीसी प्रथम (महिला विरुद्ध अपराध) विजय कुमार सिंह ने दहेज की खातिर गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को आजीवन करावास, जेठ को दस वर्ष व सास और ससुर को सात-सात वर्ष के कारावास तथा 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मुकदमे की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चतुर्वेदी द्वारा की गई। सेवर भरतपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने अपनी बेटी ममता उर्फ हेमलता की शादी एक दिसंबर 2019 को ग्राम लठाकुरी थाना मगोर्रा निवासी विजय के साथ की थी। शादी के बाद से ससुराल वाले ममता उर्फ हेमलता से अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ममता को ससुराल वाले परेशान करते थे। 12 नवंबर 2020 को बेटी की ससुराल से फोन आया कि उसकी तबीयत खराब है। पिता सहित अन्य लोगों ने गांव आकर देखा तो छत पर कमरे के बाहर ममता उर्फ हेमलता पूरी तरह जली हुई मृतावस्था में पड़ी मिली। पिता राजेंद्र ने पति विजय, ससुर रामकिशन, जेठ गजाधर व सास रामामूर्ति के खिलाफ मगोर्रा थाने में दहेज की खातिर बेटी को जला कर मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि जिस समय ममता उर्फ हेमलता को जिंदा जलाया गया तब वह छह माह की गर्भवती थी। पुलिस ने नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

# वैदिक विधिविधान के साथ मनाया गया बसन्तोत्सव

### पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र व गजकेसरी योग ने बढ़ायी बसंत पंचमी की महिमा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर में पूर्व संध्या पर विद्या, बुद्धि ज्ञान की दात्री मां सरस्वती का वैदिक विधिविधान के साथ पूजन कर बसन्तोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विद्वत गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय पंचांग के अनुसार माघ शुक्ल पंचमी को प्रतिवर्ष ज्ञान बुद्धि कला संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना के साथ यह पर्व हर्षोल्लास के साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाता है उन्होंने कहा इस वर्ष पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र एवं गजकेसरी योग होने के कारण बसंत पंचमी का पर्व विशेष फलदाई है। गोष्ठी में संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, बुद्धि, कला, संगीत की दात्री मां सरस्वती की पूजा कर विद्यार्थी कलाकार, पत्रकार, संगीतकार साहित्यकार और विद्वान समर्पित करते हैं। बसंत पंचमी का दिन मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक चतुर्वेदी एवं शरद शास्त्री ने कहा कि बसंत ऋतु को ऋतुराज कहा गया है जिसका ब्रह्मवैवर्त पुराण शारदा तिलक आदि अनेक धर्मग्रंथों में वर्णन मिलता है।

पंकज ज्योतिषाचार्य, आचार्य सौरभ शास्त्री ने कहा कि प्राचीन काल में गुरुकुलों में विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन बसंत पंचमी से ही कराया जाता था इस दिन को अत्यंत शुभ माना जाता है। इस अवसर पर नारायण प्रसाद शर्मा, मनोज, मनीष पाठक, प्रियांशु, तरुण नागर, हरस्वरुप यादव, निरंजन शास्त्री आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ आचार्य ऋषभ देव एवं गोविंद देव ने वैदिक व पौराणिक मंगलाचरण से किया गया। गोष्ठी के अन्त में मां सरस्वती के वरद पुत्र महाकवि पं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला एवं मां भारती के अमर सपूत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का भी स्मरण करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

## कमला नगर बाजार की समस्याओं पर व्यापार संगठन ने की आमसभा

**आगरा।** कमला नगर व्यापार संगठन समिति की स्थानीय बाजार की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण आमसभा कमला नगर स्थित होटल पार्कलेन में संपन्न हुई। सभा का शुभारंभ आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं कमला नगर व्यापार संगठन समिति के संरक्षक टीएन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आमसभा की अध्यक्षता कमला नगर व्यापार संगठन समिति के अध्यक्ष अमित अग्रवाल पारुल ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदारों ने अपनी समस्याएं आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल तथा क्षेत्रीय पार्षद पंकज अग्रवाल एवं प्रदीप अग्रवाल के समक्ष रखीं।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमित अग्रवाल पारुल ने कहा कि नगर निगम द्वारा कमला नगर को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाना एक सराहनीय पहल है, जिससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और विकास हुआ है। किंतु यह सौंदर्यीकरण स्थानीय व्यापारियों के लिए धीरे-धीरे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। विशेषकर त्योहारों के समय पार्किंग की समस्या विकराल रूप ले लेती है, जिसके कारण ग्राहक बाजार में आने से बचते हैं और इसका सीधा नुकसान स्थानीय दुकानदारों को उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कमला नगर बाजार में सार्वजनिक शौचालय की भी गंभीर समस्या है। मॉडल रोड की योजना के दौरान नगर निगम द्वारा एक दर्जन से अधिक शौचालयों के निर्माण का प्रस्ताव दुकानदारों के समक्ष रखा गया था, किंतु वर्तमान में पानी की टंकी के पास केवल एक शौचालय ही बना हुआ है। उसकी भी नियमित साफ-सफाई और रखरखाव नहीं किया जाता, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

व्यापारियों की एक और गंभीर समस्या को उठाते हुए अमित अग्रवाल ने कहा कि कुछ स्थानीय अराजक तत्व बिना किसी ठोस आधार के आवास विकास परिषद में शिकायतें कर देते हैं। परिणामस्वरूप, मानकों के अनुरूप निर्माण होने के बावजूद दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों को नोटिस जारी कर दिए जाते हैं। इससे व्यापारी अपना व्यापार संभालने के बजाय नोटिसों का जवाब देने में उलझे रहते हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इस पर आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी स्थानीय व्यापारी एकजुट होकर प्रतिमाह जिलाधिकारी के साथ होने वाली बैठक में भाग लें और अपनी समस्याएं साक्ष्यों के साथ मजबूती से रखें।

## 1108 कुण्डीय महायज्ञ के निमित्त निकली श्री वेद भगवान की पालकी यात्रा



**टूंडला।** विश्व कल्याणार्थ 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ राजा का ताल के निमित टूंडला नगर में श्री वेद भगवान की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा नगर के स्टेशन रोड से होती हुई नगर भ्रमण पर निकली, जहाँ श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में भाजपा नगर अध्यक्ष सहित क्षेत्र के नगरवासी एवं भक्तगण बड़ी संख्या में पालकी यात्रा में सम्मिलित हुए और जयघोष के साथ श्री वेद भगवान का वंदन किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा आरती, प्रसाद वितरण एवं सेवा कार्य भी किए गए। आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ विश्व शांति सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की भावना से आयोजित किया जा रहा है। पालकी यात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन में स्थानीय लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम मुख्य रूप से धर्मेश शर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता योगेंद्र उपाध्याय शिव शंकर शर्मा पवन जादौन वृंदावन लाल गुप्ता दीपक चौधरी लोकेश जादौन विष्णु तिवारी रामतीर्थ चक लोकेंद्र पूनिया ज्ञानेंद्र सिंह विनोद बाबू कन्हैया पूनिया तथा क्षेत्रवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया राष्ट्रीय खुरपका और मुंहपका टीकाकारण का शुभारम्भ

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन से राष्ट्रीय खुरपका एवं मुँहपका टीकाकारण के सॉतवें चरण का हरी झड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया। यह टीकाकरण अभियान दिनॉक 22.01.2026 से 10.03.2026 तक चलेगा जिसमें पशुपालक के द्वार पर पहुंचकर पशुओं को टीकाकरण निःशुल्क किया जायेगा यह टीकाकरण पशुओं को खुरपका एवं मुहपका जैसे गम्भीर रोगो से मुक्त रखने में सहयोग प्रदान करेगा, जनपद के प्रत्येक गॉव एवं शहरी क्षेत्र के समस्त गाय एवं भैस को टीकाकरण किया जायेगा एवं जिन पशुओं में टैंग नहीं लगे है उनको टैग कर रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। पशुपालक को पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए टीकाकरण कराना अतिआवश्यक है। जनपद में विकासखण्ड अनुसार टीमो का गठन किया गया है जिसमें लगभग 25 टीम कार्य करेगी एवं जनपद के 6,30,000 पशु टीकाकरण से लाभान्वित होगें। इसके अतिरिक्त गुरुवार को वृहद गोसंरक्षण केन्द्र सॉती विकासखण्ड हाथवन्त में नव निर्मित गोशाला का शिलान्यांस मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास उ०प्र० सरकार धर्मपाल सिंह के द्वारा वर्चुअल मोड़ में लोकार्पण किया गया जिसमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता कार्यदायी संस्था के कर्मचारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। गोशाला में लगभग 350 पशुओं संरक्षित किये जा सकेगे। सड़को एवं खेतो में घूम रहे निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जायेगा जिससे आम जनतो को गोवंश से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा जनपद में 68 गोआश्रय स्थल संचालित है जिसमें अभी तक 12500 गोवंश को संरक्षित किया जा चुका है।

## दुराचार व पाक्सो एक्ट के आरोपी को हाईकोर्ट ने दी जमानत, शिवशंकर मुद्गल ने की पैरवी

**आगरा।** दुराचार एवं पाक्सो एक्ट के मामले में आरोपित राहुल शुक्ला उर्फ रवि पुत्र संजय शुक्ला निवासी जैन मंदिर वाली गली, नुनिहाई, थाना एत्माद्दौला, जिला आगरा की हाई कोर्ट ने जमानत स्वीकृत कर रिहाई के आदेश दिये हैं। थाना एत्माद्दौला में दर्ज मामले के अनुसार वादनी मुकदमा के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान 24 वर्षीय आरोपी राहुल शुक्ला उर्फ रवी ने वादनी की 14 वषीर्या पुत्री के साथ घर में घुसकर दुराचार किया। घटना के दो माह बाद तबियत खराब होने पर पीड़िता ने अपनी मां/वादनी मुकदमा को घटना क्रम बताने पर वादनी ने आरोपी के विरुद्ध उक्त मुकदमा दर्ज कराया था। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनिका चौधरी द्वारा 15 नवंबर 2025 को आरोपी की जमानत खारिज करने पर आरोपी ने अपने अधिवक्ता शिवशंकर मुद्गल के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत स्वीकृत कर रिहाई के आदेश दिये हैं।

## अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित होगा लीडर्स आगरा का 14वां अवाड्र्स समारोह

**आगरा।** तपन ग्रुप और लीडर्स आगरा द्वारा आयोजित आगरा का मिनी पद्मश्री, 14वां लीडर्स आगरा अवाड्र्स समारोह 22 फरवरी को आगरा में आयोजित किया जा रहा है। लीडर्स आगरा के अध्यक्ष डॉ. पार्थ सारथी शर्मा और महामंत्री सुनील जैन ने बताया की इस बार सम्पूर्ण लीडर्स आगरा अवाड्र्स कार्यक्रम देश के प्रख्यात दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र जी को समर्पित कर आगरा से उनको श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस बार यूपी के प्रख्यात क्रिकेटर तथा आगरा के प्रथम रणजी खिलाडी मनमोहन अस्थाना को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेंगे। विगत दिवस आयोजित एक कार्यक्रम में आगरा के पूर्व महापौर और राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर नवीन जैन के अलावा पार्थ सारथी शर्मा, सुनील जैन, पार्षद शरद चौहान, बीजेपी दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष राहुल जैन, पूर्व पार्षद आशीष पाराशर, सुनील बग्गा, स्वीटी चौहान रोबिन जैन आदि उपस्थित थे।

# ब्रज में होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि प्रेम और भक्ति का एक महापर्व



**मथुरा।** कान्हा की नगरी ब्रज में आनंद और उल्लास का महापर्व होली दस्तक देने वाला है। यहां होली केवल एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि पूरे 40 दिनों तक चलने वाला एक अलौकिक उत्सव है। यहां बसंत पंचमी के साथ ही हवाओं में अबीर- गुलाल की खुशबू घुलने लगती है। आज से (बसंत पंचमी) ब्रज में होली के उल्लास की विधिवत शुरूआत हो जाएगी। योगी सरकार ने ब्रज की इस अलौकिक परंपरा को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए ह्लरंगोत्सव 2026ह्व की भव्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं जिला प्रशासन इस बार भी होली को दिव्य और भव्य बनाने में जुटा है। देश-विदेश के श्रद्धालु इस दिव्य रंगोत्सव में शामिल होंगे।

ब्रज में होली की विधिवत शुरूआत बसंत पंचमी से मानी जाती है। इस दिन ब्रज के प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ह्लहोली का डांडाह्व गाड़ा जाएगा। यह प्रतीक है कि कान्हा की नगरी में अब रंगों के त्योहार होली का आगमन हो चुका है। बसंत पंचमी से ही मंदिरों में ठाकुर जी को गुलाल लगाया जाना शुरू हो जाएगा और समाज गायन के साथ फाल्गुन के गीतों की स्वर लहरियां गूंजने लगेंगी। अगले 40 दिनों तक भक्त और भगवान प्रेम और भक्ति के रंगों में सराबोर रहेंगे। रंगोत्सव 2026 को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मथुरा जनपद के विभिन्न स्थानों पर 23 भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इनमें बरसाना में 5, नंदगांव में 4, मथुरा में 5, रावल, गोकुल, बलदेव और फालैन में 2- 2 तथा महावन में 1 द्वार शामिल है। इसके अलावा, बरसाना, नंदगांव और मथुरा के प्रमुख स्थानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 25 छोटे स्टेज भी बनाए जाएंगे। पर्यटकों के लिए मथुरा के प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए जाएंगे। योगी सरकार ने इस बार लाइटिंग व्यवस्था पर विशेष जोर दिया है। श्रीराधा रानी मंदिर (बरसाना) और श्रीनंद मंदिर (नंदगांव) में विशेष फसाड लाइटिंग ) की जाएगी। इसके अलावा, मथुरा के होली गेट, विश्राम घाट, गाजीपुर मंदिर, संकेत मंदिर, रावल स्थित राधा रानी मंदिर, गोकुल के नंद किला, फालैन के प्रहलाद मंदिर और बलदेव के दाऊजी मंदिर पर भव्य विद्युत सजावट की जाएगी।

## गणतंत्र दिवस पर वीर नारियां होंगी सम्मानित कई जिलों के पूर्व सैनिक होंगे शामिल

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में भारतीय पूर्व सैनिक लीग द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस समारोह इस बार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ जांच शिविर के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सूबेदार मेजर रामवीर सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर जसराना तहसील के गांव बनवारा के नगला मदना में रसाल सिंह ऐजूकेशन संस्थान के तत्वावधान में उनके ही द्वारा प्रायोजित व भारतीय पूर्व सैनिक लीग के संयुक्त कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाने जा रहा है अपने जनपद के अलावा एटा जिला, जिला मैनपुरी इटावा के पूर्व सैनिकों की टीम भी इस समारोह में शामिल हो रही हैं। इसके अलावा एम पैनल हॉस्पिटल से मेडिकल कैंप स्वास्थ्य चेकिंग के लिए डॉक्टरों की टीम भी आ रही है साथी साथ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद भी समारोह में शामिल होंगे। समारोह सुबह दस बजे स्वागत समारोह के साथ शूरू हो जाएगा सभी सम्मानित साढे नौ बजे कार्यक्रम स्थल श्री रसाल सिंह ऐजूकेशन संस्थान नगला मदना बनवारा पर पहुँच कर हमें व आयोजक का उत्साहवर्धन करें। कार्यक्रम में विभिन्न युध्दों में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों की वीर नारियों व उनके आश्रित को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सेवा मैडल और अन्य अलंकृत सेवा सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को भी उनके साहस व शौर्य के लिए समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# श्रद्धा व सम्मान से मनाया गया अमर शहीद हेमू कलानी का बलिदान दिवस



**आगरा।** हेमू कलानी चौक, सदर तहसील पर स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद हेमु कलानी जी का 83वाँ बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने वीर शहीद के जीवन से प्रेरणा ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंधी शक्ति संगठन के संस्थापक अध्यक्ष सुशील नोतनानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कलानी जी ने बहुत कम उम्र में देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और ऐसे वीर सपूत सदैव देश की चेतना को जागृत करते रहेंगे। राष्ट्रीय सिंधी महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि सिंधी समाज ही नहीं, बल्कि पूरा देश हेमू कलानी जी के साहस, त्याग और देशभक्ति पर गर्व करता है। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश, समाज और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए तथा ऐसे वीरों की स्मृति को जीवित रखना हम सभी का दायित्व है। वहीं पूर्व पार्षद सुखदेव गिडवानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कलानी जी ने मातृभूमि की रक्षा हेतु हँसते-हँसते फाँसी का फंदा स्वीकार किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अद्वितीय प्रेरणा है। कार्यक्रम के दौरान हेमू कालानी अमर रहे और भारत माता की जय के नारों से वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। मुख्य रूप से सुशील नोतनानी, महेश सोनी किशोर बुधरानी, मनोज नोतनानी, सुखदेव गिद्वानी, मनोहर हंस, आनंद नोतनानी, अमृत मखीजा, पार्षद इंद्रपाल सिंह, हेमंत नोतनानी, रोहित आयलानी, सोनू सोमानी, मनीष हरजानी, राजेश इसरानी, दिलीप खेमानी, राजकुमार नोतनानी, रूपचंद चांदनी, दीपक रामानी, सतीश मानवानी आदि उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने किया थाना फरिहा का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित ने गुरुवार को थाना फरिहा का वार्षिक निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसुनवाई रजिस्टर यूपी कॉप ऐप आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल व महिला हेल्पडेस्क पर महिलाओं से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण की गहन समीक्षा की व संबंधित अफसरों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही यक्ष एप के सम्बन्ध में भी पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एसएसपी द्वारा अपराध रजिस्टर ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर शस्त्र रजिस्टर मालखाना रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया एवं उनके अद्यावधिक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को चेक किया गया तथा मालखाने का निरीक्षण किया गया। थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों जिलाबदर अपराधियों एनडीपीएस एक्ट अवैध शराब एवं निरोधात्मक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। थाना मालखाना शस्त्रागार में उपलब्ध समस्त शस्त्रों कारतूसों का भौतिक निरीक्षण करते हुए उनके सुरक्षित संचालन व सफाई रख-रखाव के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर महिला सुरक्षा व सहायता से सम्बन्धित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा अवगत कराया गया कि समय-समय पर शिकायकर्ता महिला की थाने पर काउंसलिंग भी की जाए साथ ही उनको अपना मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराते हुए समय-समय पर शिकायतकर्ता से वार्ता भी करें। सभी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ शालीन एवं मधुर व्यवहार किया जाए तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अद्यावधिक करते हुए समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की नपा में कार्यशाला आयोजित



**टूंडला।** नगर पालिका परिषद टूण्डला में नमस्ते योजना के अंतर्गत कूड़ा बीनने वाले व पालिका के सेप्टिक टैंकों की खतरनाक रोकथाम हेतु, नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा कार्यशाला का आयोजन पालिका कार्यालय में किया गया। जिसका संचालन ट्रैनर स्वदेश सारस्वत द्वारा किया गया। जिसमे सभी संबंधित सफाई मित्रों सफाई नायकों को बारीकी से समझाया गया, और किट पहन कर अपने कार्य करने को कहा गया। जिस मौके पर अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी जिला समाज कल्याण अधिकारी, राजमती सिंह मंडल प्रबंधक कार्यक्रम अधिकारी धरंजय सिंह जिला प्रबंधक कार्यक्रम अधिकारी मनीष कुमार अग्रवाल, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, सभी सफाई नायक, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत कॉलेज में किया गया जागरूक




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 31-01-2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को ज्ञानेश्वरी देवी इंटर कॉलेज रसूलपुर में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनसमुदाय को यातायात नियमों के पालन हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव तथा सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में जागरूक किया गया।

# बसंत पंचमी से 40 दिवसीय महोत्सव होगा शुरू

- ठाकुर बांके बिहारी जी भक्तों संग खेलेंगे होली



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** आज शुक्रवार बसंत पंचमी से ठाकुर बांके बिहारीजी भक्तों संग होली खेलकर व्रज में चालीस दिवसीय होली की शुरूआत करेंगे। पंचमी पर बसंती पोशाक धारण कर श्रृंगार आरती के बाद सेवायत जब ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल भक्तों पर उड़ाएंगे, तो ब्रज में इसी दिन से होली की शुरूआत होगी। उसके बाद ठाकुरजी को गुलाल का फेटा बांध गाल पर गुलाल लगाकर ही भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर के सेवायत ने बताया ठाकुर बांकेबिहारीजी भक्तों संग होली खेलकर बज में चालीस दिवसीय होली की शुरूआत करेंगे। पंचमी पर बसंती पोशाक धारण कर श्रृंगार आरती के बाद सेवायत जब ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल भक्तों पर उड़ाएंगे, तो ब्रज में इसी दिन से होली की शुरुआत होगी। उसके बाद ठाकुरजी को गुलाल का फेंटा बांध गाल पर गुलाल लगाकर ही भक्तों को दर्शन देंगे।

मंदिर में बसंत पंचमी की सुबह श्रृंगार आरती से पहले सेवायत ठाकुरजी के गालों पर गुलाल लगाएंगे। इसके बाद सेवायत ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल उड़ाकर भक्तों को होली के रंग में सराबोर करेंगे। ऐसे में मंदिर में प्रवेश करते ही आराध्य के प्रसादी रंग के एक-एक कण में सराबोर होने को उत्साहित श्रद्धालु देश दुनिया से वृंदावन में डेरा डालेंगे। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में वसंत पंचमी पर देशभर के श्रद्धालु वृंदावन में डेरा डालकर आराध्य के आंगन में होली का आनंद लेंगे। ऐसे में मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति ने मंदिर आने वाले मार्गों पर बैरीकेडिंग करके श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन की व्यवस्था की गई है। वसंत पंचमी तक मंदिर के अंदर भी रेलिंग से श्रद्धालुओं को दर्शन करवाने की योजना अमल में लाने को समिति ने योजना बनाई है। ताकि मंदिर में अधिक देर तक श्रद्धालुओं का ठहराव भी न हो। बसंत पंचमी पर शाहजी मंदिर स्थित वसंती कमरे के रंगबिरंगे झाड़-फ्लूस, कलात्मक दर्पण से निकलती प्रकाश की अद्भुत किरणें और कमरे के बीच सवारों के सामने रखजड़ित सिंहासन पर विराजमान ठाकुर राधारमणलालजू की झलक को अपलक निहारते भक्त कमरे की आभा में डूबे नजर आएंगे। कमरे में रंगबिरंगी झाड़ फ्लूस से झांकती रोशनी भक्तों को आल्हादित करेगी। मंदिर में स्थित संममरमर के टेढ़े खंभे और मुंडेर पर रोमन व इटेलियन शैली का झलक जब भक्तों को आल्हादित करेगी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया एसआईआर पर तेजी से काम करने के लिये प्रेरित



**फिरोजाबाद।** जसराना एका मंडल की कार्यशाला एका में मंडल अध्यक्ष शीलू सबिता के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मंडल में पार्टी कार्यकताओं को एसआईआर पर तेजी से काम करने के लिये प्रेरित किया। बैठक में सभी लोगो को फॉर्म 6 भी बितरत किए। कार्यशाला में विधानसभा संयोजक सुरेंद्र सावन झा, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसवीर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ- यशवीर सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक चतुवेर्दी, विक्की वार्ष्णेय, राजू मिश्रा, राघवेंद्र सिंह यादव, विकाश यादव, संदीप चौहान, रवी बघेल, ओमपाल लोधी, मानपाल लोधी, अतुल लोधी, छोटू कठेरिया, राजेंद्र दिवाकर, अरविंद भारद्वाज, मनपाल डीलर, दिनेश शाक्य, श्यामवीर बघेल, अनूप कुशवाहा, अनिल दीक्षित, विजय सिंह, शिव मोहन, डॉ- विपन लोधी आदि मौजूद रहे।

# सेंसेक्स में 398 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूती और ग्रीनलैंड मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 132 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 397.74 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 873.55 अंक उछलकर 82,783.18 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़कर 25,289.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 278.25 अंक की तेजी के साथ 25,435.75 के स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, सन फार्मास्युटिकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी के शेयर लाभ में रहे। दूसरी तरफ, इटर्नल, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी आने से भारतीय शेयर बाजारों में मध्यम बढ़त देखने को मिली। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के खिलाफ शुल्क धमकियों को वापस लेने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति की सकारात्मक टिप्पणियों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। यूरोपीय बाजार मजबूत रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,787.66 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,520.47 करोड़ रुपये की खरीदारी की। तिमाही नतीजों की शुरुआती घोषणाएं बाजार के मौजूदा ऊंचे मूल्यांकन को समर्थन नहीं दे पाईं। हालांकि, निवेशकों को मजबूत घरेलू मांग से आगे लाभ की संभावना दिख रही है, जो आने वाले तिमाही नतीजों में स्पष्ट हो सकती है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.10 प्रतिशत गिरकर 64.52 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को सेंसेक्स 270.84 अंक टूटकर 81,909.63 अंक और निफ्टी 75 अंक गिरकर 25,157.50 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया तीन पैसे सुधरकर 91.62 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार के साथ तीन पैसे बढ़कर 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणियों से भी बाजार धारणा में सुधार हुआ। ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के एक समझौते का ढांचा तय हो गया है और एक फरवरी से यूरोपीय देशों पर प्रस्तावित शुल्क को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा।

अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.54 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये ने 91.48 के उच्च स्तर और 91.68 के निचले स्तर को भी छुआ। लेकिन अंत में यह 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसके अब तक के सबसे निचले स्तर से तीन पैसे अधिक है। बुधवार को रुपया 68 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 91.65 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते रुपये पर दबाव बना हुआ है। अमेरिका के साथ लंबित व्यापार समझौता रुपये के लिए एक प्रमुख कारक बना हुआ है। भू-राजनीतिक जोखिम कम नहीं होने और व्यापार समझौता साकार नहीं होने तक रुपया बाहरी झटकों के प्रति संवेदनशील बना रह सकता है। मौजूदा स्तरों पर वैश्विक जोखिम के एक बड़े हिस्से को रुपया पहले ही स्वीकार कर चुका है। यहां से बाजार में कुछ समय तक स्थिरता का दौर देखने को मिल सकता है। जोखिम धारणा में सुधार होने की स्थिति में रुपये में आंशिक सुधार हो सकता है। 92.00 का स्तर रुपये के लिए एक मजबूत प्रतिरोध स्तर बना हुआ है, जबकि आरबीआई के निरंतर समर्थन से डॉलररुपया विनिमय दर निकट अवधि में 90.5090.70 के दायरे की ओर आ सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.72 पर रहा।

# कॉफी निर्यात 2025 में मूल्य के लिहाज से 22.50 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्ष 2025 में भारत का कॉफी निर्यात मात्रा के हिसाब से 4.47 प्रतिशत गिरकर 3.84 लाख टन रहा, लेकिन मूल्य के लिहाज से यह 22.50 प्रतिशत बढ़कर 2.05 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

कॉफी बोर्ड के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मात्रा के संदर्भ में, कुल निर्यात 2024 के 4.02 लाख टन के मुकाबले कम रहा। प्रति टन मूल्य प्राप्ति 2025 में बढ़कर 4.65 लाख रुपये रही, जो पिछले वर्ष 3.48 लाख रुपये प्रति टन थी। कॉफी उत्पादन में भारत का विश्व में सातवां और निर्यात में पांचवां स्थान है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 के दौरान अरेबिका कॉफी का निर्यात 65 प्रतिशत गिरकर 15,607 टन रहा, जो पिछले वर्ष 44,315 टन था। आलोच्य तिमाही में रोबस्टा कॉफी का निर्यात भी 13 प्रतिशत घटकर 2.07 लाख टन से 1.80 लाख टन रह गया। हालांकि, इंस्टेंट कॉफी का निर्यात 2025 में 11.56 प्रतिशत बढ़कर 46,954 टन रहा, जो पिछले वर्ष 42,054 टन था। इटली, रूस और जर्मनी भारतीय कॉफी के शीर्ष तीन खरीदार रहे। वर्ष 2025 में इटली को 60,688 टन, रूस को 31,505 टन और जर्मनी को 28,840 टन कॉफी भेजी गई।

# मुनाफा वसूली से सोने व चांदी के भाव नरम



नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में सोने और चांदी की कीमतों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक स्तर पर तनाव में कमी आने के बीच कारोबारियों ने ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली की।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में फरवरी आपूर्ति के लिए सोने के वायदा भाव में ।,088 रुपये यानी 0.71 प्रतिशत की गिरावट आई और यह ।,51,774 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसमें कुल 11,996 लॉट का कारोबार हुआ। सोने के भाव में बुधवार को 7,910 रुपये यानी 5.25 प्रतिशत की तेजी आई थी और यह अब तक के उच्चतम स्तर ।,58,475 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में यह 3.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ ।,52,862 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसी तरह, मार्च आपूर्ति के लिए चांदी के वायदा भाव में ।,534 रुपये यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 3,16,958 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। इसमें 9,555 लॉट का कारोबार हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 3,35,521 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद 3,18,492 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। यह पिछले बंद भाव से 17,029 रुपये यानी 5.07 प्रतिशत की गिरावट थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय देशों पर नए शुल्क लगाने की चेतावनी वापस लेने और ग्रीनलैंड पर नरम रुख के संकेत से भू-राजनीतिक तनाव में कुछ कमी आई, जिससे सोने और चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली देखी गई। उन्होंने कहा कि बल का प्रयोग नहीं किए जाने के ट्रंप के आश्वासन से सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा और सुरक्षित निवेश की मांग कम हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, फरवरी आपूर्ति के लिए कॉमेक्स सोना वायदा भी अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गया।

# डाक विभाग के लक्ष्य में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि करना : सिंधिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि डाक विभाग ने चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

डाक विभाग (डीओपी) की 2025-26 तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि छह में से पांच क्षेत्रों के राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई जबकि अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अंतरराष्ट्रीय डाक का राजस्व स्थिर रहा। सिंधिया ने कहा, 2025-26 के लिए हमारा लक्ष्य 17,546 करोड़ रुपये है जिसका मतलब है कि हम वित्त वर्ष 2024-25 के 13,240 करोड़ रुपये से एक ही वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2023-2024 में यह 12,800 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 13,240 करोड़ रुपये हुआ जो केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि है। सिंधिया ने कहा कि इसलिए, 2023-2024 से 2024-25 की तुलना में वृद्धि दर मात्र तीन प्रतिशत है। इसे हम वित्त वर्ष 2025-26 में 10 गुना कर 30 प्रतिशत करने का इरादा रखते हैं। मंत्री ने कहा कि विभाग वर्तमान में सरकार के लिए एक व्यय केंद्र है और अगले चार से पांच वर्ष में लाभ केंद्र बनने का लक्ष्य रखता है।

# देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किलोमीटर के पार

नयी दिल्ली। देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इसके साथ ही देश की कुल ट्रांसफॉर्मर क्षमता 1407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की। इस लाइन के चालू होने से भादला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1100 मेगावाट बिजली पारेषण संभव हो सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2014 से अब तक देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2.09 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन जोड़ी गईं जबकि ट्रांसफॉर्मर क्षमता में 876 गीगावोल्ट एम्पियर की बढ़ोतरी हुई। अंतर-क्षेत्रीय बिजली अंतरण क्षमता अब ।,20,340 मेगावाट तक पहुंच गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति को संभव हुई है।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड ने ईएलएसएस को एक अनुशासन टूल के तौर पर पेश किया

मुंबई। यह सही है कि भारतीय इंवेस्टर्स के पास पहले से कहीं ज्यादा इक्विटी प्रोडक्ट का ऐक्सेस है, लेकिन बाजार साइकल के जरिए इंवेस्ट करना एक चुनौती बनी हुई है। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने एक ऐसे परिप्रेक्ष्य की ओर संकेत किया है जो इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस ) को मुख्य रूप से टैक्स-सेविंग उपकरणों के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे प्रोडक्ट के रूप में दिखाता है जो लंबे समय तक इंवेस्टिंग में व्यवहार संबंधी दूरी को कम करने में सहायता कर सकते हैं। इंवेस्टर्स के परिणाम अक्सर प्रोडक्ट सिलेक्शन से कम और व्यवहार से ज्यादा प्रभावित होते हैं। अस्थिरता की अवधि में, इंवेस्टर्स जल्दी बाहर निकलते हैं, गति का पीछा करते हैं या बाजार की शॉर्ट-टर्म उठा-पटक का जवाब देते हैं। ईएलएसएस की लॉक-इन सुविधा इंवेस्टर्स को साइकल के जरिए इंवेस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करके इन रुझानों को कम करने में मदद कर सकती है।

## एएसएफ इनसिग्निया ने अल्फा अल्टरनेटिव्स से 1250 करोड़ पूंजी की प्रतिबद्धता हासिल की

नयी दिल्ली। एएसएफ इनसिग्निया ने मुंबई मुख्यालय वाले अल्फा अल्टरनेटिव्स से करीब 1,250 करोड़ रुपये के इक्विटी और अर्ध-इक्विटी निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की है। यह सौदा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली कार्यालय रीयल एस्टेट संपत्तियों में सतत संस्थागत रुचि परिलक्षित करता है। यह निवेश कई हिस्सों में किया जाएगा जिसमें से करीब 450 करोड़ रुपये का पहला हिस्सा पहले ही प्राप्त हो चुका है। इस पूंजी का उपयोग ऋण में कमी के जरिए एएसएफ इकाइयों के पूंजी ढांचे में सुधार के लिए किया जाएगा। इससे लक्षित आधारभूत ढांचे और सुविधाओं को अपग्रेड करने, रिफाइनमेंट्स के निर्माण और पूरे कैंपस में अनुभवों को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# हमारी नीतियां व काम करने का तरीका दावोस में चर्चा का विषयः सीएम यादव

दावोस। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य को निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बताते हुए कहा कि राज्य की नीतियां और काम करने का तरीका अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है।

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से इतर साथ बातचीत में यादव ने कहा कि सभी भारतीय नेता यहां एक ही उद्देश्य लेकर आए हैं कि भारत की वृद्धि की कहानी को सामने लाना, राज्यों में निवेश बढ़ाना, युवाओं को रोजगार प्रदान करना, गरीबी कम करना और संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए दुनिया के साथ जुड़ना है। भारत को अपनी आर्थिक साख मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यह एक बड़ा मंच है जहां दुनिया भर के विभिन्न निवेशक मिलते हैं और सभी क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्ष में उनकी सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और यह यात्रा भी उसी दिशा में है। निवेश संबंधी प्रतिबद्धताओं के बारे में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को इस वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना बड़ी बात है और उनके दल ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को स्पष्ट रूप से पेश किया है।

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया नया साउंड टावर

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने अपना नया साउंड टावर 2026 लाइनअप लॉन्च किया है। यह दमदार साउंड, बेहतर पोर्टेबिलिटी और शानदार एंटरटेनमेंट फीचर्स के साथ भारतीय ग्राहकों के लिए खास अनुभव लाता है। यह लाइट और साउंड के जरिए पार्टी का पूरा मजा देता है। नई साउंड टावर सीरीज सैमसंग की आधुनिक एंटरटेनमेंट को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसमें जबर्दस्त साउंड, डायनैमिक लाइटिंग और वर्सेटाइल पोर्टेबिलिटी को एक साथ जोड़ा गया है। जैसे-जैसे उपभोक्ता ऐसे ऑडियो सॉल्यूशंस की तलाश कर रहे हैं जो इनडोर और आउटडोर दोनों जगह आसानी से काम कर सकें, साउंड टावर हर मौके के लिए सही साथी बनकर उभरता है।

## संक्षेप

### न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस लॉन्च

बंगलुरु। आज के तेज-रफ्तार जीवन में देर रात तक जागने की आदत, बढ़ते तनाव और पोषक तत्वों की कमी वाले आहार के कारण, स्वस्थ दिखने वाले बाल, त्वचा और नाखून भी अपनी प्राकृतिक चमक और मजबूती खो सकते हैं। जैसे-जैसे उपभोक्ता 'भीतर से सुंदरता' की अवधारणा वाले उत्पादों को अपना रहे हैं, एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस (जिंक एवं बीटा कैरोटीन के साथ) लॉन्च किया है– जो एक वैज्ञानिक रूप से तैयार न्यूट्रास्युटिकल है जिसमें भीतर से स्वस्थ बालों, त्वचा और नाखूनों को सहारा देने वाले तत्व शामिल हैं। इसे 'बायोटिन से परे' फॉमूर्लेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### बजट में प्रोटेक्शन गैप को कम कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2026 से पहले सरकार के पास जीवन, स्वास्थ्य और रिटायरमेंट से जुड़ी सुरक्षा में मौजूद भारत के प्रोटेक्शन गैप को दूर करने का एक अहम अवसर है। यह बात बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड के सीईओ ने कही। बीमा और दीर्घकालिक रिटायरमेंट उत्पादों के लिए टैक्स में स्पष्टता और समानता से घरेलू विश्वास, भरोसा और अपनाने की दर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है। स्पष्ट और स्थिर नीतिगत संकेत परिवारों को बचत और निवेश के साथ-साथ सुरक्षा की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। माइक्रो-इंश्योरेंस और समावेशी सुरक्षा मॉडल, खासकर वंचित और असंगठित वर्गों में, पहली बार बीमा खरीदने वालों को बीमा व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीमा ढांचे को सरल बनाने से इसे समझना आसान होगा और यह अधिक किफायती बनेगा, जिससे जमीनी स्तर पर कवरेज का विस्तार संभव होगा। उन्होंने स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बीमा पहुंच बढ़ाने के लिए पब्लिक प्राइवेट साझेदारी के महत्व पर भी जोर दिया। नीतिगत समर्थन को निजी क्षेत्र की इनोवेशन क्षमता, मजबूत वितरण नेटवर्क और परिचालन दक्षता के साथ जोड़ने से कवरेज और नतीजों में सार्थक सुधार किया जा सकता है।

### मैरियट बॉनवॉय लाया क्रिकेट अनुभव

नई दिल्ली। मैरियट बॉनवॉय अपने सदस्यों को आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के जरिये क्रिकेट के रोमांच से रूबरू कराने के लिए तैयार है। भारत और श्रीलंका में होने वाले इस टूनार्मेंट के लिए कंपनी ने खास तौर पर कई अनुभव सजाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ वैश्विक साझेदारी के तहत, मैरियट बॉनवॉय के सदस्य 500 से अधिक विशेष मैरियट बॉनवॉय मोमेंट्स का लाभ उठा सकेंगे।

### एलजी ने उद्योग में बनायी बढ़त

बंगलुरु। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड सबसे भरोसेमंद ब्रांड ने घोषणा की है कि वह 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी स्टार रेटिंग मानकों के पूरी तरह अनुरूप एयर कंडीशनरों की व्यापक रेंज पेश करने वाली शुरूआती कंपनियों में शामिल है। एलजीईआईएल की यह अग्रिम पहल सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आज ही सबसे उन्नत और ऊर्जा-कुशल कूलिंग तकनीक उपलब्ध हो सके। जैसे-जैसे भारत सख्त ऊर्जा दक्षता मानकों की ओर बढ़ रहा है, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड इस बदलाव को शुरूआती अनुपालन और भविष्य के लिए तैयार उत्पाद नवाचार के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। नए बीईई मानकों के अनुरूप पहले से तैयार हमारे पोर्टफोलियो के साथ, एलजीईआईएल नये सीजन में पूरी तरह तैयार है।

### पीएनबी मेटलाइफ ने पेश की दीर्घकालिक वित्तीय योजनाएं

बंगलुरु। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने पीएनबी मेटलाइफ डिविडेंड लीडर्स इंडेक्स फंड के माध्यम से ग्राहकों के लिए एक लचीली, दीर्घकालिक वित्तीय योजना लॉन्च की है, साथ ही यूलिप योजनाएं भी शुरू की है, जिसमें उच्च लाभांश वाली कंपनियों में निवेश किया जाता है। यह फंड पीएनबी मेटलाइफ के गोल एनश्योरिंग मल्टीप्लायर-जीईएम और स्मार्ट गोल एनश्योरिंग मल्टीप्लायर-स्मार्ट जीईएम उत्पादों के अधीन लॉन्च किया गया है। हमारा लक्ष्य जीवन बीमा सुरक्षा और इक्विटी वृद्धि के सुमेल से ग्राहकों को लम्बे समय में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाना है। इस फंड के अधीन उन कंपनियों में निवेश किया जाता है।

## पेज एक का शेष

### एक करोड़

ने सोमवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के मुख्यालय चाईबासा का दौरा किया था। झारखंड में कोल्हान और सारंडा को माओवादियों का अंतिम गढ़ माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बूढ़ा पहाड़, चतरा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची और पारसनाथ में उनकी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सीमित कर दिया है। झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा के पूर्व राज्य अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली सहित माओवादियों की हत्या को लाल आतंके के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताया। मरांडी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा इस अभियान में शामिल सभी कर्मियों ने अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में, केंद्र सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के संकल्प के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ रही है।

### सैनिकों को

क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला। अधिकारियों के मुताबिक, बचाव अभियान के दौरान बाद में, चोटों के चलते छह और सैनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, घायल जवानों में से एक की हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे भद्रवाह उप-जिला अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है, जबकि 10 अन्य को विशेष उपचार के लिए हवाई मार्ग से उधमपुर कमान अस्पताल ले जाया गया। भद्रवाह के अतिरिक्त उपायुक्त सुमित कुमार भुट्याल ने पीटीआई-भाषा को बताया, सेना का एक वाहन हादसे का शिकार हो गया, जिससे हमने 10 जवान खो दिए और 11 अन्य घायल हो गए। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, डोडा में खराब मौसम के बीच दुर्गम इलाके से गुजर रहा सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। इस वाहन में आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए जा रहे सैनिक सवार थे। हादसे में कई जवान हताहत हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने हादसे पर गहरा दुख जताया। राजनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं डोडा में हुए सड़क हादसे से बेहद व्यथित हूं, जिसमें हमने भारतीय सेना के 10 बहादुर जवानों को खो दिया। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

### सनातन धर्म

के माननीय उच्च न्यायालय ने कहा था कि ह्यलव जिहादह्न केरल जैसे राज्य को इस्लामी राज्य बनाने की साजिश का हिस्सा है। आज जब मैं देखता हूं तो तमाम राज्यों में बड़े पैमाने पर ये षड्यंत्र हो रहे हैं। हमारी संयुक्त परिवारों की परंपरा पहले संस्कारित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती थी, लेकिन धीरे-धीरे यह परंपरा विखंडित होती दिखाई दे रही है। इसे पुनः जीवित करने की आवश्यकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिवार, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के माध्यम से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। धर्म केवल उपासना विधि नहीं, बल्कि अभ्युदय और उत्थान का मार्ग है, जिसमें भौतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास साथ-साथ चलते हैं। धर्मों के संरक्षण के प्रति हमें जागृत होना पड़ेगा। उनकी पवित्रता, मयार्दा को बनाए रखना होगा। सनातन धर्म व आध्यात्मिक विरासत में नाथ पंथ भारत की प्राचीनतम उपासना विधियों में से एक है। गुरु परंपरा के प्रति गहन श्रद्धा भाव के साथ जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है, जो सचमुच अभिनंदनीय और सराहनीय है। सीएम ने नाथ संप्रदाय और योगी सभा की ओर से उपस्थित सभी पूज्य संतों, योगियों एवं श्रद्धालु जनों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि नाथ परंपरा ने सदैव समाज को जोड़ने, साथ लेकर आगे बढ़ने और जीवन को सार्थक ढंग से जीने की प्रेरणा दी है। यही कारण है कि वृहत्तर भारत में उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक सिद्ध महंतों और योगियों की एक लंबी श्रृंखला दिखाई देती है। उनके मठ, मंदिर और धर्मस्थल सनातन धर्म के मूल्यों के प्रति नाथ पंथ की प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक भारत-श्रेष्ठ भारत को साकार होते हुए देख रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि लगभग एक हजार वर्षों तक विदेशी आक्रांताओं का सामना करते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़कर भारत पुनः अपने वैभव की ओर अग्रसर है। हालांकि, एक समय ऐसा भी आया, जब लोगों को लगने लगा था कि गुलामी हमारी नियति बन गई है, लेकिन भारत की चेतना ने अंगड़ाई ली और देश फिर उठ खड़ा हुआ। आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जो अभियान आगे बढ़ाया जा रहा है, उसमें भारत और सनातन धर्म का कल्याण एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। सनातन धर्म मजबूत होगा तो विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग भी सुदृढ़ होगा। इसलिए भारत का सशक्त होना भी आवश्यक है।

### गांवों में

की स्थापना के लिए मेरठ को चुना गया तथा विश्वविद्यालय का क्षेत्रफल 90 एकड़ से बढ़ाकर 100 एकड़ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 250 करोड़ रुपये और दूसरे चरण में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, कुछ पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है और आगामी शैक्षणिक सत्र से यहां नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। विश्वविद्यालय में 12 खेल विधाओं से जुड़े डिप्लोमा, डिग्री और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाने के लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण कार्य से जोड़ा जाए।

### सुधार कागज

नियंत्रण हटाकर जरूरी नियमों को सरल और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने दोहराया कि सरकार का संकल्प उत्तर प्रदेश को ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, दोनों में देश का अग्रणी राज्य बनाना है। बैठक में बताया गया कि कैबिनेट सचिवालय की ओर से जनवरी 2026 में जारी रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को कम्प्लायंस रिडक्शन फेज-एक में देश का बेस्ट स्टेट घोषित किया गया है। फेज-दो के अंतर्गत कुल 9 थीम, 23 प्रायोरिटी एरिया और 5 ऑप्शनल प्रायोरिटी एरिया चिन्हित किए गए हैं, जिन पर चरणबद्ध ढंग से सुधार लागू किए जा रहे हैं। भूमि उपयोग से जुड़े सुधारों पर चर्चा करते हुए बैठक में बताया गया कि किसानों और भू-स्वामियों को अनावश्यक परेशानियों से बचाने के लिए चेंज इन लैंड यूज जैसी जटिल अनुमतियों को समाप्त करने या सरल बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। नियोजित क्षेत्रों में मास्टर प्लान के अनुरूप भूमि उपयोग के मामलों में अलग से अनुमति की आवश्यकता समाप्त करने और अनियोजित क्षेत्रों में भी भूमि रूपांतरण की प्रक्रिया को सरल करने पर विशेष फोकस किया गया है। भवन निर्माण और कंस्ट्रक्शन सेक्टर के संबंध में बैठक में बताया गया कि नक्शा पास कराने, लेआउट अप्रूवल और कंप्लीशन सर्टिफिकेट जैसी प्रक्रियाओं को रिस्क-बेस्ड सिस्टम पर लाया जा रहा है।

### बसंत पंचमी

मांगी थी। उस दिन बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा भी है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने दोनों पक्षों से परस्पर सम्मान और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। पीठ ने कहा एएसजी (अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल) और महाधिवक्ता, दोनों ने उचित सुझाव दिया है कि यह जानने के बाद कि कल (शुक्रवार) दोपहर। से 3 बजे के बीच नमाज के लिए मुस्लिम समुदाय से कितने लोगों के आने की संभावना है, परिसर के भीतर एक विशेष और अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि निर्धारित समय पर नमाज अदा की जा सके। न्यायालय ने कहा इसी प्रकार, पहले की तरह, बसंत पंचमी के अवसर पर पारंपरिक अनुष्ठान के लिए हिंदू समुदाय को एक अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए। पीठ ने जिला प्रशासन को उस स्थान पर कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

### बांग्लादेश ने

की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। उन्होंने कहा हम इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि वे हमारी पूरी टीम, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा। बांग्लादेश को भारत में चार मैच (तीन कोलकाता में और एक मुंबई में) खेलने हैं। देश ने सुरक्षा चिंताओं को तब उठाया जब तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय क्रिकेट बोर्ड के निर्देशों पर चारों ओर हो रहे घटनाक्रमों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर कर दिया गया था। नजरुल ने कहा, टूर्नामेंट में नहीं खेलने से होने वाले नुकसान को खिलाड़ियों, दर्शकों और पत्रकारों को एक जोखिम भरी क्षेत्रीय राजनीतिक स्थिति में धकेलने से होने वाली संभावित आपदा के साथ तुलनात्मक रूप से देखना बेहद महत्वपूर्ण है। यह सरकार का निर्णय है क्योंकि विदेश में नागरिकों की सुरक्षा का निर्धारण करना देश की जिम्मेदारी है।

### मिर्जापुर में

फरीद अहमद ट्रेनर के रूप में कार्य करता था। इरशाद भी ड्यूटी खत्म करके जिम में आता था। उसका परिवार मिर्जापुर में ही रहता है। एक वर्ष पहले वह माधोपुर स्टेशन पर जीआरपी में गया है। उससे पहले वह मिर्जापुर में ही विभिन्न थानों पर न्यायालय ड्यूटी में तैनात था। वहीं पुलिस ने आरोपी फरीद को मुठभेड़ में पहले ही खड़ंजा फाल के पास से गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान उसके बाएं पैर में गोली लगी है। फरीद जिम में आने वाली लड़कियों से दोस्ती करके प्रेम जाल में फंसा कर उनका वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता था।

### विराज सागर दास

सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस कोशिश को बरकरार रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।




# पंजाब की पहली पारी 139 रन पर सिमटी

## रणजी ट्रॉफी : शुभमन गिल खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे, भारतीय स्पिनर रविंद्र जडेजा 48 रन पर दो

एजेंसी



राजकोट। शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में वापसी बेहद निराशाजनक रही जहां पंजाब का यह खिलाड़ी बृहस्पतिवार को सौराष्ट्र के खिलाफ एलीट ग्रुप बी के मैच में दो गेंदों में खाता खोले बिना आउट हो गया। स्पिनरों की मददगार पिच पर पंजाब और सौराष्ट्र के बाकी बल्लेबाजों को भी काफी संघर्ष करना पड़ा। गिल को बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुट ने पगबाधा आउट किया और टीम के अन्य बल्लेबाज भी स्पिनरों के सामने टिक नहीं सके। भुट ने 33 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्हें अनुभवी भारतीय स्पिनर रविंद्र जडेजा (48 रन पर दो विकेट) और धर्मेंद्र जडेजा (36 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की पहली पारी 139 रन पर सिमट गयी। इससे पहले पंजाब ने सौराष्ट्र को 172 रन पर आउट किया था। पंजाब पहली पारी के बाद सौराष्ट्र से 33 रन पीछे हैं। पंजाब की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ (38 रन पर छह विकेट) और प्रेरित दत्ता (32 रन पर एक विकेट) ने ऑफ-स्पिनर जस इंदर (71 रन पर दो विकेट) के साथ मिलकर सौराष्ट्र के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया।

गिल के लिए यह पारी बेहद निराशाजनक रही क्योंकि उनके पास हालिया औसत प्रदर्शन के सिलसिले को तोड़ने का अच्छा मौका था। टेस्ट, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय और लिस्ट-ए प्रारूप में उनकी पिछली 10 पारियों में सिर्फ दो अर्धशतक आए हैं। उनके भारतीय टीम के साथी रविंद्र जडेजा का भी बल्ले से दिन अच्छा नहीं रहा और वह जस इंदर की गेंद पर छह गेंदों में सात रन बनाकर आउट हो गए। दिन के खेल में सौराष्ट्र की ओर से सिर्फ जय गोहिल ही ऐसे बल्लेबाज रहे जिन्होंने स्पिनरों के सामने डटकर मुकाबला किया। उन्होंने 117 गेंदों में 82 रन (नौ चौके, तीन छक्के) की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने इस पिच पर धीमे गेंदबाजों के खिलाफ रक्षात्मक के साथ आक्रामक तेवर अपना कर रन बनाये। दूसरी पारी में भी सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और स्टंप्स तक उसने छह ओवर में सिर्फ 24 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। टीम के पास अब 57 रन की बढ़त पर है और पिच के मिजाज को देखते हुए यह हैरानी की बात नहीं होगी अगर मुकाबला दूसरे दिन ही खत्म हो जाए। ग्रुप तालिका में शीर्ष पर काबिज कर्नाटक ने अलूर (एक) मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश को स्टंप्स तक पांच विकेट पर 244 रन पर रोक दिया। मध्य प्रदेश की ओर से वेंकटेश अय्यर ने 135 गेंदों में 87 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार, हिमांशु मंत्री और शुभम शर्मा ने अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। कर्नाटक के लिए लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल और तेज गेंदबाज व्यसाख विजयकुमार ने दो-दो विकेट हासिल किए।

पुणे में गोवा को 209 रन पर आउट करने के बाद महाराष्ट्र ने पहली पारी में बिना विकेट गंवाये 19 रन बना लिये। गोवा के लिए स्नेहल कौथंकर ने 73 रन बनाये लेकिन महाराष्ट्र के लिए जलज सक्सेना ने 79 रन पर छह विकेट लिये। मंगलपुरम में केरल को 139 रन पर आउट करने के बाद चंडीगढ़ ने अर्जुन आजाद (नाबाद 78) और मनन वोहरा (नाबाद 51 रन) की अर्धशतकों के दम पर एक विकेट पर 142 रन बना लिये हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका में एसए20 लीग के दौरान इस्तेमाल हो रही सतहों को उनकी धीमी प्रकृति के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रिटोरिया कैपिटल्स के सहायक कोच शॉन पोलाक ने बुधवार को कहा कि भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में अगले महीने से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इससे खिलाड़ियों को तैयारी में मदद ही मिलेगी।

एसए20 के मौजूदा सत्र के दूसरे हॉफ में सिर्फ एमआई केपटाउन की टीम ही 200 रन के आंकड़े को पार कर पाई जबकि कई बार खिलाड़ियों को बड़े शॉट खेलने के लिए जूझते हुए देखा गया। प्रिटोरिया कैपिटल्स के पहले क्वालीफायर में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश करने के बाद पोलाक ने चुनिंदा भारतीय संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा ईमानदारी से कहूं तो इस टूर्नामेंट के आखिर में कुछ पिच विश्व कप के लिए जाने वाले खिलाड़ियों की तैयारी के लिहाज से अच्छी हैं क्योंकि गेंद रुककर आ रही है और स्पिन कर रही हैं। उन्होंने कहा, मेरे खेलने के समय में, हम तेज पिच पर खेलने के आदी थे जिन पर गेंद तेजी से निकलती थी लेकिन हमने (पिछले कुछ मुकाबलों में) स्पिन को काफी असरदार होते देखा है इसलिए जो खिलाड़ी खेल रहे हैं उन्हें शायद तैयारी करने में मदद मिल रही है। टी20 विश्व की शुरुआत सात फरवरी से होगी जबकि इसका फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर पोलाक का हालांकि मानना है कि इस तरह की पिचों को देखते हुए 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में होने वाले इस टूर्नामेंट की पिच तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। पोलाक ने कहा, उस चरण में पिचें बिल्कुल अलग होंगी। आपके पास उन्हें तैयार करने के लिए अधिक समय है।

मुझे कोई चिंता नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के लिए 800 से अधिक विकेट और सात हजार से अधिक रन बनाने वाले पोलॉक को खुशी है कि उनकी टीम टॉस हार गई क्योंकि उनकी टीम भी पहले बल्लेबाजी करना चाहती थी। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हम खुशकिस्मत थे कि हमने टॉस नहीं जीता क्योंकि हमारे खिलाड़ी भी पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। मुझे लगता है कि यह एक धीमी सतह थी, गेंद थोड़ी पुरानी हो गई थी जिससे रन बनाना थोड़ा और मुश्किल हो गया। पोलाक ने कहा कि वह इस बात से काफी प्रभावित हैं कि एक समय 200 से अधिक रन बनाने की स्थिति में दिख रही सनराइजर्स की टीम को उन्होंने बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस बात ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया वह यह है कि हम ऐसी स्थिति में थे जहां लग रहा था कि वे 200 रन बना लेंगे। पोलाक ने कहा, लुंगी (एनगिडी) को चोट लगी थी। गेंद बल्लेबाज पर आ रही थी जिससे गिडियोन पीटर्स काफी महंगे साबित हुए। मुझे लगता है कि सबसे प्रभावशाली बात यह थी कि दूसरे खिलाड़ियों ने कैसे जिम्मेदारी संभाली। ब्राइस पार्सन्स ने तीन ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट चटकाए। प्रिटोरिया कैपिटल्स के सहायक कोच ने कहा, उसने (पार्सन्स) ने टूर्नामेंट में अधिक गेंदबाजी नहीं की है लेकिन उसने मैच का रुख बदल दिया। उसका स्पैल शानदार था।

## तिलोत्तमा ने 10 मी एयर राइफल ट्रायल्स में शीर्ष स्थान पर, माने व सिद्धू भी जीते

नयी दिल्ली। शानदार फॉर्म में चल रही निशानेबाज तिलोत्तमा सेन ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय ट्रायल्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के टी। फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया। रेलवे के शाहू तुषार माने ने पुरुषों की स्पर्धा में जीत हासिल की जबकि विजयवीर सिद्धू ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी2 में शीर्ष स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा ने इस हफ्ते की शुरुआत में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने फाइनल में संयम दिखाया। जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन तिलोत्तमा 630.8 के स्कोर के साथ आठवें और आखिरी क्वालीफायर के रूप में फाइनल में पहुंची थीं लेकिन 253.4 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं।

रेलवे की निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर फाइनल में 252.8 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। मध्य प्रदेश की नूपुर कुमरावत ने 230.5 (631.2) के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुषों में 253.9 के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि हरियाणा के अर्शदीप सिंह दूसरे और महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने तीसरे स्थान पर रहे। रेलवे के ओलंपियन अर्जुन बबूता क्वालिफिकेशन में 635.1 के साथ शीर्ष पर रहे थे लेकिन फाइनल में इस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए और 166.4 के साथ छठे स्थान पर रहे। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुषों के टी2 फाइनल में 31 हिट लगाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय चैंपियन सूरज शर्मा



फाइनल में 29 हिट लगाने के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पंजाब के उदयवीर सिद्धू ने फाइनल में 25 हिट लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी का जादूगर है : सुनील गावस्कर

नागपुर। बल्लेबाजी के दिग्गज सुनील गावस्कर ने वरुण चक्रवर्ती को गेंदबाजी का जादूगर करार दिया क्योंकि यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी चालाकी और अनोखी विविधताओं से बल्लेबाजों को लगातार चकमा दे रहा है। बुधवार को यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में चक्रवर्ती ने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिए।

गावस्कर ने जिओहॉटस्टार से कहा, वरुण थोड़ा लय से बाहर लग रहा था, लेकिन यह समझ में आता है। उसने दो विकेट लिए और जब बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे तब भी उसकी इकॉनमी रेट काफी अच्छी थी।

## संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन: युकी मिश्रित युगल के पहले दौर में बाहर

मेलबर्न। भारत के युकी भांबरी और उनकी अमेरिकी साथी निकोल मेलिचर-मार्टिनेज गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के पहले दौर में जर्मनी के टिम पुट्ज़ और चीन की झांग शुआई की जोड़ी से हार गए। भांबरी और मेलिचर-मार्टिनेज को पुट्ज़ और शुआई की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-3,1-6 (10-6) से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भांबरी का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि वह पुरुष युगल स्पर्धा में मुकाबले में बने हुए हैं। युकी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को पुरुष युगल के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से पराजित किया था।

### महाराष्ट्र केसरी ने यूपी डोमिनेटर्स को हराया

नोएडा। हर्षिता मोर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महाराष्ट्र केसरी ने प्रो रेसलिंग लीग के मैच में यूपी डॉमिनेटर्स पर 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में हर्षिता का विषम परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी चार अंकों और 14 मुकाबलों में जीत से अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इस करीबी हार के बावजूद यूपी डॉमिनेटर्स चार अंकों और 16 मुकाबलों में जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। हर्षिता मोर को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि यूपी डॉमिनेटर्स की अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

### लिवरपूल का चैंपियंस लीग में शानदार प्रदर्शन

मैनचेस्टर। इंग्लिश प्रीमियर लीग की टीमें चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और इंग्लैंड के शीर्ष पांच क्लब अंतिम 16 में पहुंचने की स्थिति में हैं। आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसने पहले ही अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि बुधवार को लिवरपूल, न्यूकैसल और चेल्सी की जीत ने उन्हें लीग चरण का एक मैच शेष रहते हुए अगले दौर में स्वतः जगह बनाने की स्थिति में पहुंचा दिया है। टॉटनहम पांचवें स्थान पर है, जबकि मैनचेस्टर सिटी प्लेऑफ में जगह बनाने की स्थिति में है। मार्सिले में 3-0 से जीत के बाद लिवरपूल चौथे स्थान पर है।

## केआईडब्ल्यूजी : तमिलनाडु व मध्यप्रदेश ने जीते स्वर्ण, हरियाणा तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी



लेह। तमिलनाडु के अविक्षित विजय विश्वनाथ और मध्य प्रदेश की उद्रेका सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) के तीसरे दिन पुरुष और महिला 500 मीटर दौड़ में में स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा ने हालांकि पदक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उत्तराखंड, केरल, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश एक-एक स्वर्ण के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर है जबकि मेजबान लद्दाख दो रजत और दो कांस्य के साथ छठे स्थान पर है। उन्नीस वर्षीय अविक्षित ने 43.48 सेकंड का समय लेकर अपने पिछले साल के शीतकालीन खेलों के स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। वहीं 15 साल की उद्रेका ने भी प्रभावित किया। उद्रेका (53.94 सेकंड) ने स्थानीय दावेदार स्कार्मा त्सुलटिम (54.21 सेकंड) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण अपने नाम किया। लद्दाख की तस्निया शमीम (57.41 सेकंड) ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। आंध्र प्रदेश के डंडा चंद्र मौली (43.97 सेकंड) ने रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक के हर्षित बीटी (44.13 सेकंड) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। आइस हॉकी में सेना ने ग्रुप ए में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश को 5-1 से हराने वाली इस टीम ने चंडीगढ़ को 10-1 से मात दी। महिलाओं की प्रतियोगिता में लद्दाख और आईटीबीपी ने क्रमशः चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश को जोरदार जीत के साथ हराकर फाइनल मुकाबले की राह पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। लद्दाख की महिलाओं ने अपने पहले मैच में हरियाणा को 7-1से मात दी थी।

## पूर्व डिफेंडर इलियास पाशा का निधन एआईएफएफ ने शोक व्यक्त किया

नयी दिल्ली। भारत और ईस्ट बंगाल के पूर्व डिफेंडर इलियास पाशा का बृहस्पतिवार को यहां लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और दो बेटे हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पाशा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पाशा का नाम कर्नाटक के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार है। समर्पित और मृदुभाषी खिलाड़ी पाशा ने डिफेंस में अपना दबदबा कायम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाशा ने 27 जनवरी 1987 को कोझिकोड में नेहरू कप के दौरान बुल्गारिया के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया। उन्होंने कुल आठ अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले और 1987 तथा 1991 के नेहरू कप, 1991 सैफ खेलों और 1992 एशियाई कप क्वालीफायर्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पाशा ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत उत्तर बेंगलुरु के वायलिकावल स्थित विनायका फुटबॉल क्लब से की। उन्हें लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते 1980 के दशक के मध्य में इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज (आईटीआई) का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उन्होंने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायम की।

## सिंधू व लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी

जकार्ता। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया। विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य के सामने थाईलैंड की उभरती प्रतिभा पनीचाफोन टीरारत्सकुल की चुनौती होगी। टीरारत्सकुल ने पेरिस में कांस्य पदक जीतने वाली मलेशिया की ली जी जिया को हराया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी।

सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है। भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखा सके और प्री-क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से 11-21 10-21 से हार गए।

## झारखंड ने बनाए एक विकेट पर 279 रन

लखनऊ। युवा सलामी बल्लेबाज शरणदीप सिंह के दूसरे प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत झारखंड ने बृहस्पतिवार को यहां ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन स्टंप तक उत्तर प्रदेश के खिलाफ 86 ओवर में एक विकेट पर 279 रन बना लिए। पहले दिन का खेल खत्म होने पर शरणदीप 269 गेंद में 128 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ आर्यमन सेन मौजूद थे जो 126 गेंद में 64 रन बना चुके हैं। उत्तर प्रदेश के कप्तान आर्यन जुयाल ने टॉस जीतकर मेहमान टीम को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। शरणदीप के सलामी जोड़ीदार शिखर मोहन ने भी अच्छा खेलते हुए 123 गेंद में 78 रन बनाए। झारखंड अंक तालिका में तीसरे और उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर है। झारखंड ने अच्छी शुरुआत की। शरणदीप और शिखर की जोड़ी अच्छी लय में दिख रही थी।

## ग्रैंडस्लैम में जोकोविच व सिनर भी जीते

एजेंसी



मेलबर्न। रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर भी आगे बढ़ने में सफल रहे। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है।

इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है। इसके कुछ ही समय बाद सिनर ने जेम्स डकवर्थ पर दो घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखी। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया। वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है।

उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है। तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने मैरी बोजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया जबकि मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए रात्रि मैच का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसमें नाओमी ओसाका ने सोराना सिर्स्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की। कीज़ ने कहा मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छी शुरुआत की और एशलिन ने थोड़ी धीमी शुरुआत की। मुझे पूरी उम्मीद थी कि वह अपने खेल का स्तर बढ़ाएगी और उसने ऐसा किया भी लेकिन मैंने वापसी के लिए अपनी तरफ से पुरजोर कोशिश जारी रखी और आखिर में उसमें सफल रही। कीज़ का अगला मुकाबला कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने इंडोनेशिया की जेनिस ट्जेन को 6-4, 6-4 से हराया। अमेरिका की खिलाड़ियों के बीच खेले गए एक अन्य मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मैककार्टनी केसलर को 6-0 6-2 से हराया जबकि विश्व में चौथे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-1, 6-4 से पराजित किया।

### बंगाल के चार विकेट पर 340 रन

कल्याणी (पश्चिम बंगाल)। अनुभवी बल्लेबाज सुदीप चटर्जी ने नाबाद शतक जड़कर बंगाल को बृहस्पतिवार को यहां ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन सेना के खिलाफ स्टंप तक चार विकेट पर 340 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

चोट से वापसी करते हुए इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 226 गेंद की अपनी नाबाद पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार 81 रन (152 गेंद) बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े जिससे सेना बैकफुट पर आ गई। सुदीप के लिए यह उनका 14वां प्रथम श्रेणी शतक था। सलामी जोड़ी बिना किसी परेशानी के खेल रही थी, तभी अभिमन्यु के रन आउट होने से यह भागीदारी खत्म हो गई।

### साइना की उपलब्धि पदकों से कहीं ऊपर : तेंदुलकर

नयी दिल्ली। महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने पूर्व विश्व नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की तारीफ करते हुए कहा कि आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता समय के साथ बनती है और उसकी विरासत केवल पदकों तक सीमित नहीं है। साइना ने पिछले दो साल से घुटने की चोट से परेशान रहने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि उनका शरीर अब उच्च स्तरीय खेल की जरूरतों को सहन नहीं कर सकता। हैदराबाद की इस 35 साल की खिलाड़ी ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2023 में सिंगापुर ओपन में अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच खेला था।

## विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

एजेंसी

रायपुर। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी। वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे।

**सैमसन और किशन पर रहेगी नजर**

सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा। श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी। कवर पर कैच आउट होने से पहले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी संक्षिप्त पारी में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत के अधिकतर खिलाड़ी शुरू में ही हर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाने की कोशिश में पूरी ताकत से बल्लेबाजी करते हैं। किशन भी इसी निडर रवैये को जारी रखेंगे और उम्मीद कर सकते हैं कि इसका उन्हें फायदा मिले।

आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए, इसके बावजूद टीम के प्रदर्शन ने विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को खतरनाक संकेत दिए हैं, जहां भारत मौजूदा चैंपियन के रूप में उतर रहा है। अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है। निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति में भी गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित नजर आता है।

अगर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या पावरप्ले में विकेट लेते रहते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले के बाद तीन




ओवरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे टीम को बीच के ओवरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा। भारत ने नागपुर में बड़ा स्कोर बनाया था जिससे वह ओस का प्रभाव कम करने में सफल रहा। यहां भी ओस पड़ने की संभावना है और कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं होगा, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले महीने दिखाया था, जब उन्होंने एक वनडे मैच में भारत के खिलाफ 359 रन का पीछा काफी आसानी से कर लिया था। न्यूजीलैंड जानता है कि गेंदबाजी के मोर्चे पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं था लेकिन उसकी टीम जल्द ही संभल जाती है।

# एआई में अहम भूमिका निभायेगा भारत

## भारत आर्थिक क्षेत्र के सभी साझेदारों के लिए खुला, वैश्विक कर्ज चिंताओं को लेकर सतर्कः वैष्णव

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने आर्थिक परिदृश्य के सभी क्षेत्रों में साझेदारी के लिए अपनी स्पष्ट इच्छा जाहिर की है और वैश्विक कर्ज से जुड़ी चिंताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। वैष्णव ने कहा कि यहां मौजूद सभी 10 राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए सहकारी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद के मंत्र के अनुरूप अपनी संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। वैष्णव ने कहा कि एआई बदलाव की यात्रा लंबी है और इसमें भारत अहम भूमिका निभाएगा। यहां भारत का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था को किस तरह बदला और (क्षेत्रों के लिए) खोला है। इस बार का संदेश है कि भारत के साथ साझेदारी करें और भविष्य से जुड़ें। मंत्री ने कहा कि भारत ने दुनिया को यह भी बताया है कि वह नए विचारों के लिए भी खुला है।

उन्होंने कहा, चाहे सेमीकंडक्टर उद्योग हो, कृत्रिम मेधा (एआई) हो, विनिर्माण हो, हरित ऊर्जा हो या कोई अन्य क्षेत्र...हम हर जगह दुनिया के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। यहां 10 राज्यों की भागीदारी पर उन्होंने कहा, सभी राज्य मेहनत कर रहे हैं और जब राज्य विकास करते हैं तो देश अपने आप विकसित होता है।



प्रधानमंत्री मोदी का राज्य स्तर का अनुभव अब पूरे देश को लाभ पहुंचा रहा है। अमीर देशों में बढ़ते कर्ज को लेकर भारत की चिंता को लेकर किए सवाल पर वैष्णव ने कहा कि अपनी व्यापक आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति को देखते हुए भारत उन कुछ देशों में शामिल है जिनका कर्ज स्तर कम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 57 प्रतिशत है जबकि सभी राज्यों को मिलाकर कुल स्तर पर यह अधिकतम 84-85 प्रतिशत तक जाता है। यह विकसित देशों के मुकाबले अब भी कम है जहां यह 120 प्रतिशत, 160 प्रतिशत और कुछ मामलों में 250-280 प्रतिशत तक है। वैष्णव ने कहा कि कर्ज के ये उंचे स्तर स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं। मंत्री ने कहा, जब कर्ज के ये पहाड़ ढहेंगे, तब यह समझना जरूरी होगा कि भारत जैसे देशों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि भारत ने जानबूझकर अपने डॉलर कर्ज को कम रखा है और देश का कर्ज मुख्य रूप से रुपये में ही है। वैष्णव ने कहा,' डॉलर या विदेशी मुद्रा में कर्ज कम रखकर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती बढ़ती है। यह भारत को इस जोखिम से मुक्त करने का एक सचेत प्रयास है। इस बीच, क्रिकेट की उपमा देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का परिवर्तन पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला जैसा है और अभी तो पहले मैच का पहला दिन ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एआई की सभी पांच परतों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और अंतिम अनुप्रयोग परत में नेतृत्व की स्थिति हासिल करेगा। एआई खाके की पांच परतों में ऊर्जा एवं बिजली उत्पादन, चिप व कंप्यूटिंग अवसंरचना, क्लाउड डेटा सेंटर, एआई मॉडल तथा अनुप्रयोग (एप्लिकेशन) शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि भारत मध्यम परत में कुछ वास्तव में बेहतरीन संप्रभु मॉडल विकसित करेगा और बहुत जल्द चिप क्षेत्र में भी नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में पहले ही 70 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश देखने को मिल रहे हैं। अगले महीने होने वाले इंडिया एआई शिखर सम्मेलन तक इसके 150 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

# स्मृति ईरानी की अगुवाई वाले गठबंधन ने दावोस बैठक में 20 लाख डॉलर जुटाये

दावोस। भारत में महिला उद्यमियों के लिए 10 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की योजना पर काम कर रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में महज दो दिनों के भीतर 20 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जुटा ली है।

यह कोष देशभर की महिला-स्वामित्व वाली एक लाख लघु इकाइयों को सहयोग देने के लिए प्रस्तावित है। स्विट्जरलैंड के दावोस में जारी इस बैठक के दौरान ईरानी ने बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में उन्हें 2024 में दावोस में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का अवसर मिला था। उसी साल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और गेट्स फाउंडेशन की साझेदारी में वैश्विक भलाई के लिए गठबंधन- स्त्री-पुरूष समता एवं समानता की शुरुआत



की गई थी, जिसमें डब्ल्यूईएफ भी नेटवर्क साझेदार है। इस गठबंधन की संस्थापक और चेयरपर्सन के तौर पर लगातार दूसरे साल डब्ल्यूईएफ बैठक में भाग ले रहीं ईरानी ने कहा कि दावोस में स्त्री-पुरूष समानता, समान अवसर और न्याय के मुद्दों को सामने लाने का मकसद यह था कि ये विषय केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी सार्थक हों। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों में गठबंधन ने 21,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों से संवाद किया है और भारतीय विनिर्माण से जुड़े ऐसे मॉडल विकसित करने में मदद की हैं, जिन्हें खासकर महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक स्तर पर अपनाया जा सकता है। ईरानी ने बताया कि यह गठबंधन मातृ मृत्यु दर को कम करने जैसे क्षेत्रों में भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जोर छोटे कारोबारों, विशेषकर महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने पर है। इसी के तहत स्पार्क नामक एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो देश के करीब 300 शहरों में लागू किया जा रहा है जिसका लक्ष्य महिला-स्वामित्व वाले एक लाख छोटे व्यवसायों को सहयोग देना है। ईरानी ने कहा कि इस पहल के लिए वाणिज्यिक पूंजी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है और 10 करोड़ डॉलर का कोष स्थापित करने की योजना है।

## संक्षेप

### डेरी उत्पादकों के लिए चारे पर सब्सिडी बढ़ाये केरल सरकार

वायनाड। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने केरल सरकार से डेरी उत्पादकों के लिए चारे पर सब्सिडी की अधिकतम सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा दर पूरी तरह से अपर्याप्त है। कांग्रेस पार्टी ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र की सांसद ने केरल की पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री जे चिंचू रानी को एक पत्र लिखकर यह मांग उठाई है। अपने पत्र में प्रियंका ने बताया है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के डेरी उत्पादक किसान पशुओं के चारे की बढ़ती लागत के कारण गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कुछ अध्ययनों के अनुसार दूध उत्पादन की लागत का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा चारे की लागत से संबंधित है। कांग्रेस की नेता ने कहा है कि चारे के उत्पादन में भारी कमी के साथ-साथ खेती की उच्च लागत ने डेयरी उत्पादकों की स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। प्रियंका ने कहा, वायनाड जिले में अकेले।,800 हेक्टेयर भूमि पर ही चारे की खेती होती है। कुछ अनुमानों के अनुसार, स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए जिले में 3,000 हेक्टेयर भूमि पर चारे की खेती करने की आवश्यकता है। केरल के डेरी उत्पादक किसान पड़ोसी राज्यों से प्राप्त चारे पर निर्भर हैं।

# अमित शाह ने डोडा में सड़क हादसे में जवानों की मौत पर दुख जताया

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे को गहरा दुख व्यक्त किया, जिसमें सेना के 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस हादसे से बेहद आहत हैं और इसमें मारे गए जवानों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। गृह मंत्री ने लिखा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, घायल जवानों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ईश्वर से कामना है कि ये सभी जवान जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। डोडा जिले में बृहस्पतिवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह हादसा भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर लगभग 9,000 फुट की उंचाई पर स्थित खन्नी टॉप के पास उस समय हुआ, जब सेना के बुलेटप्रूफ वाहन कैस्पर में सवार जवान एक चौकी की ओर जा रहे थे।

# ट्रंप ने शांति बोर्ड का किया अनावरण

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में स्थायी शांति स्थापित करने और संभवतः वैश्विक संघर्षों का समाधान करने की दिशा में काम करने के लिए प्रस्तावित शांति बोर्ड का बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में औपचारिक रूप से अनावरण किया, लेकिन भारत इस मौके पर अनुपस्थित रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन कई वैश्विक नेताओं में शामिल थे जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के तहत घोषित बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। भारत के





अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई अन्य प्रमुख देश भी न्योते के बावजूद शांति बोर्ड के अनावरण समारोह से नदारद रहे। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस स्थित पहाड़ी रिसॉर्ट में आयोजित वार्षिक विश्व आर्थिक मंच(डब्ल्यूईएफ) के इतर इस समारोह की मेजबानी की। ट्रंप ने अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए इस बोर्ड को दुनिया के लिए एक बेहद अनोखी पहल बताया। उन्होंने बोर्ड के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में कहा, यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि अन्य जगहों पर भी युद्धों को सुलझाने में मदद कर सकता है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ किस प्रकार सहयोग करेगा। पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को ट्रंप के निमंत्रण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। भारत इस पहल के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहा है क्योंकि इसमें कई संवेदनशील मुद्दे शामिल हैं।

# जेलेंस्की से मुलाकात के बाद डोनाल्ड ट्रंप का पुतिन को संदेश, युद्ध को खत्म करना होगा

एजेंसी

दावोस। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक अच्छी रही और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनका संदेश है कि युद्ध समाप्त होना चाहिए।

स्विट्जरलैंड के रिजॉर्ट शहर दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौटने से पहले ट्रंप ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज या कल पुतिन से मुलाकात करेगा।

उन्होंने कहा कि मेरी मुलाकात राष्ट्रपति जेलेंस्की से यहां हुई। बैठक अच्छी रही। हम (अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल) आज या कल राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति से जब सवाल किया गया कि पुतिन के लिए उनका क्या संदेश है तो उन्होंने कहा, युद्ध को समाप्त करना होगा। बहुत से लोग मारे गए हैं।

# महाशक्तियों के लिए यह साथ आने का अवसर : मर्ज

## जर्मन चांसलर ने भारत-ईयू समझौते पर कहा

दावोस। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित एफटीए पर हस्ताक्षर से चंद दिनों पहले जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाशक्तियों का युग संरक्षणवाद एवं अलगाववाद के बजाय नियम-आधारित व्यवस्था एवं मुक्त व्यापार का समर्थन करने वाले देशों के लिए एक अवसर है।

मर्ज ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूरोप उच्च आर्थिक वृद्धि चाहता है और इसे हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष भारत जाएंगी, जहां भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सिद्धांतों को अंतिम



रूप दिया जाएगा। मर्ज ने कहा,' एक सप्ताह पहले मैं भारत में था। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य उन देशों के लिए अवसर प्रस्तुत करता है जो मनमाने फैसलों के बजाय नियमों को प्राथमिकता देते हैं और संरक्षणवाद एवं अलगाववाद के स्थान पर मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में यूरोपीय संघ नए साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मर्ज ने मेक्सिको एवं इंडोनेशिया के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने के प्रयासों का भी उल्लेख किया। इससे पहले मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन ने कहा था कि यूरोपीय संघ भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के करीब है, जिसे सबसे महत्वपूर्ण समझौता कहा जा रहा है। उन्होंने कहा था कि यह समझौता करीब दो अरब लोगों का बाजार तैयार करेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-चौथाई होगा। लिएन के साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा 25 से 27 जनवरी तक भारत दौरे पर रहेंगे। वे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगे। भारत-यूरोपीय संघ के 27 जनवरी को होने वाले शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की जा सकती है।

# कर्नाटक के राज्यपाल के पक्ष में आयी भाजपा कांग्रेस पर सदन के दुरुपयोग का आरोप

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने बृहस्पतिवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत के उस फैसले का जोरदार बचाव किया जिसके तहत उन्होंने विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के दौरान सरकार द्वारा तैयार भाषण पूरा नहीं पढ़ने का निर्णय लिया। विजयेंद्र ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर केंद्र के खिलाफ जन असंतोष भड़काने के लिए सदन के पटल का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से राज्यपाल पर हमला करने की कोशिश करने वाले सत्तारूढ़ दल के विधायकों और विधानपरिषद सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने भी गहलोत का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने राज्यपाल और संविधान का अपमान करके विशेष सत्र को काला दिन बना दिया। अशोक ने कहा कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर को पत्र लिखकर राज्यपाल के प्रस्थान के दौरान दुर्व्यवहार करने वाले विधानसभा और विधानपरिषद के सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई की मांग की है। महामहिम राज्यपाल ने आज जो किया वह सही है। उन्होंने सही निर्णय लिया है। उन्होंने अपना कर्तव्य निभाया है, जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा राज्यपाल का अपमान करना उचित नहीं है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों और विधानपरिषद सदस्यों द्वारा महामहिम पर हमला करने का प्रयास पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसलिए, मैं मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से सत्तारूढ़ विधायकों और विधानपरिषद सदस्यों के रवैये के लिए माफी मांगने की मांग करता हूं।

## इंटरटेनमेंट...

# 'ओ रोमियो' के लॉन्च में नाराज हुए नाना पाटेकर

**मुंबई।** बुधवार को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। सीनियर एक्टर नाना पाटेकर भी फिल्म का हिस्सा हैं। वो भी ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे, हालांकि जब लीड एक्टर्स शाहिद और तृप्ति ने आने में देर कर दी तो नाना पाटेकर नाराज होकर इवेंट से निकल गए।





एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेलर लॉन्च इवेंट बुधवार दोपहर 12 बजे शुरू होना था। नाना पाटेकर समय के पाबंद हैं। वो ठीक 12 बजे तैयार होकर इवेंट में पहुंच गए थे, हालांकि शाहिद कपूर और तृप्ति नहीं पहुंचे थे। नाना पाटेकर ने करीब एक घंटे तक इवेंट शुरू होने का इंतजार किया, लेकिन जब लीड स्टार्स तब भी नहीं पहुंचे तो नाना पाटेकर गुस्से में इवेंट छोड़कर निकल गए। नाना पाटेकर का इवेंट से निकलते हुए एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें फिल्म की टीम उन्हें रोकती नजर आ रही है, हालांकि एक्टर गुस्से में बार-बार घड़ी दिखाते हुए समय का हवाला देते हुए दिखे हैं। फिल्म के डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने नाना पाटेकर की नाराजगी पर रिएक्शन दिया है।

उन्होंने इवेंट में नाना पाटेकर पर कहा, 'नाना यहां से चले गए हैं, लेकिन उनके लिए बोलना चाहिए। नाना जो हैं, जैसे स्कूल में बदमाश बच्चा होता है न जो सबका मजाक उड़ाता है, जो सबसे ज्यादा एंटरटेन करता है और जिसके साथ सब रहना चाहते हैं, नाना के अंदर वो है। 27 साल की दोस्ती है हमारी और पहली बार साथ में काम किया है। अगर वो होते तो बहुत अच्छा होता, लेकिन वो अपने सिग्नेचर स्टाइल में उठे कि 'एक घंटा मुझे वेट करवाया, मैं जा रहा हूं' और हमें कुछ बुरा नहीं लगा, क्योंकि हम जानते हैं कि यही वो चीज है, जो उन्हें नाना पाटेकर बनाती है।' फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को पड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है।

❍ डायरेक्टर विशाल भारद्वाज बोले वे बदमाश बच्चे की तरह हैं

# सलमान खान को मिला दिल्ली हाईकोर्ट से नोटिस

मुंबई। एक्टर सलमान खान को दिल्ली हाई कोर्ट से नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस चीन की एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) बेस्ड वॉयस-जेनरेशन प्लेटफॉर्म द्वारा दायर याचिका के बाद भेजा गया है। कंपनी ने कोर्ट के उस अंतरिम आदेश को चुनौती दी है, जिसमें सलमान खान के पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की सुरक्षा की गई थी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 दिसंबर 2025 को सलमान खान के पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षित करने का अंतरिम आदेश पारित किया था, जिसके तहत सलमान खान के नाम, तस्वीर, आवाज, शक्ल-सूरत और उनकी सार्वजनिक पहचान से जुड़ी अन्य चीजों के बिना अनुमति इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। यह रोक



डिजिटल और कमर्शियल दोनों प्लेटफॉर्म्स पर लागू की गई थी। यह आदेश सलमान खान द्वारा कोर्ट का रुख करने के बाद दिया गया था। एक्टर ने कोर्ट में याचिका दायर कर शिकायत की थी कि उनकी पहचान का गलत इस्तेमाल अक से बनाई गई आवाजों, डीपफेक वीडियो, फर्जी विज्ञापनों और बिना अनुमति बेचे जा रहे मर्चेंडाइज के जरिए किया जा रहा है।

# राम गोपाल वर्मा ने विवादित बयान पर दी सफाई

**मुंबई।** एआर रहमान उस बयान से विवादों में हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि कम्युनल वजहों से उन्हें बॉलीवुड में 8 सालों से काम नहीं मिला। उनके बयान की जमकर आलोचना हुई, जिसके बाद कई लोग उनके सपोर्ट और कई उनके खिलाफ उतर आए हैं। इसी बीच रामगोपाल वर्मा का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो गया, जिसमें दावा किया गया कि ऑस्कर दिलाने वाला गाना जय हो, एआर रहमान नहीं बल्कि सुखविंदर ने कंपोज किया था। अब राम गोपाल वर्मा ने इन दावों पर सफाई दी है। राम गोपाल वर्मा ने ऑफिशियल (पहले ट्विटर) पर लिखा है, 'सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि 'जय हो' गाने को लेकर मेरी बातों को गलत समझा गया है। मेरे लिए एआर रहमान सबसे बेहतरीन संगीतकार हैं और बहुत अच्छे इंसान भी हैं। वह कभी किसी का श्रेय नहीं छीनते। उम्मीद है कि इससे इस मामले को लेकर फैली गलतफहमियां और नकारात्मक बातें खत्म होंगी।' राम गोपाल वर्मा ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि एआर रहमान, सुभाष घई के लिए फिल्म युवराज का गाना कंपोज कर रहे थे। उन्हें गाना देने में देरी हो रही थी।

❍ एआर रहमान ने कंपोज नहीं किया जय हो गाना

# कोलंबिया के 52 साल के गृहयुद्ध-अहिंसा की घटना पर मूवी



मुंबई। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने ने 20 जनवरी को मुंबई में आर्ट ऑफ लिविंग के गुरुदेव श्री श्री रविशंकर से गहन चिंतन भरी मुलाकात की। निमार्ता महावीर जैन संग ये बैठक उनकी नई अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर 'व्हाइट' पर केंद्रित रही, जिसे कोलंबिया के 52 साल के गृहयुद्ध-अहिंसा की सच्ची कहानी से प्रेरणा मिली है। इस मौके पर सिद्धार्थ आनंद ने कहा व्हाइट कई मायनों में भारत की गौरव गाथा है। आज दुनिया बंटी हुई है, ये फिल्म बताएगी कि भारतीय मूल्य-दर्शन कैसे शांति का रास्ता दिखा सकते हैं। गुरुदेव की मौजूदगी को 'आत्मिक शक्ति' बताते हुए बोले, उनके साथ बैठना संतुलन देता है।

❍ डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने 'व्हाइट' को बताया भारत की गौरव गाथा, शांति का संदेश देगी फिल्म

व्हाइट भी यही शांति का संदेश देगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विक्रांत मैसी और एक अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की टीम से सजी व्हाइट कोलंबिया में 52 वर्षों तक चले गृह संघर्ष और उसके अहिंसा व शांति के माध्यम से ऐतिहासिक समाधान की सच्ची कहानी से प्रेरित है। इस फिल्म को मोंटू बस्सी ने निर्देशित किया है। कोलंबिया और भारत में गहन शूटिंग शेड्यूल पूरे करने के बाद व्हाइट को एक ऐसी ऐतिहासिक फिल्म माना जा रहा है, जो वैश्विक दर्शकों के सामने भारत के दार्शनिक नेतृत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगी।





Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com